सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 21.0 न्यू | 30.6 अधि |
| धर्मशाला | 25.0 न्यू | 37.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76810.90 |
| निफ्टी | 23398.90 |
| सोना 72,160 | चांदी 90,749 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



बर्थडे पर 'कल्कि' से सामने आया दिशा पटानी का फर्स्ट लुक

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 14 जून, 2024 | 1 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 177, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ..तो फिर हमीरपुर उपचुनाव की जंग आशीष बनाम बिट्टू! -पेज 3
- सुंदरनगर में दुष्कर्म के आरोपी ने हवालात में निगला जहर, मौत -पेज 9
- विकास खंड बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय संघ की अध्यक्ष बनी -पेज 10
- महाभारत काल से जुड़ा है बाड़ीधार मेले का इतिहास -पेज 12
- प्रणय ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम-16 में -पेज 13


### टी-20 विश्व कप आज के मैच

अफगानिस्तान vs पापुआ न्यू गिनी
स्थानः त्रिनिदाद, समय : सुबह 6:00 बजे

अमेरिका vs आयरलैंड
स्थानः लॉडरहिल, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए




**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर के सभी चारों द्वार फिर से खोल दिए हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की मौजूदगी में द्वार खोले गए हैं। मुख्यमंत्री माझी, दोनों उपमुख्यमंत्री व पार्टी नेताओं ने पहले भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और 'मंगल अलाती' रस्म के बाद चारों द्वारों को फिर से खोल दिया गया। उन्होंने मंदिर परिसर की 'परिक्रमा' भी की।

### श्रीनगर में 20 जून को योग करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवस को लेकर एक्स पर लिखा है कि 'अब से 10 दिन बाद, दुनिया योग के 10वें अंतरराष्ट्रीय दिवस को मनाएगी, जो एकता और सद्भाव वाली एक शाश्वत प्रथा है। योग ने सांस्कृतिक, भौगोलिक सीमाओं को पार कर समग्र कल्याण की खोज में दुनिया में लाखों को एकजुट किया है।

### इंडोनेशिया में लगे भूकंप के झटके, 5.9 रही तीव्रता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत के तट पर वीरवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र तालुद द्वीप समूह के 41 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में समुद्र तल से 32 किलोमीटर की गहराई में था।

### आतिशी ने जेल में बंद केजरीवाल से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी और 'आप' नेता राघव चड्ढा ने वीरवार को सीएम अरविंद केजरीवाल से तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल से दिल्ली में बिजली और पानी की स्थिति को लेकर भी चर्चा हुई है। विधायकों को अपने इलाकों में जाकर समस्या का समाधान करने की केजरीवाल ने हिदायत दी है।

### येदियुरप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो मामले में बेंगलुरु की एक अदालत ने वीरवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पूर्व सीएम के खिलाफ नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला 2 फरवरी को बेंगलुरु का है।

## अनंत व्यंग्य




# ग्रेस मार्क्स वालों को फिर देनी होगी परीक्षा

## सुप्रीम कोर्ट का नीट काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार, एनटीए ने वापस लिया ग्रेस मार्क्स देने का निर्णय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नीट** परीक्षा को लेकर वीरवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने नीट काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 के 1,563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स देने का निर्णय वापस ले लिया है। ऐसे उम्मीदवारों को 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। इसके नतीजे 30 जून को आएंगे।

एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी। अब छात्रों के पास विकल्प होगा कि वे फिर से परीक्षा देना चाहते हैं या बिना ग्रेस मार्क्स के काउंसिलिंग में शामिल होना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गड़बड़ी के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को रद्द करने की मांग करने वाली याचिकाओं सहित सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। सरकार-एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1,563 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई, जिन्हें नीट-यूजी में शामिल होने के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए 'ग्रेस मार्क्स' की समीक्षा का जिम्मा दिया गया। समिति ने उम्मीदवारों के स्कोर कार्ड रद्द करने का फैसला लिया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। इन छात्रों को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका फिजिक्स वाला के सीईओ अलख पांडे ने दायर की थी। अलख पांडे ने दावा किया था कि एनटीए का ग्रेस मार्क्स देने का फैसला मनमाना था। 20,000 छात्रों की पटीशन सुप्रीम कोर्ट में फाइल की है। दूसरी याचिका एसआईओ के सदस्य अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और डॉ. शेख रोशन मोहिद्दीन ने दायर की थी, जिसमें नीट-यूजी 2024 के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने ग्रेस मार्क्स देने में एनटीए की मनमानी का आरोप लगाया, जिसमें बताया गया कि 720 में से 718 और 719 अंक मिलना नामुमकिन है। तीसरी याचिका नीट उम्मीदवार जरीपिति कार्तिक ने दायर की थी, जिसमें परीक्षा के दौरान लॉस ऑफ टाइम की वजह से ग्रेस मार्क्स दिए जाने पर आपत्ति जताई है।

**23 को परीक्षा, 30 जून को आएगा रिजल्ट**

**सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को होगी सुनवाई**



### एनटीए की दलील को रिकॉर्ड में लिया

**सुप्रीम** कोर्ट ने एनटीए की दलील को रिकॉर्ड में लिया कि 1563 छात्रों की फिर से परीक्षा आज ही अधिसूचित की जाएगी और इसे संभवतः 23 जून को आयोजित किया जाएगा। परिणाम 30 जून से पहले घोषित कर दिए जाएंगे, ताकि जुलाई में शुरू होने वाली काउंसिलिंग प्रभावित न हो।


### पेपर लीक होने का कोई सबूत नहीं, किसी छात्र का नुकसान नहीं होने देंगे: धर्मेंद्र



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कि नीट परीक्षा में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। एनडीए में भ्रष्टाचार नहीं मिला है। यह बहुत विश्वसनीय निकाय है। सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है और हम उनका आदेश मानेंगे।

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी छात्र को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्र बैठे। सरकार कोर्ट में जवाब देने के लिए तैयार है। इस मुद्दे पर सरकार ने शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों की एक समिति बनाई है। इस समिति की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एनटीए ने देश में तीन बड़ी परीक्षाएं नीट, जेईई और सीयूईटी सफलतापूर्वक आयोजित करवाई हैं। घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। 1563 बच्चों की दोबारा परीक्षा के लिए कोर्ट ने जो तरीका सुझाया है, उसके मुताबिक ही काम होगा और हम कोर्ट के आदेश को स्वीकार करते हैं।

**दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**




# आतंकी घटनाओं के बीच पीएम मोदी की रिव्यू मीटिंग, सुरक्षा हालात जाने

## सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से भी की बातचीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं को लेकर मीटिंग की। इसमें एनएसए अजीत डोभाल समेत सुरक्षा एजेंसियों के कई अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में पीएम मोदी को आतंकियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई। एनएसए और अन्य अधिकारियों ने पीएम को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हालात की पूरी जानकारी दी गई और उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से अवगत कराया गया।

पीएम ने हमारी आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने को कहा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बातचीत की और वहां के हालातों की जानकारी हासिल की। प्रधानमंत्री ने सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से भी बातचीत की। जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले चार दिन में चार आतंकी घटनाएं हुई हैं। इसमें 9 श्रद्धालुओं की जान चली गई। 1 जवान शहीद हुआ और 2 आतंकी मारे गए। चारों घटनाओं में 6 जवानों समेत कुल 49 लोग घायल हुए हैं।

कुपवाड़ा में शब्बीर अहमद नाम के एक ओवर ग्राउंड वर्कर को पकड़ा गया है, जो आतंकियों की मदद कर रहा था। उसके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। रियासी में हुए आतंकवादी हमले के मामले में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने को कहा**

### नागपुर में बारूद कंपनी में विस्फोट 5 मजदूरों की मौत



**नागपुर।** नागपुर के धामना स्थित चामुंडा बारूद बनाने वाली फैक्टरी में वीरवार को विस्फोट हो गया। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल, हादसे के कारणों का पता नहीं लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख मौके पर पहुंचे हैं।

### दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा-

# टैंकर माफिया के खिलाफ नहीं कर सकते कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में पानी की किल्लत को लेकर वीरवार को केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। हलफनामा में बताया कि हम टैंकर माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। हम मजबूर हैं। टैंकर माफिया दिल्ली से नहीं, बल्कि हरियाणा से संचालित होते हैं, जिसकी वजह से हमारे हाथ बंधे हुए हैं।

टैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करना हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं आता है, अगर आता तो हम अब तक उनके विरुद्ध कार्रवाई कर चुके होते। हरियाणा सरकार को बताना चाहिए कि वह दिल्ली को पानी मुहैया कराने की दिशा में क्या कुछ कदम उठा रही है?, क्योंकि यहां लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। कोर्ट को बताया कि दिल्ली जल बोर्ड ने पानी की आपूर्ति के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। यह ब्लूप्रिंट दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए तैयार किया गया है।

**हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं कार्रवाई करना**

### हिमाचल सरकार का यू-टर्न, दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने से इनकार कर दिया। हिमाचल ने कहा कि उनके पास 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। हिमाचल सरकार के यू-टर्न के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह पानी की सप्लाई के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) से अपील करें। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। हमारे पास दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच जल-बंटवारे के फॉर्मूले पर फैसला लेने की टेक्निकल एक्सपर्टीज नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ दिया है।

### जी-7 समिट के लिए पीएम मोदी इटली रवाना

# भारत-इटली के बीच गहरी होगी रणनीतिक साझेदारी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी-7 समिट में शिरकत करने के लिए वीरवार को इटली के लिए रवाना हुए। इस दौरान पीएम मोदी इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक करेंगे। भारत और इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी गहरी होने की पूरी उम्मीद है। जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी से पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल हैं।

# अजीत डोभाल तीसरी बार एनएसए और पीके मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में तीसरी बार मोदी सरकार बन चुकी है और इसके साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालयों का आवंटन भी हो चुका है। अजीत डोभाल को वीरवार को तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया है।

अजीत डोभाल को पहली बार 20 मई 2014 को देश का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया था। तब से डोभाल ही इस पद को संभाल रहे हैं। उनसे पहले शिवशंकर मेनन देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। 1968 बैच के आईपीएस अधिकारी अजीत डोभाल को कूटनीतिक सोच और काउंटर टेररिज्म का विशेषज्ञ माना जाता है। उधर, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह जिम्मेदारी पीके मिश्रा ही संभालते रहेंगे। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अजीत डोभाल और पीके मिश्रा की पुनर्नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। आईएएस (सेवानिवृत्त) पीके मिश्रा को 10 जून 2024 से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

पीके मिश्रा 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रधान सचिव के तौर पर काम कर रहे हैं। पीके मिश्रा प्रशासनिक मामले और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में नियुक्तियों का काम देखेंगे। इसके अलावा अजीत डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य मामले और इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभालेंगे।



**डोभाल 2014 से संभाल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की जिम्मेदारी**

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे 24 सरकारी स्कूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह क्षेत्र शिक्षा खंड नादौन में 24 सरकारी स्कूल आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख भारती एयरटेल फाउंडेशन करेगी। फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए 24 स्कूलों को गोद लिया है। इनमें दो माध्यमिक, सात उच्च और 15 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल शामिल हैं। गोद लिए गए स्कूलों में पढ़ाई से लेकर फर्नीचर, भवन निर्माण कार्य, आधुनिक माध्यमों से पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को आधुनिकता से जोड़ने के लिए कंप्यूटर आदि प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू के हस्तक्षेप के कारण ही भारती एयरटेल फाउंडेशन ने स्कूलों को गोद लेने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में स्कूलों को गोद लेने का कार्य शिक्षा खंड नादौन में शुरू किया गया।

**भारती एयरटेल फाउंडेशन ने गोद लिए**

### गोद लिए गए स्कूल

राजकीय माध्यमिक पाठशाला कंडरोला, जीहण, मंझेली, जिवाणी, बलोह, भरवान, मन्ह तारेटी, बूणी, धनेटा, सेरा, बल्हड़ूहक, जलाड़ी, चौड़ू, बदारण, हथोल, बरसाल, नादौन, बड़ा, दंगड़ी, रैल, जोलसप्पड़, गौना करौर, अमलैहड़ और सनाही शामिल हैं।


**मौसम** 72 घंटों में 10 जिलों में लू चलने का अलर्ट, 10 क्षेत्रों का तापमान 40 डिग्री पार

# गर्मी से न दिन को और न रात को चैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से न दिन को और न रात को चैन है। न्यूनतम तापमान चढ़ने से रात के समय भी गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है।

प्रदेश के दस जिलों में पारा 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है, तो वहीं रातें भी काफी गर्म हो गई हैं, जिससे लोगों को बेचैनी हो रही है। हमीरपुर के नेरी में न्यूनतम तापमान 29.3, देहरा 27, धर्मशाला 25, नाहन 24.9, कसौली 24.8, जुब्बलहड्डी 24.4, धौलाकुआं 23.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, मौसम विभाग शिमला ने 10 जिलों के कई भागों में लू चलने की संभावना जताई है। अगले 72 घंटों में सिरमौर, बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, ऊना में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भीषण लू की संभावना है। इन जिलों में 16 जून तक लू जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से शुक्रवार को कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। 18 व 19 जून को भी कुछ भागों में मौसम खराब रह सकता है।



शिमला के रिज मैदान में घूमते पर्यटक।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| नेरी | 44.6° |
| ऊना | 44.6° |
| धौलाकुआं | 43.2° |
| बिलासपुर | 43.1° |
| हमीरपुर | 42.5° |
| कांगड़ा | 41.8° |
| बरठीं | 41.3° |
| सुंदरनगर | 41.3° |
| चंबा | 40.9° |
| मंडी | 40.8° |
| सोलन | 36.0° |
| धर्मशाला | 37.0° |

# बद्दी-बरोटीवाला के भू-जल में कैंसर पैदा करने वाले जहरीले तत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश के बद्दी-बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र के भू-जल में कैंसर पैदा करने वाले जहरीले तत्व हैं। आईआईटी मंडी और जम्मू के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में इसका खुलासा किया है।

शोधकर्ताओं ने यहां के पानी के नमूनों का रासायनिक विश्लेषण किया। इसमें पाया कि इस इलाके के भू-जल में ऐसे प्रदूषित रसायन हैं, जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के कारण बन सकते हैं। यहां के पानी में जस्ता, सीसा, कोबाल्ट, निकेल और क्रोमियम की मात्रा पाई गई है, जो सरकार के बताई गई सुरक्षित मात्रा से कहीं ज्यादा है। ऐसा दूषित पानी पीने से लोगों को कई बीमारियां हो रही हैं। क्षेत्र के भीतर 2013 से 2018 के बीच कैंसर और किडनी की बीमारी के भी बहुत मामले सामने आए हैं। आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एंड एंवायरनमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक स्वामी और शोधकर्ता उत्सव राजपूत ने आईआईटी जम्मू के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नितिन जोशी के साथ मिलकर शोधपत्र प्रकाशित किया है। शोधपत्र प्रतिष्ठित जर्नल साइंस ऑफ द टोटल एंवायरनमेंट में प्रकाशित हुआ है।

**आईआईटी मंडी-जम्मू के शोध में खुलासा**

### फैक्टरियों का प्रदूषित पानी सेहत के लिए खतरा : डॉ. दीपक

**प्रोफेसर** डॉ. दीपक स्वामी ने बताया कि प्रदूषित भू-जल पीने से सेहत को बहुत नुकसान पहुंच सकता है। फैक्टरियों से निकलने वाले निष्कासित पानी में जस्ता, सीसा, कोबाल्ट और बेरियम जैसी धातुओं की मौजूदगी भी खतरनाक है, जो औद्योगिक स्रोतों से आती हैं। व्यस्कों के लिए सबसे ज्यादा खतरा कैंसर से है, जो मुख्य रूप से निकेल और क्रोमियम जैसी औद्योगिक धातुओं की वजह से है।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्लर में विनोद कुमार चुने एसएमसी प्रधान

**घुमारवीं।** राजकीय उच्च पाठशाला कल्लर में वीरवार को आम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पाठशाला की मुख्याध्यापिका शीला देवी ने की। आम सभा में साल 2024 से 2027 तक नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठान किया गया। इस बैठक में लगभग 50 अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में मदनलाल शर्मा द्वारा विनोद कुमार का नाम एसएमसी प्रधान पद के लिए नामित किया गया और सभी ने इसका समर्थन किया और विनोद कुमार को सर्वसम्मति से एसएमसी का प्रधान चुन लिया गया। वही, सीमित के सदस्य के रूप में अंजना कुमारी, रीना देवी, अंकिता कुमारी, वंदना कुमारी, आरती देवी, पूजा शर्मा, विवेक को चुना गया।

### 'मोटा अनाज उगाओ-मनरेगा पाओ' : गुलेरिया

**नेरवा/चौपाल।** बीडीओ कुपवी अरविंद सिंह गुलेरिया द्वारा क्षेत्र से विलुप्त हो रहे परंपरागत मोटे अनाज की कृषि के लिए किसानों को प्रेरित करने के लिए बनाई गई 'मोटा अनाज उगाओ-मनरेगा पाओ' योजना के लाभ देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने समस्त पंचायत सचिवों और प्रधानों को निर्देश दिए हैं कि जिन किसानों ने मोटे अनाज की बिजाई की है, उनके लिए मनरेगा की अतिरिक्त शेल्फ तैयार कर उनके नाम इसमें शामिल किए जाएं, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार योजना का लाभ मिल सके। किसानों की सूची तीन दिन के भीतर कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें, ताकि इन किसानों को देसी मोटे अनाज के संरक्षण के उपलक्ष्य में मनरेगा कार्य आबंटित कर प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने पंचायत सचिवों को यह भी निर्देश दिए हैं कि विकास खंड कार्यालय को प्रेषित रिपोर्ट में किसानों के सही नाम भेजना सुनिश्चित करें अन्यथा गलत नाम भेजने पर वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### प्रवक्ताओं को नियमित करने की उठाई मांग

**नेरवा/चौपाल।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लैक्चरर्स एसोसिएशन जिला शिमला इकाई ने दो वर्ष का अनुबंध सेवाकाल पूरा कर चुके प्रवक्ताओं को नियमित करने की मांग की है। इकाई पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ प्रवक्ता सितंबर 2023 में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, परंतु उन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है। आदर्श चुनाव संहिता के कारण 31 मार्च तक अपनी अनुबंध सेवा का दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके प्रवक्ता एक अप्रैल 2024 से नियमित होने थे एवं वे भी अभी नियमितिकरण की आस में बैठे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष अजय नेगी, महासचिव आकाशदीप शर्मा, मुख्य संरक्षक केदार रांटा,मुख्य सलाहकार प्रेमपाल दुल्टा आदि ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि उपरोक्त प्रवक्ताओं को एक अप्रैल 2024 की अवधि से नियमित किया जाए।

### आपदा प्रबंधन की तैयारी में जुटा प्रशासन

**नेरवा/चौपाल।** उपमंडलाधिकारी चौपाल हेमचंद वर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार में उपमंडल के अधिकारियों के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अभी से मानसून ऋतु से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि आम जन को इस दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को समय रहते वर्षा जल के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नालों एवं चैनलों आदि की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान को सभी विभागों के साथ साझा किया जाएगा ताकि समय रहते लोगों को मौसम के संदर्भ में जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपमंडल में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान की जाएगी तथा उन स्थानों पर पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध की जाएगी। उन्होंने राहत एवं बचाव के लिए होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर जरूरी सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंगदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शिमला।** सोलन के वाकनाघाट में व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन व स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान के प्रति जागरूकता शिविर व रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान के लिए आईजीएमसी की टीम मौजूद रही। वहीं सोटो टीम ने लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया और पंफ्लेट बांटकर अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। इस दौरान करीब 15 लोगों ने अंगदान का शपथ पत्र भरा। सोटो टीम ने बताया कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। अंगदान करने वाला व्यक्ति ऑर्गन के जरिए 8 लोगों का जीवन बचा सकता है। अंगदान एक महान कार्य है जो हमें मृत्यु के बाद कई जिंदगियां बचाने का अवसर देता है। कार्यक्रम में सोटो के ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर नरेश कुमार और प्रोग्राम असिस्टेंट भारती कश्यप मौजूद रही।

### भीम सिंह बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलसिंडी में विद्यालय प्रबंधन समिति की आमसभा का आयोजन अध्यक्षा ममतावली कंवर व सचिव व प्रधानाचार्य बेली राम ठाकुर की विशेष उपस्थिति में किया गया। भाषा अध्यापक मोहन लाल ने बताया कि बैठक में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में कला अध्यापक अनिल कुमार ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य बेलीराम ठाकुर ने कार्यकारिणी को भंग कर शैक्षणिक सत्र 2024-27 से तक विद्यालय प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अध्यक्ष व सभी सदस्यों का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। भीम सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सभी सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

### एबीवीपी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संजौली इकाई के द्वारा यूजी में प्रवेश लेने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गए हैं। यह नंबर संजौली महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए है। जिस पर संपर्क करके यूजी प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संजौली महाविद्यालय के अध्यक्ष कुनाल गांगटा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के हित में काम करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्रों के हितों के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति पर रहता है। इसी क्रम में छात्रों महाविद्यालय में प्रवेश लेने की बेहतर सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

### बिप्टू बने गांवसारी स्कूल में एसएमसी के अध्यक्ष

**रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गांवसारी की आम बैठक कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजीव कुमार सेगीयाण की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम पूर्व प्रबंधन समिति को भंग किया गया, उसके बाद नई प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष के लिए तीन सदस्य राय सिंह नागू, राजेश बिप्टू व निवेदिका के नाम सुझाए गए। निवेदिका ने अपना नाम वापस ले लिया और उम्मीदवारों के बीच चुनाव लड़ा गया, जिसमें राजेश बिप्टू चुनाव विजयी हुए और उन्हें एसएमसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस आम सभा में राय सिंह नागू, बबली, रीना देवी, विक्रम सिंह, विमला देवी, कुलदीप सिंह, ममता देवी, गुड्डी देवी, यशपाल, मलक राम, समीला देवी, नेगी राम व शिवराम बतौर सदस्य शामिल रहे। अध्यापक वर्ग में सुरेश नेगी, रमीला पितान, सुमेश दिलवान, अनिल गौतम, नवीन कुमार आदि में भाग लिया।

### आपदा प्रबंधन पर मेगा मॉकड्रिल आज

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में आपदा प्रबंधन के तैयारी व क्षमताओं का गहन आंकलन करने के लिए 14 जून को मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने मेगा मॉकड्रिल से पूर्व टेबल टॉप अभ्यास के लिए बुलाए गए आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में बारिश, बाढ़ भूस्खलन संबंधी मेगा मॉकड्रिल को लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़े हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला के सभी उपमंडल स्तर में निर्धारित स्थलों और संस्थानों में बारिश बाढ़ भूस्खलन से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर मॉक अभ्यास किया जाएगा जिससे जिला आपदा प्रबंधन को और पुख्ता बनाने में मदद मिलेगी।

### सुशील बने स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में विद्यालय प्रबंधन समिति की आम सभा की बैठक प्रधानाचार्य रेखा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति की पिछली कार्यकारिणी को भंग किया गया। उसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें सुशील कुमार को प्रधान बनाया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से विद्यालय की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बलवान, मीना देवी, पूनम देवी, पूनम, कुमारी, बलवंत, सुरेंद्र, अंजना कुमारी आदि को सदस्य बना गया। सुशील कुमार ने विद्यालय के विकास के लिए 3100 रुपए की राशि भेंट की।

### नैक ग्रेडिंग के लिए कार्यशाला आयोजित

**घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के आईक्यूएसी सेल द्वारा शिक्षकों व गैर-शिक्षकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें आईक्यूएसी सेल के संयोजक प्रोफेसर विनोद कुमार ने नैक एक्रेडिटेशन के विभिन्न मानकों के लिए आवश्यक डाटा और जानकारी एकत्रित करने के लिए बनाई गई, विभिन्न समितियों की जानकारी दी। उन्होंने समितियों के संयोजकों से मिल-जुलकर कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रीतम लाल, सहपाठ्य समितियों के समन्वयक डॉ. सुरेश शर्मा , प्रोफेसर सीता राम, प्रोफेसर बचन सिंह, डॉ. नित्तम चंदेल, डॉ. विक्रम कपिल, प्रोफेसर शक्ति सिंह और सभी गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईजीएमसी में सुरक्षा कर्मी कर रहे बदसलूकी

## सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे, दिनदहाड़े कट रही मरीजों की जेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में सुरक्षा व्यवस्था अब राम भरोसे है। दूरदराज इलाकों से आने वाले मरीज अब अपने सामान की हिफाजत खुद करें। अस्पताल में मौजूद सुरक्षाकर्मी न तो चोरों को पकड़ने और न ही चोरी जैसी वारदात को होने से रोक पा रहे हैं, जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

आईजीएमसी में 180 के लगभग सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, जिनकी ड्यूटी विभिन्न वार्डों में होती है, लेकिन सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही अब मरीजों पर भारी पड़ने लगी है। आपातकाल विभाग में ही सुरक्षा कर्मी लापरवाही बरत रहे हैं और मरीजों से बदसलूकी भी कर रहे हैं, जिसकी शिकायत प्रशासन को भी दी गई है। बावजूद इसके प्रशासन उन पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। अस्पताल में आए दिन चोरियां बढ़ रही हैं। बीते दिनों कुमारसैन से अपने उपचार करवाने के लिए पाई-पाई जोड़कर आईजीएमसी शिमला में आई एक 65 वर्षीय महिला का यहां शातिरों ने पर्स उड़ा लिया, जिसमें पैसों के अलावा उसके अन्य जरूरी दस्तावेज भी शामिल थे। ऐसे में सुरक्षा कर्मियों की यहां ड्यूटी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।



आईजीएमसी अस्पताल में छानबीन करती पुलिस।

शातिर लोगों की जमापूंजी को आसानी से उड़ा रहे हैं। लक्कड़ बाजार पुलिस चौकी में दर्ज मामले में नाचकू देवी निवासी गांव चुठी ने बताया कि वह अपना उपचार करवाने के लिए आईजीएमसी आई थी। उसने बताया कि उसके पर्स में आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित 13000 रुपए थे, जो चोरी हो गया है। वह यहां आईजीएमसी के मेडिसिन वार्ड में गए थे और जब दवा लेने के लिए पर्स ढूंढा तो पर्स नहीं मिला, जिसे कोई चुरा ले गया था। महिला घर पर अकेली रहती है और उसका पति नहीं है। घर में काम करके पैसे दवाओं के लिए जोड़े थे, लेकिन अब दवा खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वाले युवक की तस्वीर जारी की है, जिसे सभी कर्मचारियों में सर्कुलेट किया जा रहा है और इसे देखते ही पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया है, ताकि पुलिस इसे दबोच सके।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

**आईजीएमसी** में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जब डिप्टी एमएस डॉ. अमन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पीड़ित लिखित में शिकायत दे उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# झटवाड़ी में कुलदीप बांश्टू व मंजीत ठाकुर का भव्य स्वागत

**दशमी रावत, रोहड़ू**



मंजीत सिंह और कुलदीप सिंह का स्वागत करते हुए लोग।

उपमंडल रोहड़ू के झटवाड़ी गांव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मंजीत सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री के ओएसडी कर्नल कुलदीप सिंह बांश्टू का ढोल-नगाड़ों व फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर लोगों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें लंबित पड़े हुए मुद्दों को लेकर चर्चा की।

किलबालू देवता महाराज कमेटी ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मंजीत सिंह ठाकुर और कुलदीप सिंह बांश्टू से मंदिर के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान करने की अपील भी है और उन्होंने लोगों को जल्द ही मंदिर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री के सहयोग से बजट स्वीकृत करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह खुराना, कलोटी पंचायत के पूर्व प्रधान हेम सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, डॉ. श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

मंजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने गांव-गांव में जाकर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार किया और लोगों ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। इसी संदर्भ में आज वे झटवाड़ी गांव में भी आए हैं, जहां पर चुनाव प्रचार के दौरान भी लोगों ने मंदिर निर्माण की समस्या उनके सामने रखी थी। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए पैसा लाने का पूरा प्रयास रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना में 1,42,78,500 रुपए की राशि जारी : डॉ. निधि

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने बताया कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में 3173 महिलाओं के बचत खातों में स्वीकृत राशि जमा हुई है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशालय के माध्यम से इस योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूर्व 16 मार्च, 2024 तक प्राप्त 3173 मामलों में प्रथम तिमाही अप्रैल 2024 से जून 2024 में 4500 रुपए प्रति लाभार्थी महिला स्वीकृति प्रदान करने उपरांत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के माध्यम से एक करोड़ ब्यालीस लाख अठहतर हजार पांच सौ रुपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि सभी पात्र महिला लाभार्थियों के बैंक एवं डाकघरों के बचत खातों में सीधे तौर पर जमा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 1500 रुपए की राशि लाभार्थी को प्रतिमाह दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

बिलासपुर जिले में आचार संहिता से पूर्व सभी तहसील कल्याण अधिकारियों के कार्यालयों में प्राप्त कुल 3276 आवेदन पत्रों को सरकार द्वारा स्वीकार करते हुए कल्याण विभाग को 1,47,42,000 रुपए की राशि जारी करने उपरांत तहसील कल्याण अधिकारियों द्वारा प्राप्त 3173 आवेदन पत्रों के दस्तावेजों की जांच किए जाने उपरांत उन्हें योजना के नियमानुसार उपायुक्त स्तर पर स्वीकृति प्रदान कर राशि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार संबंधित लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है।

## दधोल स्कूल में आपदा से निपटने के दिए टिप्स

**दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को आपदा के समय सुरक्षा और बचाव के बारे में जागरूक किया। एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओंए भूकंप, बाढ़, आग लगने तथा हृदयघात जैसी घटनाओं के समय किस तरह अपनी और आस-पड़ोस के लोगों की जान बचाई जा सकती है। असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार, सब इंस्पेक्टर गोविंद मीणा, संजीव चौहान की अगुवाई में एनडीआरएफ जवानों ने बताया कि भूकंप के समय अलमारियों, घरों में लटके दर्पणों, पंखों और अन्य भारी वस्तुओं से दूर रहना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए तो जमीन पर लेट कर या कंबल आदि लपेट कर आग बुझाने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया गया।

# मजदूरों को समान काम का मिले समान वेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसटीपी कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू ने मांगों को लेकर शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड प्रबंध निदेशक कार्यालय यूएस क्लब शिमला पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विजेंद्र मेहरा, बालक राम, पंकज शर्मा व दलीप सिंह ने मांग की कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के सभी मजदूरों को माननीय सुप्रीम कोर्ट के 26 अक्तूबर 2016 के निर्णय अनुसार समान काम का समान वेतन दिया जाए। मजदूरों को माननीय सुप्रीम कोर्ट के 12 मार्च 2024 के निर्णय अनुसार रेगुलर किया जाए। न्यूनतम वेतन के मुकाबले 50 प्रतिशत अधिक वेतन दिया जाए, क्योंकि साधारण काम के मुकाबले सीवरेज का काम बहुत मुश्किल होता है, जिसमें काम करते हुए मजदूरों को बहुत सारी जहरीली और ज्वलनशील गैसों का सामना करना पड़ता है।





मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता।

**सीटू कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

सभी एसटीपी को फैक्टरी एक्ट के दायरे में पंजीकृत किया जाए, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के मजदूरों को हर महीने की 7 तारीख से पहले वेतन दिया जाए, वेतन में वरिष्ठता के आधार पर प्रतिवर्ष 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी आदि कई मांगें रखीं। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, पूर्ण चंद, यूनियन अध्यक्ष पंकज शर्मा, महासचिव दलीप सिंह, धनेश, कुमार, कमलेश कुमार, संजय सामटा, पुष्पा, रीना शर्मा, रेणुका, सीमा, केवल, टेक चंद, सौरव, मनोज, संदीप, अशोक कुमार, रविंद्र शर्मा, अंकुश, केशव, विक्रम आदि मौजूद रहे।

## घुमारवीं में पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि

**घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार व विभाग पर सवाल उठाए हैं। गर्ग ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह पीने के पानी की विकराल समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार के प्रतिनिधि व विभाग के अधिकारी इस समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे हैं। सरकार व विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से वैकल्पिक व्यवस्था करके व पानी के टैंकर लगाकर लोगों को राहत प्रदान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसी एक भी पंचायत नहीं मिल पाई है, जहां लोगों ने पानी की समस्या की शिकायत न की हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चेताया है कि यदि पानी की समस्या का समाधान तुरंत नहीं किया गया, तो भाजपा धरना-प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईटीआई चौपाल का किया औचक निरीक्षण



आईटीआई चौपाल में औचक निरीक्षण करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चौपाल का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षुओं तथा शिक्षकों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार की तलाश करने के बजाय रोजगार प्रदाता के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 330 करोड़ रुपए से तकनीकी शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प किया जा रहा है। रोजगार प्रदाताओं को ईईएमआईएस पोर्टल से जोड़ा जा रहा है और प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षुओं से विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी भी ली।

**कहा- कृत्रिम मेधा, डाटा साइंस व मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम होंगे आरंभ**

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट यूनियन ने किया प्रदर्शन

**शिमला।** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन ने वीरवार को मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले शिमला जल प्रबंधन निगम कार्यालय यूएस क्लब के बाहर धरना दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वह अपनी मांगों को लेकर काफी लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन उन्हें अनसुना किया जा रहा है। अगर प्रबंधन उनकी बात को नहीं मानता है तो वह आंदोलन को तेज करेंगे। शिमला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्कर यूनियन के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि उनकी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समान काम का सामान वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि वेतन में वृद्धि की जाए और महीने की सात तारीख को उनके अकाउंट में वेतन दिया जाए। पॉवर प्लांट और टन्नल में उन्हें काफी मुश्किल हालातों में काम करना पड़ता हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी काफी प्रतिकूल असर पड़ता हैं। उन्हें अभी तक वर्दी के साथ पहचान पत्र नहीं मिल पाया हैं। वहीं एसटीपी प्लांट पर पीने के पानी की सुविधाए एसजेपीएनएल मुहैया नहीं करवा पाया हैं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सर्वेंट क्वार्टर की मुरम्मत नहीं हुई है। अगर उनकी बात नहीं मानी जाती है तो वे आंदोलन को तेजी से आगे बढ़ाएंगे।

# शिक्षा मंत्री ने श्रीमद्भागवत कथा में की शिरकत





श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत करते शिक्षा मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ननाहर पंचायत के गांव मलकौत (कलून) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत की।

उन्होंने लोगों के साथ पंडाल में बैठकर कथा सुनी तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 6 से 13 जून तक चला, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कथावाचक विश्व विख्यात भागवत भास्कर की उपाधि से अलंकृत कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज से श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन सुना। कथा रामलोक साधुपुल के संस्थापक अमरदेव महंत जी ने भी शिरकत की।

इस से पूर्व कथा में मशहूर भजन गायक भईया किशन दास सिरसा वाले ने भजन के माध्यम से समा बांधा। भागवत कथा का आयोजन हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव संगठन रजनीश किमटा द्वारा करवाया गया था।

# हिमाचल सरकार ने बढ़ाई खेलों की सम्मान राशि : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान,बिलासपुर**

'खेलेगा हिमाचल बढ़ेगा हिमाचल' की परिकल्पना के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री वचनबद्ध है। यह बात प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों के विकास के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा बेशक खेलों के प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार से हिमाचल को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है, पर फिर भी मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल के खिलाड़ी जो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत कर आएंगे, उनको वर्तमान में पांच करोड़ रुपए की राशि बतौर पुरस्कार मिलेगी, जो कि पूर्व की सरकार में तीन करोड़ रुपए थी। इसी कड़ी में जो हिमाचल के खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीत कर आएंगे उन्हें दो करोड़ की जगह अब तीन करोड़ मिलेगा और जो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी को एक करोड़ की जगह दो करोड़ की राशि से पुरस्कृत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में राष्ट्र मंडल या कॉम्नवेल्थ खेलों में भी हिमाचली खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल जीतने पर 50 लाख की जगह अब तीन करोड़, रजत पदक जीतने वाले को 2 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी को एक करोड़ की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह जो हिमाचली खिलाड़ी एशियाई खेलों में गोल्ड जीतेगा उसे 4 करोड़, रजत पदक विजेता को 2.5 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले को 1.5 करोड़ की राशि से प्रदेश सरकार सम्मानित करेगी।

**सुविधा** आईजीएमसी शिमला और अन्य अस्पताल के चक्कर काटने से बच गए मरीज

# घुमारवीं अस्पताल में पहली बार हुआ अपेंडिक्स का ऑपरेशन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिले के दूसरे बड़े सिविल अस्पताल घुमारवीं में दो दशकों बाद करीब चार माह पहले रोगियों की सर्जरी शुरू करने के बाद अब अस्पताल में पहली बार अपेंडिक्स की एक 16 वर्षीय महिला रोगी का सफल ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन को अस्पताल में मौजूद शल्य चिकित्सक डॉक्टर कार्तिक गुलेरिया ने अपनी टीम के साथ मिलकर पूरा किया।

बता दें कि घुमारवीं अस्पताल में इससे पहले इस प्रकार के रोगियों को बिलासपुर या शिमला रेफर करने की परंपरा रही है, लेकिन अब अस्पताल में एनस्थीसिया विशेषज्ञ और सर्जन की मौजूदगी में इस महिला रोगी का ऑपरेशन यहीं पर कर दिया गया। इसके कारण वे लोग आईजीएमसी शिमला तथा अन्य बड़े अस्पताल के चक्कर काटने से भी बच गए। इस ऑपरेशन के बाद महिला रोगी के परिवार ने खुशी जताते हुए अस्पताल में मौजूद सर्जन डॉक्टर कार्तिक गुलेरिया का धन्यवाद किया है। इससे पहले घुमारवीं अस्पताल में इस प्रकार के ऑपरेशन नहीं हो पाते थे, लेकिन करीब एक वर्ष पहले घुमारवीं अस्पताल में तैनात हुए शल्य चिकित्सक के आने के बाद यह सब संभव हो पाया। डॉ. गुलेरिया, एनेस्थेटिक डॉक्टर कनिका पराशर के अनुसार अस्पताल की टीम ने पिछले कुछ महीनो में हर्निया, हाइड्रोसील, ब्रैस्ट सिस्ट्स सहित कई मेजर तथा माइनर ऑपरेशन में किए हैं। इसके अलावा चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में पित्ते की पथरी से लेकर बवासीर तक के भी सफल ऑपरेशन किए हैं।

**शल्य चिकित्सक डॉ. गुलेरिया के आने के बाद यह सब हो पाया संभव**

हालांकि चिकित्सकों की मानें तो अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर अभी निर्माणाधीन है, लेकिन लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक कमरे में ओटी स्थापित की गई है, जहां ऑपरेशन शुरू किए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अस्पताल को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि अस्पताल में डॉक्टरों की कोई कमी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

> **अस्पताल** में माइनर से लेकर मेजर सर्जरी करना शुरू की है, लेकिन अस्पताल में मौजूद उपकरण काफी पुराने हैं। इस समय अस्पताल में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन जैसे मशीन की जरूरत है। इस मशीन के आने से और ज्यादा मेजर सर्जरी की जा सकेगी। इसके साथ ही अगर अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक मशीन भी उपलब्ध हो जाए तो अस्पताल में ही दूरबीन द्वारा भी कई सफल ऑपरेशन किए जा सकेंगे। इसके लिए हमने उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है, जैसे ही यह उपकरण उपलब्ध होंगे, अस्पताल में मेजर ऑपरेशन किया जा सकेंगे।
>
> **-डॉ. कार्तिक गुलेरिया**
> **शल्य चिकित्सक, सिविल अस्पताल घुमारवीं**

## न्यूज ब्रीफ

### सुमित व कुलदीप ब्रिटेन में होंगे सम्मानित



**बीबीएन।** वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड यूके द्वारा समाजसेवी सुमित सिंगवा और नाटी किंग कुलदीप शर्मा को इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2024 से ब्रिटेन की संसद में 18 जुलाई को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश की दो विभूतियों को यह प्रतिष्ठित अवार्ड विश्व भर के विभिन्न देशों के लोगों के समक्ष मिलना राज्य और देश के लिए एक अति सम्मानजनक प्राप्ति है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड यूके इंडियन प्रेजिडेंट व सीईओ संतोष शुक्ल ने बताया कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के पैलेस ऑफ वेस्ट मिनिस्टर लंदन यूके के चर्चिल रूम में 18 जुलाई को होने जा रहे एक भव्य समारोह जिसमें ब्रिटिश सांसदों के अतिरिक्त यूके व विश्व भर से आए गण्यमान्य व्यक्ति व बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे।

### सरकार गिराने का मॉडल हुआ फेल : नरेश

**शिमला ।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सरकार के अस्थिर होने के आरोपो पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के सरकार गिराने का मॉडल हिमाचल में फेल हुआ है और प्रदेश की जनता ने उपचुनाव में बागी विधायकों को सबक सिखा दिया है। अब सरकार पूरी तरफ से स्थिर है, कांग्रेस के पास 38 विधायक है। जयराम बताए कि उनके पास क्या आंकड़ा है जो सरकार बनाने का दावा कर रहे है। अब तीन उपचुनाव होने जा रहे है। तीन निर्दलीय विधायक बताए कि आखिर ऐसा क्या हुआ है कि इन विधायकों को अपना इस्तीफा देना पड़ा। चुनावों में इन्हें लोगों को इसके बारे में बताना होगा।

### चरस रखने के जुर्म में साढ़े तीन साल जेल



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर-सरकाघाट के स्पेशल एडिशनल सेशन जज डा.अबीरा वासु की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के अंतर्गत एक मामले में आरोपी तिलक राज पुत्र ठाकुर दास गांव कांपना, तहसील पधर को 360 ग्राम चरस रखने के जुर्म में साढ़े तीन साल जेल व 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना ने देने की सूरत में एक माह अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी। उप जिला न्यायवादी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि 13 फरवरी 2017 जोगिंद्रनगर पुलिस ने अप्रोच रोड पर सुबह साढ़े तीन बजे नाका लगाया हुआ था। आरोपी तिलक राज हाथ में एक बैग पकडकर अंधेरे मे आ रहा था। अचानक पुलिस को देख कर घबरा गया व भागा। पुलिस ने उसे दबोच कर उसकी तलाशी ली तो उससे 360 ग्राम चरस बरामद की गई। मामले की जांच एएसआई राजेश कुमार ने की। राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष में इस प्रकरण में 10 सरकारी गवाह पेश किए।

### पंजाब के पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत

**शिमला।** पंजाब के अमृतसर से पहाड़ों की रानी शिमला घूमने आए पर्यटक की हार्टअटक से मौत हो गई। पर्यटक अपने परिवार संग शिमला घूमने आया था। बुधवार सुबह सीने में दर्द उठा तो परिजन उसे लेकर आनन-फानन में आईजीएमसी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान राजेश घोष (45) निवासी ग्रीन वैली अमृतसर के तौर पर हुई है। राजेश के साथ उसके परिवार के तीन सदस्य थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि राजेश को सुबह सीने में तेज दर्द था, जिसके कारण वे उसे उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला लाए थे। अस्पताल में चिकिसकों ने उन्हें मृत घोषित किया। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर न तो कोई चोट के निशान पाए गए और न ही परिजनों ने मृतक व्यक्ति की मृत्यु के बारे में कोई संदेह जताया है।

### आग की चपेट में 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**हमीरपुर।** खेतों में काम करने गई बुजुर्ग 75 वर्षीय निक्की देवी पत्नी धर्म सिंह की आग की चपेट में आने से मौत हो गई है। यह मामला ग्राम पंचायत भगेटू के गांव भेगटू का है। वीरवार सुबह बुजुर्ग महिला खेतों में काम करने के लिए गई थी। इस दौरान कूड़े को आग लगा दी। आग पास रखे चीड़ की पतियों में भी लग गई। आग की चपेट में आने से बुजुर्ग के कपड़ों में भी आग लग गई जिससे वह झुलस गई। साथ ही आग से निकले धुएं से दम घुट गया। गांव वालों को इसका पता बाद लगा तब तक बुजुर्ग महिला की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पंचायत प्रधान और पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर बुजुर्ग महिला के शव को अपने कब्जे में लिया और उसका मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला की मौत होने का मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की जा रही है।

### खड्ड में डूबने से दिल्ली के युवक की मौत

**बैजनाथ ।** थाना बैजनाथ में एक व्यक्ति खड्ड में डूबने से मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार चौबू पुल के नीचे विनवा खड्ड में नहाने उतरे दिल्ली निवासी सागर (36) पुत्र तिलक राज चावला की डूबने से मौत हो गई। सागर अपने भाई तथा दोस्तों के साथ पंजाब तथा हिमाचल में घूमने आया हुआ था। मनाली घूम कर वह अपने दोस्त धर्मेंद्र निवासी सिंबल से मिलने गया था। उसके बाद वह अपने भाई और दोस्तों के साथ बैजनाथ के एक होटल में रुके। इस दौरान उसने धर्मेंद्र को भी अपने पास बुला लिया तथा अगले दिन बैजनाथ में घूमने के लिए निकले और सभी लोग चौबू गांव के खड्ड में नहाने उतरे। सागर ने खड्ड में बड़ी चट्टान पर चढ़कर पानी में छलांग लगाई और वह एकदम पानी के अंदर चला गया। पानी में तैर रहे धर्मेंद्र में उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सागर पानी में डूब गया। इस पर उन सभी ने स्थानीय लोगों से मदद मांगी और सागर को पानी से बाहर निकाल कर सड़क तक पहुंचाया गया तथा प्राथमिक उपचार के लिए बैजनाथ अस्पताल ले गए, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सागर के भाई तथा दोस्तों के ब्यान कलमबद कर लिए हैं। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा का कहना है प्रथम दृष्टया सागर की मृत्यु डूबने से हुई है। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

### कुल्लू में चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कुल्लू।** थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में कांगड़ा ओर गुजरात के 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। चरस तस्करी का मामला बीती रात उस दौरान सामने आया जब भुंतर पुलिस इलाके में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस जब जच्छनी के समीप पहुंची तो सामने से आ रहे युवक की शक के आधार पर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 366 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बंटी ठाकुर (21) पुत्र संजय कुमार निवासी पोलिंग डाकघर लुहारडी तहसील मुल्तान जिला कांगड़ा के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अन्य मामले में मणिकर्ण मार्ग पर पुलिस ने सुनील सिंह सोलंकी (28) पुत्र धमेंद्र सिंह निवासी शारदा कुंज सोसाइटी मोतीपुरा जिला हिम्मत नगर मोतीपुरा, जिला हिम्मत नगर साबर कांथा गुजरात के कब्जे से 59 ग्राम चरस बरामद की है।


# ..तो फिर हमीरपुर उपचुनाव की जंग आशीष बनाम बिट्टू !

## डॉ. पुष्पेंद्र का कट रहा टिकट, सीएम ने सभी दावेदारों से ली फीडबैक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

..तो फिर हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव की जंग आशीष बनाम बिट्टू होगी। कांग्रेस में हालांकि विधिवत घोषणा अभी हुई नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू हमीरपुर से पार्टी प्रत्याशी होंगे, इसकी पूरी तैयारी हो गई है।

पिछले विधानसभा चुनाव में डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी थे, लेकिन इस बार उनका टिकट कट रहा है। अब केवल नाम के ऐलान का इंतजार शुरू हो गया है। कांग्रेस ने हाई कमान को टिकट के लिए सिंगल नाम भेजा है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के संभावित प्रत्याशी और पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले आशीष शर्मा के खिलाफ कांग्रेस भी ब्राह्मण नेता को ही चुनावी जंग में उतारकर 'तुरुप' चाल चलाएगी। (अनंत ज्ञान)



सुनील शर्मा बिट्टू



आशीष शर्मा

### नामांकन दाखिल करने के दो घंटे पहले मिला था पुष्पेंद्र को टिकट

सुनील शर्मा बिट्टू पिछले विधानसभा चुनाव में भी टिकटार्थी रहे थे, लेकिन अंतिम समय तक उनके नाम पर हाईकमान ने मुहर नहीं लगाई तो फिर डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा को टिकट दिया गया था। वह भी नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन 2 घंटे पहले।

### ब्राह्मण वोटर पर नजरें

बीते दो दिनों से शिमला में सीएम के दरबार में हमीरपुर उपचुनाव को लेकर खूब गहमागहमी रही है। हमीरपुर सीट पर वैसे भी अब ब्राह्मण वोटरों की तादाद ज्यादा हो गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में आशीष शर्मा ने इसका अच्छा खासा फायदा भी उठाया था। कांग्रेस अब तर्क दे रही है कि हमीरपुर जिला की राजनीति में उनके पास किसी भी विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण उम्मीदवार नहीं रहा है। बड़सर में इंद्रदत्त लखनपाल जब तक कांग्रेस में थे, तब तक ब्राह्मण विधायक उनके पास था, लेकिन अब वह भाजपा के हो गए हैं।

### पिछले चुनावों में भाजपा या कांग्रेस से टिकट चाह रहे थे आशीष

पूर्व विधायक आशीष शर्मा भी पिछले चुनावों में भाजपा या कांग्रेस किसी भी दल से विधानसभा उम्मीदवारी के लिए टिकट चाह रहे थे। कांग्रेस ने तो उन्हें टिकट लगभग थमा दिया था, लेकिन गुटबाजी की राजनीति ने कांग्रेस के भीतर एक तो प्रत्याशी बनाने में देरी की। भाजपा के प्रत्याशी को लेकर तो गुटबाजी यहां पहले ही थी। कांग्रेस भी उसका शिकार हो गई और फिर परिस्थितियां ऐसी बनी जिनका लाभ आशीष शर्मा ने बखूबी उठाया।

प्रचार में भाजपा और कांग्रेस दोनों पिछड़ गए। अब इस बार भाजपा ने ऑपरेशन लोटस में शामिल आशीष शर्मा को पार्टी में शामिल किया है। उनसे इस्तीफा दिलवाया। अब वह हमीरपुर उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होंगे, उनके ऐलान का भी इंतजार हो रहा है।

# सीएम सुक्खू कुर्सी बचाने में व्यस्त कानून-व्यवस्था तबाह : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो गई है। अपराधियों का हर तरफ बोलबाला नजर आ रहा है। एक के बाद एक जघन्य हत्याकांड हो रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत नहीं रहेगी तो इससे प्रदेश का नुकसान होगा। सरकार को आम आदमी के जान की परवाह ही नहीं हैं। आए दिन होने वाले हत्याकांड से प्रदेश के छवि धूमिल हुई है। सरकार को अपराधियों के खिलाफ सखत से सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। पुलिस अराजक तत्वों पर अपनी निगरानी बढ़ाए और अपराध पर लगाम लगाए। प्रदेश में अपराधी का नहीं कानून का राज होना चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सिरमौर में एक पुलिस के हेड कांस्टेबल द्वारा एसपी पर दबाव बनाने का आरोप लगाया गया। उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई, जिसके चलते उसे सोशल मीडिया में आकर अपनी बात कहनी पड़ी। इस सब के बीच पुलिस का हेड कांस्टेबल ही लापता हो गया है। उसके परिवार और परिचित लोग उसकी तलाश कर रहे हैं। स्थानीय लोग उसके तालश की मांग को लेकर धरना दें रहे हैं। परिजन गायब होने पर तरह-तरह की आशंका जता रहे हैं। इस तरह से एक पुलिस कर्मी के लापता होने की बात आश्चर्यजनक है। क्या इसी तरह के व्यवस्था परिवर्तन की बात सरकार द्वारा की गई थी कि पुलिस के कर्मचारी को ही अपने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़े।

इस मामले में अभी तक मुख्यमंत्री ने क्या किया? इस मामले का पूरा सच सामने आना चाहिए और पुलिस अपने लापता कर्मचारी को चाहे जैसे खोज कर निकाले, सरकार उसके सुरक्षा की गारंटी लें। इस देवभूमि में इस तरह की मनमानी नहीं चलने देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की नाकामी की वजह से प्रदेश के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और प्रदेश के लोगों की सुविधाओं से उनका कोई लेना देना नहीं रह गया है।

# हमीरपुर जिले में 3,442 महिलाओं को मिलेगा प्यारी बहना निधि योजना का लाभ

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

चुनाव प्रचार में नेताओं के आरोपों-प्रत्यारोपों में खूब उलझी रही 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के लिए हमीरपुर जिला में 3442 पात्र महिलाओं को पहले फेस में इसका लाभ मिलेगा।

हालांकि जिला में आवेदन करने वाली महिलाओं का आंकड़ा 36,000 से ऊपर चला गया है। यह बात अलग है कि अभी तक इस मामले को लेकर वेलफेयर विभाग के पास योजना के आवेदनों के लिए कंप्यूटराइज्ड व्यवस्था बनाने को कोई अलग से सॉफ्टवेयर नहीं है, लेकिन अब क्योंकि प्रदेश सरकार महिलाओं को यह सम्मान निधि देने की घोषणा कर चुकी है और हमीरपुर जिला में भी इसकी तैयारी जारी है। जिला कल्याण विभाग ने पिछले लगातार दो दिनों से देर रात तक इस काम के लिए मशक्कत की है। जिस बैंक के द्वारा महिलाओं के खातों में इस सम्मान निधि को ओके किया जाना है उसका प्रोसेस भी तैयार हो चुका है, लेकिन प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है और अब इसी वजह से जिला प्रशासन ने चुनाव आयोग के राज्य कार्यालय को इसकी स्वीकृति के लिए पत्र भेजा है।

प्रदेश के तीन जिलों में जहां पर उपचुनाव हो रहे वहां पर इस योजना को लागू करने के लिए कहीं चुनाव आचार संहिता आड़े न आए। इसीलिए चुनाव आयोग से जवाब मांगा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव आयोग की स्वीकृति लेना जरूरी

**अब** हमीरपुर कांगड़ा और सोलन जिला में उप चुनाव हो रहे है। इन जिलों में चुनाव आचार संहिता लागू है। लेकिन प्रक्रिया पहले से चल रहा है। इसलिए इसके लिए चुनाव आयोग की स्वीकृति लेना जरूरी है। अब देखना यही है कि पहले चरण में जिन महिलाओं को यह सम्मान निधि दी जानी है। उसकी स्वीकृति चुनाव आयोग से चुनाव प्रचार के दौरान मिल पाती है या नहीं?

# सुक्खू सरकार में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/सोलन**

हिमाचल प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सत्ताधारी कांग्रेस सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू खुद होम मिनिस्टर हैं, मगर उनके राज में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता हो चुकी है। एक तरफ सिरमौर में पुलिस अधिकारी बेवश दिखाई दे रहे हैं और दूसरी तरफ चंबा में पुलिस अफसरों की हत्या कर शव थाने के बाहर रख दी जाती है।



सिरमौर में तो हद ही हो गई जिस पुलिस वाले पर दबाव बनाया जा रहा था, वह लापता हो गया है।

उन्होंने कहा कि किहार थाना से महज 80 मीटर की दूरी पर आईबी (इंटेलिजेंस ब्यूरो) के एएसआई की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक के सिर पर डंडे से प्रहार किया था। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण एएसआई सड़क पर बेसुध होकर गिर गया।

घटना का पता बुधवार सुबह लगा, जब स्थानीय लोग वहां पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस घटना से ऐसा लगता है की हिमाचल प्रदेश भगवान भरोसे चल रहा है। उन्होंने कहा कि सिरमौर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल का वीडियो सामने आया है। जिसके बाद तहलका मचा हुआ है। वीडियो में हेड कांस्टेबल एक मामले में पीड़ितों व अपने अधिकारियों पर आरोप लगा रहा है और मानसिक तनाव होने की बात करते नजर आ रहा है।

### शिमला में वन मिनट ट्रैफिक प्लान फिर शुरू

**शिमला ।** शिमला शहर में बीते 10 दिनों में 2 लाख से ज्यादा वाहन शिमला में पहुंचे हैं। वहीं शिमला अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है और ऐसे में लाखों पर्यटक हर वर्ष यहां पहुंचते हैं। इस स्थिति में शिमला में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करना अपने आप में एक चुनौती है। वाहनों की भारी आमद को देखते हुए शिमला पुलिस द्वारा एक बार फिर वन मिनट ट्रैफिक प्लान की शुरुआत कर दी गई है।

इस प्लान के माध्यम से पुलिस द्वारा ट्रैफिक को शहर के बाहर ही रोका जाता है और एक मिनट के रोटेशन में शहर में छोड़ा जाता है। इससे शहर के अंदर ट्रैफिक का फ्लो सामान्य बना रहता है।

शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि शिमला में पर्यटन सीजन के दौरान लाखों पर्यटक पहुंचते है। पर्यटन सीजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करना अपने आप में चुनौती है। लेकिन, पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। मास्टर कंट्रोल रूम और एसपी ऑफिस से भी ट्रैफिक को मॉनिटर किया जाता है।

### हेड कांस्टेबल ने वीडियो जारी कर लगाए गंभीर आरोप, कहा-

# पुलिस विभाग अच्छा, लेकिन अफसर नहीं

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के पुलिस विभाग में तैनात आला अफसर पर एक हेड कांस्टेबल ने मानसिक प्रताड़ना के गंभीर लगाए हैं। हेड कांस्टेबल ने कहा कि पुलिस विभाग तो अच्छा है, लेकिन अफसर ठीक नहीं है। इस प्रताड़ना से तंग आकर हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाने की बात कही है।

इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। ये आरोप सीधे तौर पर एसपी सिरमौर पर लगे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद हेड कांस्टेबल पुलिस थाने में ड्यूटी से गायब हैं। इस बीच उनके परिजनों ने थाने में डेरा डाल दिया है। जिला सिरमौर के कालाअंब पुलिस थाना में तैनात हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें हेड कांस्टेबल ने एसपी सिरमौर पर एक साधारण मुकदमे में आरोपियों को गंभीर आरोपों में फंसाने और हत्या के प्रयास की धारा लगाकर गिरफ्तार करने का दबाव डालने के आरोप लगाए हैं।

हेड कांस्टेबल ने 9 से 10 मिनट की वीडियो में एसपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने आधे घंटे में कालाअंब से नाहन ऑफिस पहुंचने के लिए कहा। एसपी अच्छे हैं, लेकिन मारपीट के इस मामले में ये पता नहीं कि उन पर कौन सा दबाव है कि ऐसी धारा लगाने के लिए कह रहे जो नहीं लगाई जा सकती।



हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी।

उन्होंने कहा कि वह सिर्फ कानून के अनुसार ही किसी मामले में धारा लगा सकते हैं। अदालत में कभी भी एसपी या अन्य अधिकारी मामले में पेश नहीं होते, वहां जांच अधिकारी को ही अधिवक्ताओं के सवालों के जवाब देने पड़ते हैं। हेड कांस्टेबल ने नाहन से कालाअंब आते वक्त ये वीडियो बनाई है, जिसमें उन्होंने ये आरोप लगाए और कहा कि वह अब जीना नहीं चाहते। वह कंडीशनल इस्तीफा दे रहे हैं। उधर, हेड कांस्टेबल के भाई मोहित सैनी ने बताया कि उनका भाई कल से न तो घर आया है न ही पुलिस स्टेशन गया है।

### हेड कांस्टेबल की जांच से नाखुश थे लोग : मीणा

**जिला** सिरमौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा ने वायरल वीडियो के मामले में अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आठ जून को कालाअंब के एक स्थानीय ट्रैक्टर चालक, उसके पिता व चाचा के साथ पास न देने के कारण पंजाब की एक स्कॉर्पियो में सवार युवकों ने मारपीट की थी। स्थानीय युवक की शिकायत पर कालाअंब थाने में पंजाब के युवकों के खिलाफ मुकदमा विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मुकदमे की जांच कालाअंब थाने में तैनात हेड कांस्टेबल जसवीर को दी, लेकिन लोग हेड कांस्टेबल की जांच से नाखुश थे।

### मामला सीआईडी क्राइम को सौंपा

**अतिरिक** पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि पुलिस ने लापता पुलिसकर्मी की रिपोर्ट कालाअंब पुलिस थाना में दर्ज की थी। परिजनों ने मांग की है कि उक्त मामले की जांच विशेष टीम गठित कर करवाई जाए जिसको लेकर मामला सीआईडी क्राइम को सौंप दिया है अब आगामी कार्रवाई सीआईडी क्राइम मामले में करेगी।

# सीपीएस मामले में गरमाई हिमाचल की सियासत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सीपीएस मामले में हिमाचल की सियासत गरमा गई है। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि जब धूमल सरकार थी, तब सतपाल सत्ती इसी कानून के तहत सीपीएस बने थे। भाजपा के मुखौटे और चाल चरित्र में अंतर है। पहले सीपीएस बनने का स्वाद लिया अब कह रहे यह खट्टा है। भाजपा नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं। यह पांच साल निकालना चाहते हैं और काम करने नहीं देना चाहते है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकार को धनबल से गिराने की कोशिश की है। धनबल का इस्तेमान हुआ है।

जयराम ठाकुर षडयंत्र के मुखिया है। वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं कुर्सी को मानते हैं। इन्होंने जो धन लुटा है उसे कहीं तो लगाना है, लेकिन जनता ने बता दिया है की दागी और बागी नहीं चलेंगे। तीन उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा की कहा कांग्रेस को प्रत्याशी ढूंढने की जरूरत नहीं है। तीन उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पहले से तैयार है।

### फॉरेस्ट राइट एक्ट 2006 के लंबित मामलों को समयबद्ध निपटाने के आदेश

फॉरेस्ट राइट एक्ट 2006 के लंबित मामलों को जल्द निपटाने के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके लिए अगले एक वर्ष तक जनजातीय क्षेत्रों में अधिकारी नहीं बदलने का निर्णय लिया गया है ताकि अधिकारियों को एक्ट के तहत स्पेशल ट्रेनिंग दी जाए और मामलों का निपटारा हो सके।


प्रदेश में 5 से 6 हजार मामले एफआरए क्लियरेंस मे लटके पड़े हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने एफआरए एक्ट 2006 के कार्यान्वयन को लेकर आज शिमला सचिवालय में संबधित अधिकारियों को कार्यशाला के दौरान निर्देश दिए। कार्यशाला में इस कानून की बारीकियों की जानकारियां दी गई जिसमें अधिकारियों व स्थानीय निकायों, जिला परिषद व पंचायतों के प्रतिनिधीयों सहित एनजीओ के सदस्य भी शामिल हुए।

# हिमाचल उपचुनाव : कांग्रेस ने तीन सीटों के लिए प्रभारी नियुक्त किए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए तीन मंत्रियों को प्रभारी नियुक्त किया है। कृषि मंत्री चंद्र कुमार को देहरा विधानसभा सीट, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को नालागढ़ सीट और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को हमीरपुर विधानसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने बुधवार को इन तीन सीट के लिए प्रभारी नियुक्त किए थे।

तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर), होशियार सिंह (देहरा) और केएल ठाकुर (नालागढ़) ने 22 मार्च को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था और अगले दिन भाजपा में शामिल हो गए थे। इन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के कारण इन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय विधायकों का भाजपा ने इस्तेमाल कर सरकार को गिराने का प्रयास किया था। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रजनीश खिमटा ने कहा कि पार्टी राज्य में आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और एकजुटता के साथ 'धनबल' का मुकाबला करेगी।



चंद्र कुमार



रोहित ठाकुर



राजेश धर्माणी

पार्टी ने हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव में चार सीटें जीती हैं, जिससे साबित होता है कि हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और नेतृत्व से खुश है और मतदाताओं ने भाजपा की खरीद-फरोख्त की नीतियों को नकार दिया है।

**राजनीति** राकेश कालिया ने भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ रहे चैतन्य शर्मा को 8,487 मतों से हराया

# ऊना से राज्य सरकार में प्रतिनिधित्व की बढ़ी दावेदारी

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में ऊना की दावेदारी पुख्ता हो गई है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार खासकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए परीक्षा की घड़ी थी। ऐसे में छह में से दो विधानसभा और सभी चार लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। ऐसे में अगर लाज बचाई है तो ऊना जिला ही आगे रहा है।

हरोली से हमीरपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार को बढ़त के साथ दो उपचुनावों में जीत ने इस जिले की जनता का कर्ज मुख्यमंत्री पर आ गया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के जिले का यह प्रदर्शन काफी हद तक राज्य सरकार को मजबूत करने में सफल रहा है।

ऊना जिला में गगरेट से राकेश कालिया चौथी बार विधायक बने हैं। उनकी वरीयता और पूर्व में वह सीपीएस भी रहे हैं ऐसे में अब राज्य में मंत्रिमंडल में दावेदारी सबसे मजबूत हो गई है।



मुकेश अग्निहोत्री



राकेश कालिया

फिलहाल राज्य सरकार आर्थिक स्थिति के सुधार में लगी है, ऐसे में रिक्त पद से पहले कुछ नेताओं को कैबिनेट रैंक दिए जाने से संभावनाएं जल्द मंत्रिमंडल विस्तार की भी हैं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में हुए छह विधानसभा उपचुनावों में से एक गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया ने कांग्रेस छोड़ भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ रहे चैतन्य शर्मा को चारों खाने चित कर डाला है। राकेश कालिया ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा को 8,487 मतों से धो डाला। कुल तेरह राउंड में हुई मतगणना में पहले राउंड से शुरू हुआ राकेश कालिया की बढ़त का सिलसिला अंतिम राउंड तक जारी रहा।

यहां तक पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना में भी राकेश कालिया चैतन्य शर्मा पर हावी रहे थे। विधानसभा क्षेत्र गगरेट में हुए विधानसभा उपचुनाव में अगर पोलिंग बूथों का आकलन किया जाए तो भाजपा महज पंद्रह फीसदी बूथों पर ही जीत दर्ज कर पाई थी। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के कुल 91 बूथों में से सत्रह बूथों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है तो 74 बूथों पर कांग्रेस विजयी पताका फहराने में कामयाब रही है। वर्ष 2022 में गगरेट में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा महज सात बूथों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी। उस समय कांग्रेस खेमे से चैतन्य शर्मा ही उम्मीदवार थे। (अनंत ज्ञान)

### गगरेट के 63,359 मतदाताओं ने उपचुनाव में डाले वोट

**विधानसभा** क्षेत्र गगरेट के 84,316 मतदाताओं में से 63,359 मतदाताओं ने इस उपचुनाव में अपने मत का प्रयोग किया था। इस उपचुनाव में 30,885 पुरुष मतदाताओं ने भाग लिया तो 32,474 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

मतगणना के लिए सात टेबल लगे थे और पहले पोलिंग बूथ से शुरू हुई मतगणना के पहले ही राउंड में राकेश कालिया ने 351 मतों की बढ़त बनाई थी। फिर से जो भी राउंड हुआ उसमें राकेश कालिया की जीत का आंकड़ा बढ़ता ही गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**डाडासीबा।** डाडासीबा पुलिस चौकी के अंतर्गत के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत गुरनबाड़ की 27 वर्षीय युवती शीतल शर्मा पुत्री केवल कृष्ण बीते 11 जून से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनो ने अपनी बेटी को हर जगह तलाश किया अभी तक उसका सुराग न मिलने पर पीड़ित परिवार ने इस बारे पुलिस चौकी डाडासीबा में गुमशुदी की रिपोट दर्ज करवा कर तुरंत बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह शीतल करीब आठ बजे घर से यह कह कर निकली थी कि वह अपनी बहन के घर जा रही है, लेकिन वह बहन के घर नहीं पहुंची। उधर, इस संबंध में डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी रवि दत शर्मा ने बताया शिकायत के आधार पर कार्रवाई जारी है।

### पंडित अनुभव प्रेई में करेंगे कालसर्प दोष की शांति

**शाहपुर।** कालसर्प दोष के प्रभाव से जनित जातक के जीवन में विविध संघर्ष और बाधाएं देखने को मिलती हैं। लोगों के कल्याण के लिए प्रेई के निवासी पंडित अनुभव अवस्थी की ओर से खिलाड़ू माता मंदिर में 29 जुलाई से 2 अगस्त तक निशुल्क कालसर्प शांति के लिए पांच दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले यजमान से यज्ञ या अनुष्ठान की सामग्री मात्र ही अपेक्षित है।

### बच्चों और अध्यापकों ने लगाई ठंडे जल की छबील



**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में वीरवार को स्कूल के बच्चों को अध्यापकों ने शीतल पेयजल और फल-फ्रूट आदि की छबील लगाई। इस दौरान बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील पिलाई गई। बच्चों को बिस्किट भी दिए गए। स्कूल प्रिंसिपल एकता अत्री ने भी स्टाफ सदस्यों के साथ छबील का पानी पिलाया।

### बच्चों व अभिभावकों को बताए मोबाइल के दुष्प्रभाव



**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में वीरवार को बच्चों और उनके अभिभावकों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव पर जागरूक किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य एकता अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पटियाला के निजी स्कूल में फिजिक्स के लेक्चरर एवं काउंसलर विपिन शर्मा ने बच्चों को मोबाइल फोन का कम इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ज्यादा मोबाइल फोन देखने से बच्चों की आंखें खराब होने के साथ उन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पढ़ता है, इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन और तनाव भी आ जाता है। अभिभावक भी बच्चों पर नजर रखें। अध्यापकों ने अभिभावकों को बच्चों की प्रगति रिपोर्ट भी सौंपी।

### हिमाचल सरकार की मेधा प्रोत्साहन योजना शुरू

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज के प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 'मेधा प्रोत्साहन योजना' शुरू की गई है। इस योजना के लिए चयन सत्र 2023-24 की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर होगा (280 अभ्यर्थियों का चयन 10+2 अंकों के आधार पर तथा 120 अभ्यर्थियों का चयन स्नातक अंकों के आधार पर किया जाएगा)। अभ्यर्थी की कुल पारिवारिक आय 2.50 लाख रुपए प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना में चयनित विद्यार्थी को अधिकतम 1.00 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी। योजना से संबंधित पूरी जानकारी निदेशक उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट www.education.hp.gov.in पर उपलब्ध है।

# आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम द्रोबला के बाशिंदे

## सड़क-रास्ते और पुल की उम्मीद में आंखें पथराई, विधानसभा क्षेत्र जवाली का है गांव

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

- सुविधाओं के अभाव में एक दर्जन परिवार कर चुके हैं पलायन
- अब मंत्री चंद्र कुमार और विधायक केवल पठानिया से हालात में सुधार की उम्मीद

सीमा क्षेत्र चाहे कोई भी हो। चाहे यह सीमा अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय या पंचायत स्तरीय ही क्यों न हो, लेकिन हमेशा से इसका नुकसान सीमा क्षेत्र में बसे लोगों को उठाना पड़ता है। इनको हमेशा सरकार की उदासीनता का शिकार होना पड़ता है।

एक ऐसा ही मामला विधानसभा क्षेत्र जवाली की ग्राम पंचायत जोल के गांव द्रोबला का है, जहां सरकार की अनदेखी के कारण आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी लोग मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं। यही वजह है कि अब तक यहां से एक दर्जन के करीब परिवार दूसरे क्षेत्रों में पलायन कर चुके हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सभी परिवार धीरे-धीरे यहां से पलायन करते गए और उन्होंने अपनी जमीन और अपने घर तक बेच दिए।

धारकंडी क्षेत्र के वोह से अनुसूचित जाति से संबद्ध रखने वाले दर्जन के करीब परिवार यहां बस गए हैं। उक्त परिवार पहाड़ से उठकर इसी उम्मीद में यहां आकर बस गए थे कि उन्हें यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं आसनी से नसीब होंगी और उनके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे और अपना जीनव सवारेंगे, लेकिन ये परिवार



विधानसभा क्षेत्र जवाली की ग्राम पंचायत जोल का द्रोबला गांव ।

अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी डरते हैं, क्योंकि महाड़ पहुंचने से पहले यहां एक खड्ड पार करनी पड़ती है, जो बरसात में तो पूरे उफान पर होती है। ऐसे में बरसात में यहां के बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं, जिसके कारण इनकी भाग्य की रेखाएं धूमिल होती नजर आ रही हैं। आम दिनों में भी आने-जाने और सामाना लाने में भी लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

विवाह समारोह पर तो इनके रिश्तदार भी यहां आने से कतराते हैं। कई दशकों से रास्ता, सड़क और पुल की आस लगाए बैठे लोगों की आंखे भी पथरानें लगी हैं। अब विधानसभा क्षेत्र जवाली से कांग्रेस के विधायक व मंत्री चौधरी चंद्र कुमार और शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया से ये लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शायद इनके कार्यकाल में उनकी हालत में भी सुधार आएगा। (अनंत ज्ञान)

### उफनती खड्ड है सबसे बड़ी बाधा, पुल की सख्त दरकार

**इसको** लेकर स्थानीय निवासी जोधा राम, अनु कुमार, प्रेम चंद, राज कुमार, नसीब कुमार, कुंज लाल, करतार चंद, विधि चंद, चमन लाल, रमेश ठाकुर, जोधा राम, भुंकु राम, काका राम, राम सिंह, गोरख राम, विजय शर्मा, रंगीला सिंह, रोहित कुमार, साहिल कुमार, प्रकाश चंद, राजीव कुमार, मेघनाथ ने बताया कि वह मूल रूप से विधानसभा जवाली की ग्राम पंचायत जोल के गांव द्रोवला से संबंध रखने वाले हैं। आज तक उन्हें बिजली और पानी की सप्लाई शाहपुर विधानसभा से पहुंच रही है। दशकों पहले यहां पटियाल राजपूत बसते थे, लेकिन सड़क और रास्ता तक नहीं होने के कारण वे अन्य क्षेत्रों में पलायन कर चुके हैं। उनके बच्चे प्राइमरी स्कूल महाड़ और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडंज में पढ़ते हैं। महाड़ पहुंचने के लिए पहले बच्चों को उफनती नदी को पार करवाना पड़ता है। खड्ड पार करवाने के बाद आगे का रास्ता भी चलने योग्य नहीं है। आपात स्थिति में मरीजों को चारपाई पर उठाकर सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। उन्हें अपने अधिकतर कामों के लिए शाहपुर जाना पड़ता है। इस समय इस नदी पर पुल बनाना सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि बारिश में नदी अपने चरम उफान पर होती है और उनका संपर्क अन्य जगहों से पूरी तरह से कट जाता है। कुछ साल पहले इस नदी में दो लोग बह भी गए थे। उनका गांव विधानसभा क्षेत्र जवाली और शाहपुर के मध्य पड़ता है। सरकार की नजरंदाजी के कारण उनका जीवन कई कठिनायों से भरा पड़ा है। पंचायत और जिला प्रशासन के ध्यान में कई बार समस्या लाई गई है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक हल नहीं हो पाया है।

# बरसात से पहले अधिकारियों को अलर्ट रहने की हिदायत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

- मसल के हेलिपेड क्षेत्र में आज होगा मैगा मॉकड्रिल का आयोजन

नगरोटा बगवां उपमंडल में पिछले वर्ष बरसात के तांडव से लोगों को जो जख्म मिले थे। प्रदेश में आई आपदा से करोड़ों का नुकसान लोगों के साथ-साथ सरकार को भी झेलना पड़ा था। अब आमल ऐसा है कि कुछ लोग बरसात का नाम सुनते ही कांप उठते हैं।

इसी के मद्देनजर आने वाली बरसात से पहले नगरोटा बगवां प्रशासन ने अभी से पूरे प्रयास शुरू करने की कसरत आरंभ कर दी है। एसडीएम मुनीश शर्मा ने उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बुलाकर अभी से अलर्ट पर रहने की सख्त हिदायत दे दी है।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि आपदा से निपटने के लिए सूचना तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासों को सही अमलीजामा पहनाया जाए। इसको देखते हुए आदेश दिए गए हैं कि अपने-अपने विभाग के नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं और 24 घंटे आपदा प्रबंधन की सूचना कंट्रोल रूम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों को दे दी जाए। निर्देश दिए गए हैं कि नोडल अधिकारियों के फोन नंबर सार्वजनिक किए जाएं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि बरसात के मोसम में जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता को सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि विभाग अपनी मशीनरी को चुस्त दुरुस्त रखने के प्रबंध शुरू कर दे।

खंड विकास अधिकारी नगरोटा, बड़ोह के साथ-साथ, राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों, लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारियों, पंचायत समिति सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, नगर परिषद कार्यालय को दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की निकासी का प्रबंध करना आरंभ कर दें, ताकि बरसात के मौसम में पानी ओवरफ्लो न हो सके।

इसके साथ ही उपमंडल अधिकारी मुनीश शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 14 जून को मसल स्थित हेलिपेड क्षेत्र में सभी विभागों के अधिकारियों की मैगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों की आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा जाएगा।

### सुधेड़ की महिलाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील



**शाहपुर।** कृपालेश्वरी महिला मंडल की ओर से सुधेड़ के त्रिलोकी नाथ मंदिर में मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई, साथ ही उन्होंने मीठे फल भी बांटे। त्रिलोकी नाथ मंदिर कमेटी सदस्या अंजू धीमान ने बताया कि छबील के लिए महिलाओं सहित अन्य लोगों का भी सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि महिला मंडल द्वारा हर वर्ष यह छबील लगाई जाती है साथ ही मीठे फल भी बांटे जाते हैं। इस दौरान भजन कीर्तन और नाच गाने का कार्यक्रम भी हुआ। वहीं मंदिर और उसके आसपास क्षेत्र की साफ-सफाई भी की गई। इस मौके पर अंजू धीमान ,रेणु बजवरिया, ऋतु संजू बाला, अमिता, प्रभा, नीलू, शीला, गिन्नी, अनु, संगीता, कुलदीप, धीमान, सुमेश, गौरव कपूर, पंकज, संजू आदि भी मौजूद थे ।

# पूर्व छात्रों ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण का उठाया बीड़ा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

राजकीय उच्च विद्यालय अप्पर भलवाल के पूर्व छात्रों ने विद्यालय के कक्षा कमरों और बरामदे के फर्शों की जर्जर हालत को सुधारने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

अप्पर भलवाल स्कूल के इन पूर्व छात्रों ने विद्यालय के कमरों और बरामदे में उम्दा टाइल्स डालने का निर्णय लिया। कमरों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पठन पाठन प्रक्रिया भी अच्छे वातावरण में चलेगी।

विद्यालय मुख्याध्यापक सतवीर सिंह के अनुसार उन्होंने एक दो पूर्व छात्रों के साथ फोन पर विद्यालय के कमरों की स्थिति के बारे में बात की तो उन्होंने इस बाबत विद्यालय में पढ़े पुराने विद्यार्थियों का व्हाट्सऐप समूह ही बना दिया।

इसके लिए मुख्याध्यापक एवं समस्त स्टाफ, एसएमसी और और वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे समस्त विद्यार्थियों ने सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक दिलबरजीत चंद्र, सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट देसराज बडालिया, सेवानिवृत्त कैप्टन सुरेंद्र पाल, सेवानिवृत्त निदेशक केसीसी बैंक लेखराज कंवर, विद्यालय पूर्व छात्र एवं पंचायत प्रधान बीरबल कुमार, उपप्रधान लेखराज, अध्यापक विवेक कंवर , केसीसी बैंक कर्मचारी विश्वजीत, एस एम सी प्रधान अनुबला, बिक्रम सिंह आदि समस्त पूर्व छात्रों का इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद किया ।

# सिने जगत



## बर्थडे पर 'कल्कि' से सामने आया दिशा पटानी का फर्स्ट लुक

**कल्कि** 2898 एडी ट्रेलर रिलीज के बाद चर्चा में बनी हुई है। कुछ लोगों को ट्रेलर पसंद आया, तो वहीं कई दर्शकों ने नेगेटिव रिव्यू दिए हैं। हालांकि, अमिताभ बच्चन और कमल हासन के किरदारों को तारीफ मिली। वहीं, अब फिल्म से एक्ट्रेस दिशा पटानी का फर्स्ट लुक सामने आया है, इसके साथ ही उनके किरदार का नाम भी रिवील कर दिया गया है। दिशा पटनी, 13 जून को अपना 32वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। ऐसे में कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट कैरेक्टर पोस्टर जारी किया और उन्हें बर्थडे विश भी किया। कल्कि 2898 एडी की प्रोडक्शन कंपनी वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर फिल्म से दिशा पटानी का लुक शेयर किया और बताया कि फिल्म में उन्होंने रॉक्सी का किरदार निभाया है। पोस्टर में एक्ट्रेस क्रॉप टॉप, क्रॉप जैकेट के साथ मैचिंग लेदर पैंट पहने हुए दिख रही हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने दिशा पटानी को बर्थडे की बधाई दी और कैप्शन में कहा- 'हमारी रॉक्सी दिशा पटानी को जन्मदिन की ढेरों बधाइयां।'

## 27 साल बाद बॉर्डर-2 लेकर आ रहे सन्नी देओल



**साल** 1997 में फिल्म 'बॉर्डर' रिलीज हुई थी, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म में सनी देओल, अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ समेत कई स्टार्स ने भूमिका निभाई थी। अब इस फिल्म का सीक्वल आ रहा है। सनी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म 'बॉर्डर 2' का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर कर किया है। आज ही के दिन 13 जून को फिल्म 'बॉर्डर' 27 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वीडियो में सनी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। इंडिया की सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2 आ रही है। वीडियो में पीछे फिल्म 'बॉर्डर' का सॉन्ग 'संदेशे आते हैं' बज रहा है। फैंस इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं।

## देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**देश** की पहली आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के जीवन पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। इस फिल्म का नाम 'बेदी: द नेम यू नो..द स्टोरी यू डोंट' होगा। इसके निर्देशक और लेखक कुशाल चावला हैं। इसका निर्माण 'ड्रीम स्लेट पिक्चर्स' के बैनर तले किया जाएगा। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म में बेदी के जीवन के उस पक्ष को सामने लाया जाएगा, जिससे अभी तक लोग अनजान हैं। फिल्म की कहानी उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन से जुड़ी चुनौतियों, उनके जुझारू व्यक्तित्व को पर्दे पर लाएगी। बेदी ने बयान में कहा है कि यह कहानी सिर्फ मेरी कहानी नहीं है। यह एक भारतीय महिला की कहानी है। एक भारतीय महिला जो भारत में पली-बढ़ी, भारत में पढ़ाई की, भारतीय माता-पिता से जिसकी परवरिश की। मेरी कहानी नौ साल की उम्र से शुरू हो गई जब मेरे पिता ने मुझसे कहा था कि जीवन एक ढलान है, या तो आप ऊंचाई की ओर जाएंगे या नीचे आएंगे'।



## अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल

**बॉलीवुड** के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। जाने माने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनाई, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 में डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनाई। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभाई। अब इंद्र कुमार 'धमाल 4' लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टार कास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि 'धमाल 4' को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन , अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे। यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### 9 जुलाई तक बंद रहेगी दोभड़ कलां सड़क

**हमीरपुर।** नादौन उपमंडल के गांव दोभड़ कलां की सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 9 जुलाई तक बंद की जा रही है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर यातायात 9 जुलाई तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक नादौन-सुजानपुर सड़क या बड़ा-सधोड़ा पत्तन सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### आरसेटी में महिलाओं ने सीखे खिलौने बनाना



**हमीरपुर।** मटन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में तहसील नादौन के गांव भरयाल की महिलाओं के लिए नरम खिलौना निर्माता एवं विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को नरम खिलौने बनाने और इनके विक्रय के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के हमीरपुर मंडल के प्रमुख अरविंद सरोच ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें उद्यमिता के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया। इससे पहले, आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मुख्यातिथि और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

### भरेड़ी में टैंकरों से पीने का पानी मिलना हुआ शुरू



**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के भरेड़ी क्षेत्र में बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए जल शक्ति विभाग में पहले दिन पांच टैंकरों से पानी देना शुरू कर दिया। इससे ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से कुछ राहत पाई है। जल शक्ति विभाग ने पपलाह पंचायत के भरेड़ी बाजार, गरसाह, हनोह पंचायत के जड़ोह व कक्कड़ पंचायत में वीरवार को टैंकरों से पानी की सप्लाई दी है। इससे ग्रामीणों में बढ़ते पेयजल संकट से निजात पाई है। भरेड़ी क्षेत्र के गांवों को मेवा, बमसन, लगवाल्ती उठाऊ पेयजल योजना प्रोजेक्ट से पानी आता है, लेकिन कई दिनों से पानी न आने की बजह से ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग के टैंकर से पानी लेने वाले लोगों का कहना है कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग ने टैंकर लगाकर सराहनीय कार्य किया है। पहले दिन विभाग के पांच टैंकर पानी के लगाए हैं। समस्या को देखते हुए अन्य गांवों में भी विभाग लगाएगा। उधर, जल शक्ति विभाग मंडल भोरंज के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्डा का कहना है कि भोरंज में 34 पेयजल योजनाओं में से 31 योजनाओं में पानी कमी हुई है। इनमें से 8 पेयजल योजनाओं में 80 फीसदी पानी की कमी हुई है। अधिक समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर लगाए गए हैं।

### मंडी ने ऊना को एक विकेट से हराया

**नादौन।** सुपर लीग अंतर जिला स्तरीय अंडर-23 वनडे क्रिकेट मैच वीरवार को मंडी व कांगड़ा की टीम के बीच हुआ। मंडी टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ऊना की टीम ने 48.4 ओवर में 10 विकेट पर 251 रन बनाए। ऊना के बल्लेबाज अमनप्रीत सिंह ने शानदार 101 रन, जबकि दीप सिंह 58 रन बनाए। मंडी के देवन ने 6 विकेट झटके, जबकि चिराग ने 2, हुसन व मेहुल ने 1-1 विकेट ली। मण्डी की टीम ने जीत के लिए 251 रन के लक्ष्य को 49.2 ओवर में 9 विकेट पर 252 रन बनाकर पूरा करके मैच जीत लिया है। लोकेश ने 63, जबकि अंकुश ठाकुर ने 67 रन बनाए। यह जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने दी।

### भरमोटी खुर्द में मारपीट, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन शहर के साथ लगती भरमोटी खुर्द के गांव भरमोटी के संजीव कुमार पुत्र मेहर चंद ने तीन युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। संजीव ने पुलिस को शिकायत की है कि रॉबिन, जितेंद्र और महेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की है, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### जुब्बल के छावनी वीर मंदिर में भंडारा आज

**जुब्बल।** 'हम आप सब संस्था' द्वारा 14 जून को 18वें विशाल भंडारे का आयोजन जुब्बल के छावनी वीर मंदिर में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां लगभग संस्था एवं क्षेत्र के लोंगों के द्वारा पूरी कर दी गई है। मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन-यज्ञ भी किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हमेशा की तरह हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने लोगों से अपील की है कि, वे अपनी गाड़ियों को पार्किंग में लगाकर ही मंदिर आए। जिससे बाजार में जाम लगने जैसी स्थिति पैदा न हो। वहीं संस्था के सदस्यों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि 18वें विशाल भंडारे के लिए सभी लोग यहां पर उपस्थित रहें और जुब्बल छावनी वीर मंदिर में होने वाले भंडारे को सफल बनाएं।

### स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर में भागवत कथा शुरू

**शिमला।** न्यू शिमला सेक्टर-1 स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथामृत ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ वीरवार को संध्या कलश यात्रा के साथ हुआ। 14 जून से यह 3 दिवसीय कथा प्रारंभ हो रही है। प्रतिदिन इस कथा का समय सायं 6.30 से 8.30 बजे का रहेगा। सर्वप्रथम अक्षरधाम मंदिर में पूज्य जयतीर्थ स्वामी एवं पूज्य आर्यपुरुष स्वामी ने श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ एवं कलशों का पूजन भक्तों की उपस्थिति में संपन्न किया। सायं 5 बजे मंदिर के परिसर से महिलाओं का समूह सुंदर मांगलिक वस्त्रों में सुशोभित 31 कलश और लाल वस्त्र में सुशोभित भागवत जी ग्रंथ को सिर पर धारण करके मंदिर से रवाना हुआ। मंदिर से निकलकर यह शोभा यात्रा बीसीएस चौक से होकर न्यू शिमला के सेक्टर-1 तथा सेक्टर-2 मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस कथा का लाभ दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर के मुख्य कार्यवाहक संत पूज्य मुनिवत्सल दास स्वामी प्रदान करेंगे।

# भोरंज में पेयजल योजनाएं सूखने के कगार पर, मचा हाहाकार

## मन्वी के लोगों का आरोप; आधे गांव में पानी की भरमार, आधा पड़ा सूखा

**एसके शर्मा, जाहू**



भरेड़ी में टैंकर से पानी की सप्लाई करते हुए जल शक्ति विभाग के कर्मचारी।

भोरंज उपमंडल में पानी की अधिकतर पेयजल योजनाएं सूखने के कगार पर हैं। मन्वी गांव के अशोक कुमार ने बताया कि पानी छोड़ने वाले कर्मचारी भेदभाव कर रहे हैं। आधे गांव के घरों को भरपूर पानी मिल रहा है, जबकि आधे गांव के लोगों के नल पिछले 15 दिन से सूखे पड़े हुए हैं। अशोक कुमार ने बताया पानी छोड़ने वालों की बजह से आधे गांव के नल सूखे पड़े हुए है।

कनिष्ठ अभियंता को इसकी शिकायत मोबाइल फोन पर करने के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचे। इस समय अधिकतर पेयजल योजनाएं 50 प्रतिशत से अधिक सूख चुकी हैं। भोरंज में इस समय सबसे अधिक पानी की समस्या भरेड़ी, गरसाहड़, पपलाह, कक्कड़, बाहन्वी में गंभीर रूप धारण किए हुए है। यहां पर आठ और नौ दिन के बाद पानी की 10 से लेकर 15 मिनट तक सप्लाई होती है। विभाग द्वारा पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए और लोगों के काफी विरोध के बाद इन उपरोक्त पंचायतों में टैंकर से पानी देने का फैसला लिया और वीरवार को टैंकरों के माध्यम से लोगों को पानी उपलब्ध होने पर राहत की सांस ली है।

पानी की समस्या गंभीर होने पर दो दिन पहले भरेड़ी में काफी विवाद हुआ जब विभाग द्वारा भरेड़ी बाजार को पाइप लाइन जोड़ने का काम शुरू किया था। विवाद भी क्यों नहीं होता, क्योंकि विभाग को गर्मी के मौसम में नई पाइप लाइन बिछाने की याद आती है, इससे पहले विभाग सर्दी के मौसम में गहरी नींद में होता है। प्रधान अंकुश सैनी का कहना है कि विभाग सर्दी के मौसम में तो कोई कार्य नहीं करता है जब गर्मी के मौसम में नई पाइप जोड़ने का कार्य शुरू कर देता है।

वहीं बाहन्वी पंचायत के उपप्रधान राकेश कुमार ने बताया कि पंचायत में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है लोगों को 10 और 12 दिन के बाद 10 से लेकर 15 मिनट की सप्लाई हो रही है, जो कि नाममात्र है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि बाहन्वी पंचायत के लोगों को भी टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाए। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता राजेश ठाकुर ने बताया कि विभाग द्वारा जहां जहां पानी की सप्लाई नहीं हो रही है वहां पर टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू कर दी है। गर्मी की मार की बजह से अधिकतर पेयजल योजनाएं सूखने के कगार पर है जिसकी बजह से पानी की समस्या उत्पन हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# त्रिलोकपुर के जंगल सुलगे वन संपदा जलकर राख



झाड़ियों में लगी आग को बुझाता व्यक्ति।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के त्रिलोकपुर के जंगल को किसी असमाजिक तत्व ने आग लगा दी, जिससे वन संपदा जल कर राख हो रही है। यहां तक कि जंगल में आग लगने से जंगली पशु पक्षी भी परेशान हैं और उन्हें भी रिहायशी इलाकों में जाकर जान बचानी पड़ रही है।

वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि या तो राह चलते किसी व्यक्ति ने आग लगाई है या फिर निकट गांव में रहने वालों ने, क्योंकि यहां के लोग ही वर्ष भर जंगल से घास काटते हैं इस जंगल की आग से क्षेत्र में ह्यूमिडिटी भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यह आग दिन-प्रतिदिन भयंकर रूप धारण कर रही है जिससे हवा चलने से वन के निकट घर भी इसकी चपेट में न आ जाएं। लोग रात-रात भर जग कर इस आग का मुआयना कर रहे हैं।

ग्रामीण और वन कर्मी इस आग पर काबू पाने का असफल प्रयास कर रहे हैं जो आगामी पूरी गर्मी में ऐसे ही हालात रहने की संभावना है। लोगों ने इन आग लगने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वन रक्षक शुभम शर्मा ने कहा कि यदि कोई आग लगाता पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ने से तापमान में तेजी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने पर्यावरण दिवस मनाया। जानकारी देते हुए डॉ. शैलजा कुमारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीम के पौधे लगाए गए, जो हरे और स्वस्थ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

पेड़-पौधे पर्यावरण में प्रदूषण के स्तर को कम करके इसे शुद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। आधुनिकता की दौड़ में धरती पर हर साल प्रदूषण काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिसके दुष्परिणाम समय-समय पर हमें देखने को मिलते हैं, पर्यावरण में अचानक प्रदूषण का स्तर बढ़ने से तापमान में भी तेजी देखी जा रही है तो कहीं-कहीं पर प्रदूषण के बढ़ते हुए स्तर के कारण लंबे समय से बारिश भी नहीं हो पाती।

प्रदूषण का बढ़ता स्तर पर्यावरण के साथ ही इंसानों के लिए खतरा बनता जा रहा है, इसके कारण कई जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं, वहीं इंसान कई गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। आईआईसी अध्यक्ष डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. आशा कुमारी, इंजी. अंशुल ठाकुर आदि ने पौधरोपण में भाग लिया।

# मक्की की फसल बीजने को लेकर बरसात का इंतजार कर रहे लोग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



बरसात आने वाली है और जमकर बारिश होगी। इसी उम्मीद से किसान और लोग बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले बारिश तो हुई, लेकिन उसका असर भी एक दो दिन में समाप्त हो गया। अब फिर से पहले जैसे हालात हो गए हैं। बारिश न होने से खेत पूरी तरह से सूख गए हैं और जब तक बारिश नहीं होती तब तक मक्की की फसल को बीजना मुश्किल है। हालांकि, किसानों ने मक्की का बीज भी खरीद कर रख लिया है लेकिन बारिश न होने से सूखे खेतों में मक्की नहीं बीजी जा सकती।

किसानों का कहना है कि इस बार समय पर बारिश न होने के कारण मक्की की फसल बीजने में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि जून महीने तक मक्की की फसल आधा फुट तक हो जाती थी, लेकिन इस बार मक्की खेतों में बीजी ही नहीं तो बड़ी कहा से होगी। मौसम विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार अभी तक पांच छह दिनों तक बारिश होने के कोई आसार नहीं है, वहीं गर्मी बढ़ने से पेयजल योजनाएं भी सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में खेत तो पूरी तरह से सूख चुके हैं, जिससे मक्की की बीजाई करने के लिए किसानों को अभी और इंतजार करना होगा।

इस बारे में कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल ने बताया कि अभी मक्की की फसल बीजने के लिए समय है। उन्होंने बताया किसानों को कृषि विक्रय केंद्रों में मक्का और चरी-बाजरे का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश होने बाद ही किसान मक्की की फसल बीज सकते हैं, इससे फसल को कोई नुकसान नहीं पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# बड़सर की जनता को जल संकट के समय छोड़कर कहां गए मुख्यमंत्री : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**



विधायक लखनपाल क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पानी लोगों तक पहुंचाते हुए।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। अधिकतर पेयजल योजनाएं सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। ऐसे में बड़सर क्षेत्र में जल संकट पैदा हो गया है। उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा विधायक के रूप में शपथ लेने के बाद इंद्रदत्त लखनपाल बड़सर की जनता के प्रति चिंतित नजर आए।

उन्होंने जारी प्रेस बयान में कहा कि हीटवेव के दौर में गुजर रहे बड़सर में भारी जल संकट चल रहा है। जलसंकट के इस दौर से गुजर रहे बड़सर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दौरान खुद को जनता हितैषी कहने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके कांग्रेस नेताओं की फौज इस मुश्किल वक्त में क्षेत्र से नदारद क्यों है? लखनपाल ने कहा की प्रदेश में कांग्रेस सरकार है और मुख्यमंत्री उपचुनाव में स्वयं इस बात की जिम्मेदारी ले चुके हैं कि वह बड़सर में जनता की मुश्किलों का प्राथमिकता से हल करेंगे, लेकिन पेयजल संकट से जूझ रही बड़सर की जनता को मुश्किल से निकालने के लिए न तो मुख्यमंत्री सामने आ रहे है और न ही बड़सर कांग्रेस के वे तमाम नेता दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने अपने जिला का मुख्यमंत्री होने के नाम पर लोगों को गुमराह करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व उनके नेताओं की फौज हमेशा ही झूठे वायदे कर जनता को बरगलाने का प्रयास करती रही है।

उन्होंने कहा उपचुनाव के बाद से ही समुचे बड़सर विधानसभा क्षेत्र में पानी की किल्लत हो चुकी है। खासकर धंगोटा, सोहारी, कुल्हेडा, धबीरी आदि पंचायतों में पीने के पानी के लिए त्राहिमाम मची हुई है। ऐसे में जिला का मुख्यमंत्री वाली सरकार ने बड़सर की जनता को कोई राहत नहीं पहुंचाई है।

उन्होंने कहा कि इस जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को पानी के टैंकर भेजकर समस्या को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। लखनपाल ने कहा कि हर मुश्किल व खुशी के दौर में मैं अपने परिवार के साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा, लेकिन बड़सर की जनता कांग्रेस के उन नेताओं को जरूर पूछे की मुख्यमंत्री ने जल संकट से जूझ रहे बड़सर के लिए जिला का मुख्यमंत्री होने के नाते क्या किया।

# 8वीं मैगा मॉकड्रिल की सभी तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मॉक एक्सरसाइज के लिए जिला हमीरपुर में बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदा से बचाव एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के अभ्यास के लिए शुक्रवार को प्रदेश भर में आयोजित की जा रही मैगा मॉक एक्सरसाइज के लिए जिला हमीरपुर में भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जा रही यह आठवीं मेगा मॉक एक्सरसाइज शुक्रवार को सुबह 9 बजे से आरंभ होगी। इस दौरान जिले के पांचों उपमंडलों में बाढ़ और भूस्खलन से बचाव एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का अभ्यास किया जाएगा।

अमरजीत सिंह ने बताया कि इस कार्य को एक सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए प्रत्येक उपमंडल में स्टेजिंग एरिया स्थापित किया जाएगा और वहीं से सभी संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमीरपुर उपमंडल में दोसड़का के पुलिस मैदान में स्टेजिंग एरिया स्थापित किया जाएगा।

इसी प्रकार सुजानपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में, भोरंज उपमंडल के जाहू में, बड़सर उपमंडल में राजकीय महाविद्यालय बड़सर और नादौन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौना के मैदान में स्टेजिंग एरिया बनाया जाएगा। इन्हीं स्थानों से बचाव एवं राहत कार्यों को संचालित किया जाएगा तथा चिह्नित साइटों से लोगों को शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा सभी स्कूलों में भी मॉक एक्सरसाइज की जाएगी। उपायुक्त ने जिला में आपदा प्रबंधन एवं इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) यानि घटना प्रतिक्रिया तंत्र से संबंधित सभी विभागों को इस मेगा मॉक एक्सरसाइज में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्य सचिव को संबंधित तैयारियों से करवाया अवगत

**मानसून** सीजन के दौरान किसी भी तरह की आपात परिस्थिति से निपटने की तैयारियों के संबंध में वीरवार दोपहर बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को विभिन्न प्रबंधों से अवगत करवाया। इस बैठक में एसपी भगत सिंह और जिला में आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता मिलकर हमीरपुर विस सीट पर जीत करेंगे सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ बैठक करते हुए।

ब्लॉक कांग्रेस हमीरपुर के पदाधिकारियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं, जिनमें कई भाजपा के प्रमुख लोग भी थे, बुधवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मुलाकात करके आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने एकमत होकर विधानसभा उपचुनाव के लिए टिकट का फैसला मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान पर छोड़ने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री ने भी सभी पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए टिकट का आवंटन जनभावनाओं के अनुरूप ही किया जाएगा। इस अवसर पर सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वे हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की

**मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान ब्लॉक कांग्रेस के नेताओं ने लिया संकल्प**

मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे तथा आगामी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात कार्य करेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और पार्टी हाईकमान जिस भी उम्मीदवार नाम फाइनल करेंगे, उसकी जीत के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता भरपूर मेहनत करेगा। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ही नहीं, बल्कि प्रत्येक हमीरपुरवासी के लिए भी यह गर्व की बात है कि इस बार जिला हमीरपुर को मुख्यमंत्री का पद मिला है। इसलिए, विधानसभा उपचुनाव में हमीरपुर की सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करके मुख्यमंत्री के हाथ मजबूत करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के आम मतदाता भी अपना सक्रिय योगदान देंगे। लगभग डेढ़ दशक से लटके अंतर्राज्यीय बस अड्डे के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए का प्रावधान करके तथा इसका कार्य आरंभ करवाकर सीएम ने हमीरपुरवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर मुख्यमंत्री सुक्खू के हाथ मजबूत करेंगी।

**कब्जा** निशानदेही के बाद एनएच निर्माण कंपनी और स्थानीय लोगों पर उठी अंगुलियां

# टौणी देवी डाक विभाग की जमीन हड़पने की कोशिश

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



सड़क खुदाई के दौरान डाक विभाग की जमीन का भी किया गया कटान।

टौणी देवी में डाक विभाग के नाम हुई तीन कनाल जमीन को हड़पने की कोशिशों के बाद आखिर विभाग द्वारा निशानदेही करवाई गई। पुख्ता जानकारी के मुताबिक निशानदेही के बावजूद तीन कनाल जमीन पूरी नहीं हो पाई है। सरकारी जमीन को हड़पने की कोशिश में स्थानीय लोगों और एनएच निर्माण कंपनी के ऊपर अंगुलियां उठना शुरू हो गई हैं। बेशक राजस्व विभाग द्वारा की गई निशानदेही के बाद जमीन में पक्के एंगेल्स भी गाड़ दिए गए हैं, लेकिन एनएच-3 के किनारे लाखों रुपए कीमत की इस जमीन पर गिद्ध दृष्टि अभी भी बरकरार है।

एनएच निर्माण कंपनी भी स्वीकार कर चुकी है कि सड़क खुदाई के दौरान डाक विभाग की जमीन का भी कटान कर दिया गया था, आपत्ति के बाद वहां काम रोक दिया गया है। ऐसा एनएच निर्माण कंपनी ने किसके इशारे पर किया, लोग इस बात की खूब चर्चा भी कर रहे हैं।

बता दें कि टौणी देवी डाकघर कई दशकों से किराए के भवन में चला हुआ है। इसके भवन के लिए जमीन तलाश करने का कार्य स्थानीय लोगों द्वारा किया गया तथा उस वक्त की हमीरपुर की विधायक अनीता वर्मा और उस समय के केंद्रीय दूर संचार मंत्री के प्रयासों से टौणी देवी डाक विभाग के नाम भवन निर्माण के लिए तीन कनाल जमीन अलॉट कर दी गई थी।

इस बारे में टौणी देवी व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप राणा ने बताया कि डाकघर का अपना भवन हॉस्पिटल चौक के पास बनने से स्थानीय दुकानदारों को भी फायदा होगा। उन्होंने मांग की कि डाक विभाग की जमीन से कब्जे हटाकर भवन निर्माण शीघ्र किया जाए। स्थानीय दुकानदारों विपिन शर्मा, राजीव राणा, अजीत सिंह, मिलाप चंद, देश राज, जगदेव चंद ने भी डाकघर भवन का शीघ्र निर्माण शुरू करने की मांग की है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

> डाक विभाग की जमीन पर कब्जे होने की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग से निशानदेही करवाई गई तो तीन कनाल जमीन पूरी नहीं हो पाई। इस बारे विभाग के उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। विभाग की जमीन पर स लोहे के एंगेल्स लगा दिए गए हैं।
> -सुनील जंवाल
> उपडाकपाल, टौणी देवी

## न्यूज ब्रीफ

### सफाई कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित

**चंबा।** उपायुक्त राज्य कर व आबकारी कंवर शाह देव कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबा कार्यालय में आउटसोर्स के आधार पर साफ-सफाई से संबंधित कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्राधिकृत कंपनी या संस्था अपनी निविदाएं बंद लिफाफे में 18 जून शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकती है।

### सिहुंता कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश शुरू

**चुवाड़ी।** राजकीय महाविद्यालय सिहुंता में 2024-25 सत्र के लिए विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि स्नातक कला एवं बणिज्य संकाय के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि कला संकाय के अंतर्गत इतिहास, संगीत, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान व हिंदी आदि विषय उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कॉलेज में सभी विषयों के आचार्य के पद भरे हुए हैं जिससे वर्तमान में हर विषय की पढ़ाई वेहतर से कॉलेज में स्टाफ उपलब्ध होने के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि बर्ष 2024-25 के सत्र के लिए प्रवेश 15 जुलाई तक विद्यार्थी ले सकते हैं।

### धिमला स्कूल में भरा जाएगा कुक का पद

**चंबा।** राजकीय उच्च विद्यालय धिमला में एसएमसी बैठक का आयोजन अध्यक्ष दलीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में पाठशाला में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। एसएमसी अध्यक्ष दलीप कुमार ने बताया कि पाठशाला में कुक कम हेल्पर के रिक्त पद को भरे जाने बहुत आवश्यक है। अध्यक्ष के इस प्रस्ताव पर एस एम सी हाउस ने तत्काल प्रभाव अपनी सहमति प्रदान की। बाद में निर्णय लिया गया कि जल्द ही पद को भरा जाएगा। पात्र उम्मीदवार 27 जून तक अपने सभी प्रमाण पत्र व संबंधित दस्तावेजों को आवेदन सहित कार्यालय राजकीय उच्च पाठशाला धिमला में जमा करा सकते हैं। इसके बाद साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की जाएगी।

### प्रंघाला में क्रशर प्लांट से लोग परेशान

**भरमौर।** भरमौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत प्रंघाला व हड़सर के आला व अंजीर नाले में चल रहे क्रशर प्लांट के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस जगह पर प्लांट चलाया जा रहा उसके साथ ही हाई स्कूल, प्राइमरी स्कूल, पटवार खाना, पंचायत घर, बैटनरी डिस्पेंसरी, हेल्प सेंटर, प्राचीन कार्तिक स्वामी का मंदिर है व कई रिहानी मकान है। क्रशर के कारण काफी प्रदूषण हो रहा है। सड़क के किनारे लगभग 5 किलो मीटर के दायरे में जगह-2 क्रशर प्लांट व तारकोल (लुक प्लाट) की समाग्री बिखरी होने के कारण कई दुर्घटना हो चुकी है। इस बारे में कई शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। यह बात ग्राम पंचायत प्रंघाला व हड़सर के पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम. को ज्ञापन सौंपते हुए कही। प्रधान बबली देवी व अन्य ने बताया कि धुंए से लगभग 200 परिवार प्रभावित हो रहे हैं व प्राकृतिक संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। दूषित हवा के कारण आये दिन बच्चे व बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। कंपनियों के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें की गई हैं। परंतु आज दिन तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

### शोध में प्राथमिक स्रोतों को दें अधिमान : डॉ. प्यासा

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में शोध संवाद कार्यक्रम की



दूसरी कड़ी में प्रसिद्ध इतिहासकार, साहित्यकार एवं लेखक डॉ. कमल के. प्यासा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कमल के. प्यासा ने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी शोध के लिए प्राथमिक स्रोतों पर बल दें, ताकि नवीनतम शोध समाज के सम्मुख प्रस्तुत हो सके। डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य वक्ता से विद्यार्थियों ने अपने शोध विषय से संबंधित चर्चा की व प्रश्न पूछे। उन्होंने बताया कि मुख्य वक्ता द्वारा कामलाह दुर्ग पर पुनीत भारती, नागर शैली पर जितेन, मंडी में शिक्षा पर हिमांशु, चौकी परोल घरों पर गीता व प्रीति, कांडापत्तन पर तनुजा, मंदिरों की स्थापत्य पर रोहित, रानी ललिता कुमारी पर ललित, शोभा राम पर कर्मा, मंडी के स्रोतों पर रवीना व विनोद द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर उनकी शंकाओं का निवारण किया।

### कॉन्ट्रैक्ट पीरियड को पेंशन के लिए जोड़ने पर कर्मी खुश



**मंडी, पधर।** नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुबंध काल को पुरानी पेंशन के लिए गिने जाने संबंधित सरकार का फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने इस के लिए प्रदेश सरकार, मुख्य सुखविंदर सिंह सुक्खू व उनके तमाम सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इस ऐतिहासिक निर्णय से बहुत से ऐसे कर्मचारियों को लाभ मिला है जिन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान एक लंबा कार्यकाल अनुबंध पर काटा है। जिन साथियों की रेगुलर सेवाएं 10 वर्ष से नहीं हो पा रही थी आज कॉन्ट्रैक्ट पीरियड के जुड़ने से यदि वह 10 वर्ष पूरा कर लेते हैं तो वह पेंशन के हकदार हो जाएंगे।

### जोगिंद्रनगर में 26 जून को लगेगा रोजगार मेला

**जोगिंद्रनगर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में मैसर्स टीडीएस चंडीगढ़ प्लेसमेंट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से 26 जून को आईटीआई पास प्रशिक्षुओं के लिए सुबह 9-30 बजे से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। अधिक जानकारी देते हुए संस्थान की प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी ने बताया कि साक्षात्कार में फिटर, टर्नर, मैकेनिस्ट, वेल्डर, एमएमवी, ट्रैक्टर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक, डिप्लोमा मैकेनिकल तथा अन्य ट्रेड में पास हुए प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए -9418395261 पर संपर्क करें।

# नियम ताक पर रख नियमित कर दिए दैनिक वेतन भोगी

## वन विभाग कर रहा जांच, अधिकारियों व कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज

**एमएम डैनियल, चंबा**

वन मंडल चंबा की मसरूंड रेंज में दैनिक वेतन भोगियों को नियमों के विपरीत नियमित करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि मामले की भनक लगते ही वन विभाग आला अधिकारी हरकत में अवश्य आ गए हैं। विभागीय जांच सहित आरटीआई के तहत उजागर हुई धांधली के दस्तावेजों पर अगर विभागीय कार्रवाई होती है तो नियमित हुए दैनिक भोगियों सहित इसकी गाज विभागीय अधिकारियों पर भी पड़ सकती है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार के विधानसभा उपचुनाव में व्यस्तता के चलते कार्रवाई में कुछ विलंब हो रहा है, वहीं दूसरी ओर तमाम जांच रिपोर्ट पूर्ण होने के बावजूद मामले को गोलमाल घूमा कर विभाग के अधिकारी अपने सहयोगी स्टाफ को विभागीय कार्रवाई से बचाने की फिराक में लगे हुए हैं। गौर हो कि जिला चंबा की वन मंडल चंबा अधीन मसरूंड रेंज में आरटीआई में मांगी गई सूचना में ज्ञात हुआ कि वन विभाग बिलों को आधार बनाकर दैनिक वेतन भोगी को नियमित कर दिया गया, जबकि नियमानुसार मस्टररोल को आधार बनाकर दैनिक वेतन भोगी को नियमित करने का प्रावधान है। शिकायत जैसे ही मुख्य वन अरण्यपाल के पास पहुंची तो उन्होंने एसीएफ डलहौजी को इसकी जांच करने के निर्देश जारी किए। जांच अधिकारी ने दो बार मसरूंड रेंज का औचक निरीक्षण करके इस मामले से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। इसमें जांच व वन विभाग अधिकारियों पर दैनिक भोगियों को नियमित करने में बरती गई कोताही स्पष्ट हो चुकी है।

इस मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इसमें संलिप्त अधिकारियों की सांसें फूलना शुरू हो गई हैं। उन्हें यही डर सता रहा है कि यदि जांच में गड़बड़ी साबित हो गई तो उनकी नौकरी पर भी तलवार लटक सकती है। उधर, जांच अधिकारी एवं एसीएफ डलहौजी रवि गुलेरिया ने बताया कि इस मामले में जांच पूर्ण हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट मुख्य वन अरण्यपाल को सौंप दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### मामले में जांच जारी: मुख्य वन अरण्यपाल



**मुख्य** वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन ने बताया कि दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने के मामले में जांच जारी है। विभाग द्वारा दैनिक वेतन भोगियों को वरिष्ठता के आधार पर नियमित किया गया है। इस मामले में अगर किसी दैनिक वेतन भोगी को विभागीय नियमों के विरुद्ध नियमित किया है तो ऐसे कर्मचारी सहित विभागीय अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दिशा में एक रिपोर्ट विभागीय निदेशालय को भी भेज दी है।

# जम्मू-कश्मीर से सटी सीमाओं को तुरंत बंद किया जाए : मनीष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



पड़ोसी राज्य जेएंडके में गत दिनों चार बड़ी आंतकवादी घटनाएं घटित हुई हैं, जिनको अंजाम देने वाले आतंकी मौके से फरार हैं। इसके चलते संदेह है कि जेएंडके के समीप हिमाचल प्रदेश राज्य है और ऐसे में आतंकी की प्रदेश में शरण ले सकते हैं। इसके प्रति हिमाचल प्रदेश सरकार को इस दिशा में गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने एक जारी बयान में कही है।

आप प्रवक्ता सरीन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि इस दिशा में तत्काल प्रभाव से कदम उठाए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जम्मू-कश्मीर से लगती हिमाचल प्रदेश की सीमाओं को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय यह है कि ये सभी घटनाएं डोडा रेयासी व भद्रवाह क्षेत्रों में हुई हैं, जो कि हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा से अपनी सीमाएं साझा करते हैं। ऐसा पहले भी हो चुका है, जब आतंकवादी पड़ोसी राज्य में किसी घटना को अंजाम दे कर सुरक्षा बलों से अपनी जान बचाकर हिमाचल प्रदेश की सीमाओं में घुसे भी और हिमाचल प्रदेश की जनता को भीषण हानि भी पहुंचाई। आप प्रवक्ता ने कहा कि गर्मियां होने की वजह से इस समय हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की भारी आवाजाही है तथा इस समय किसी आतंकवादी का प्रदेश में प्रवेश किसी बहुत भयावय स्थिति को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि कालाबन सतरुंडी की घटना को अभी तक कोई भी प्रदेशवासी भूल नहीं पाया है तथा यदि ऐसी किसी दुर्घटना से बचना है तो प्रदेश की जम्मू-कश्मीर से लगती सीमाओं को तुरंत प्रभाव से बंद कर भारी सुरक्षा बलों की तैनाती सीमा पर की जानी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस गंभीर विषय पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

### सोम्पी मंगली स्कूल एसएमसी के अध्यक्ष

**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मंगली में भी स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य बलि राम की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आम सभा में मौजूद सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से ज्ञान को स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की कमान सोम्पी को प्रदान की। धर्मेंद्र, पान चंद, केवल सिंह, पीर मोहम्मद, हंसराज, मंजूर खान, भोट मोहम्मद, आशिक, नीलमा, दिशू, शिलो देवी, कुलसुमा, दिशा, चेंचलो व फेजू को समिति के सदस्यों के रूप में चुना गया। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलि राम ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ की तरफ से सरिता कुमारी, बुद्धि प्रकाश, मुकेश कुमार, प्रियंका शर्मा सहित समस्त स्टाफ व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# योग मानव विकास ट्रस्ट 12 वर्ष से दे रहा स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

योग मानव विकास ट्रस्ट ने बनीखेत के पास अपने अंतर्निर्माण परिसर में स्वास्थ्य, कल्याण और ध्यान शिविरों का आयोजन करते हुए 12 साल पूरे कर लिए हैं, जिसका विशिष्ट उद्देश्य जीवन शैली की दैनिक गतिविधियों को रोगी बनाने के बजाय चिकित्सा में परिवर्तित करना और मानव के उच्च उद्देश्य को जानने और प्राप्त करने के मार्ग पर चलना है।

ट्रस्ट की अध्यक्ष किरण डोडेजा ने बताया कि अष्टकोणीय संरचना के रूप में निर्मित अंतर्निर्माण परिसर के शीर्ष पर हिमाचल का सबसे बड़ा गुंबद है। इसकी दीवारों पर मूल विषय 'मैं कौन हूं' पर सुंदर आध्यात्मिक कला दीर्घाएं हैं, योग मानव काया आरोग्य धाम अंतर्निर्माण में है, जो पंचकर्म उपचारों के साथ उपचार हेतु उपलब्ध है। पिछले दिनों देशभर के कॉरपोरेट अधिकारियों और जनता सहित 150 से अधिक स्वास्थ्य और ध्यान संबंधी शिविर आयोजित किए गए हैं, इन शिविरों में 5000 से अधिक लोगों ने भाग लिया है।

अध्यक्ष किरण डोडेजा ने यह भी बताया कि देश कई सरकारी और निजी अस्पताल और अन्य केंद्र के माध्यम से अपने नागरिकों के स्वास्थ्य पहलुओं पर करोड़ रुपये खर्च करता है। वर्तमान में लुधियाना, बठिंडा, वडोदरा, देहरादून, भोपाल, खंडवा, दिल्ली के 50 लोगों का समूह 10 जून से 5 दिनों के एकांतवास पर है और केवल सात्विक भोजन का सेवन करने के अलावा योग, योग निद्रा, नाड़ी शोधन, सुदर्शन क्रिया, ध्यान के अभ्यास सीख रहे हैं।

### मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज

**मंडी।** पुलिस थाना सदर में एक महिला के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने पर एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता अनुसार जब वह अपने घर पर घरेलू कार्य करने में व्यस्त थी तो पड़ोसी की पालतू गाय उसके सब्जी के खेत में चरती नजर आई। महिला ने पड़ोसी की पत्नी को आवाज लगाई, लेकिन किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। इस पर महिला ने पड़ोसी की गाय को सब्जी के खेत से बाहर निकाल कर उनके घर के पास छोड़ दिया। इस पर उसके पड़ोसी ने उसे गुस्सा किया और गाली-गलौज करने लग गया। इसके साथ पड़ोसी ने उसके साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने लगा। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### बीरी सिंह ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बालीचौकी।** वीरवार को ओबीसी मोर्चा सिराज मंडल की ग्राम पंचायत जूफर कोट में दर्जनों प्रतिनिधियों मंडल व उपमंडल अधिकारी बालीचौकी से मिल कुछ परिवारों का नुकसान जुलाई 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण हुआ। उनके घरों में दरारें आई, जिससे घरों को काफी नुकसान हुआ है वीरी सिंह भारद्वाज ने बताया कि बार-बार आग्रह करने पर भी विभाग का कर्मचारी संबंधित लोगों के घरों की स्थिति का जायजा लेने नहीं गए। और विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता भी इन लोगों को प्रदान नहीं कि गई। जिनमें मोतीराम पुत्र कातकू राम गांव ठनारा डाकघर गाड़ा गुसैनी तहसील बाली चौकी, लेदराम पुत्र कमलू, कलिराम पुत्र जहरू राम पीड़ित व्यक्ति हैं जिन्हें अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता विभाग और सरकार की तरफ से नहीं मिली। वीरी सिंह भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया हैं कि जो लोग पीड़ित हैं उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए ताकि सरकार की मदद से उक्त लोग अपने घरों की मरम्मत करा सके।

### सरानाहुली पर्व पर पराशर को स्पेशल बस सुविधा

**मंडी।** सरानाहुली पर्व को लेकर पराशर ऋषि में आयोजित होने वाले मेले को को देखते हुए एचआरटीसी मंडी द्वारा पराशर के लिए तीन बसें लगाई गई है अड्डा इंचार्ज पवन गुलेरिया ने बताया कि तीन बसों में एक बस रूट की हैं एक स्पेशल और एक कटौला से पराशर के लिए बस को डायवर्ट किया गया हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा को देखते हुए पराशर के लिए यह बसें सुबह 7 और 8 बजे रवाना होगी और पराशर से 1 बजे, 2:30 बजे और 3 बजे वापिस आएगी। बता दें कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 जून को महर्षि पराशर को समर्पित सरानाहुली मेले का शुभारंभ करेंगे।

### लोगों ने विधायक को बताईं समस्याएं

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत सलवाणा का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को अपनी समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल से मिला। इस दौरान पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक को क्षेत्रवासियों की समस्याओं को लेकर जानकारी दी गई। वहीं, विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द से जल्द समस्याओं को हल करने के आदेश दिए। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में ग्राम पंचायत सलवाणा की प्रधान चंपा देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय पंचायत निवासी एवं वार्ड-1 के वार्ड पंच संजय सलवाणी ने बताया कि ग्रामीणों ने क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की समस्या से विधायक को अवगत करवाया। इसके साथ सड़क मार्ग और क्षेत्र में बसों के सुचारु आवागमन बाधित होने पर कार्रवाई की मांग की गई। इस पर विधायक ने जलशक्ति विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति करने आदेश दिए हैं।

### लोगों को दी जायका प्रोजेक्ट की जानकारी

**सरकाघाट।** जायका परियोजना के तहत सरकाघाट उपमंडल के पलवाहन गांव में वीरवार को इरीगेशन एंड वाटर मैनेजमेंट कैंप का आयोजन किया गया। परियोजना के खंड परियोजना प्रबंधक अश्वनी कुमार और कृषि प्रसार अधिकारी निशांत पराशर, निवेश ठाकुर द्वारा सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्यों में कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खंड परियोजना प्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफकटर पर 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा। इस कूहल के तहत 16.75 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मैकेनाइजेशन के अंतर्गत पावर टिलर, पावर वीडर, चाफ कटर, टूल किट बारे में लोगों को संपूर्ण जानकारी भी दी। इस कैंप में लगभग 35-40 लोगों ने भाग लिया।

### मंदिर की देखरेख करेगी पूर्व सैनिक कमेटी

**मंडी।** जिला मंडी पूर्व सैनिक लीग का जनरल हाउस जिला सैनिक कल्याण विभाग परिसर में लीग के कार्यवाहक अध्यक्ष कैप्टन कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिला पूर्व सैनिक लीग के सचिव हेतराम शर्मा ने लीग की वर्तमान समय तक की रिपोर्ट प्रस्तुत की व सैनिक कल्याण विभाग के साथ व जिला प्रशासन के साथ त्रैमासिक बैठकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिला पूर्व सैनिक लीग ने अपने पांच साल के कार्यकाल में इंदिरा मार्केट के संकन गार्डन में शहीद स्मारक निर्मित करवाया, उसमें सेना दिवस, कारगिल विजय दिवस, 1965 व 1971 के विजय दिवस भी मनाए गए। जिला लीग ने सैनिक कल्याण विभाग के सहयोग से पड्डल में ज्वाला माता मंदिर में पूर्व सैनिकों की एक मंदिर कमेटी बनाई है, जो अब मंदिर की पूरी देखरेख करेगी। लीग सीएसडी कैंटीन को पड्डल बस स्टैंड में शिफ्ट करने का पुरजोर विरोध किया है। जिला लीग के कोषाध्यक्ष कैप्टन चेतराम शर्मा ने पूरे पांच साल का लेखा जोखा हाउस के समक्ष रखा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने को होंगे निरीक्षण

**मंडी।** एसडीएम ओमकांत ने बताया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करने पर एक जुलाई, 2022 से पूर्ण प्रतिबंध लागू है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए औचक निरीक्षण किए जाएंगे। अगर कोई दुकानदार या आपूर्तकर्ता प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री करता हुआ पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनका चालान किया जाएगा। उन्होंने लोगों को शादी और अन्य समारोहों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने होटल ओर ढाबा मालिकों को भी सख्त हिदायत दी है कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें।

### 82 लोगों ने कराई दांतों की जांच

**गोहर।** उपमंडल अधिकारी नागरिक गोहर कार्यालय में वीरवार को हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के सौजन्य से मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मुफ्त दंत जांच शिविर में बासा, गोहर, दाण पंचायत से लगभग 82 लोगों दांतों का चेकअप करवाया, जिसमें 19 लोगों का स्पेशल ट्रीटमेंट वहीं उपस्थित डेंटल वन में किया गया। शिविर में लोगों के दांतों का चेकअप तथा दांतों में उत्पन्न समस्याओं व बीमारियों की रोकथाम के लिए सलाह व दवाइयां वितरित की गई।

इस अवसर पर डॉक्टर साहिल ने कहा कि इन शिविरों का आयोजन लोगों में दांतों की सही तरीके से साफ सफाई व देखभाल, उत्पन्न होने वाले रोग, समस्याएं व उनकी रोकथाम के लिए जानकारी से अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि दांतों का हमारे शरीर में उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करने और दांतों के चेकअप के लिए समय-समय पर इन शिविरों का आयोजन किया जाता है।

# एएसआई हत्या मामले में पुलिस ने तीन और संग्दिधों से की पूछताछ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के सलूणी क्षेत्र अधीन किहार में घटित आईबी एएसआई अरुण कुमार शर्मा की हत्या की गुत्थी अभी पूर्ण रूप से नहीं सुलझी है। पुलिस व फॉरेंसिक दल की प्रारंभिक जांच में जहां हत्या को अंजाम देने में एक से अधिक शामिल का संदेह उजागर हुआ है। वहीं, पुलिस थाना किहार ने इस दिशा में अपनी जांच का दायरा पकड़े गए आरोपी ढाबा मालिक राजू से बढ़ाते हुए क्षेत्र के तीन लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। दूसरी ओर अब तक की पुलिस जांच से असंतोष व्यक्त करते हुए आईबी एएसआई के ससुर धनी राम ने हत्या मामले की उचित जांच की मांग कर डाली है।

गौर हो कि मंगलवार देर रात्रि किहार में आईबी एएसआई अरुण कुमार की राजू नामक ढाबा मालिक के साथ कुछ कहासुनी होने व मारपीट व के बाद अरुण की मृत्यु हो हो गई थी। पुलिस ने ढाबा मालिक राजू को गिरफ्तार भी कर लिया। लेकिन मौके वारदात व शव की जांच में मिले साक्ष्यों ने पुलिस को इस दिशा में कार्रवाई आगे बढ़ाने कई संकेत दिए, जिसमें शव के चेहरे को बिगाड़ने के लिए भारी वस्तु का प्रयोग किया जाना रहा है। शव के आसपास एक से अधिक फिंगर प्रिंट पाए गए हैं। ये सब बातें हत्या करने में एक से अधिक व्यक्तियों के शामिल होने की ओर संकेत कर रही हैं। पुलिस ने शक के आधार पर तीन अन्य लोगों से कड़ी पूछताछ आरंभ की है। वहीं, प्रदेश सरकार, आईबी व पुलिस के आला अधिकारियों के मामले में दबाव को देखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच करने में जुट गई है।

उधर, पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव का कहना है कि आईबी एएसआई अरुण कुमार हत्या की जांच चल रही है। इसमें अभी तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में और आरोपी शामिल हैं या नहीं यह जांच पूर्ण होने के बाद ही कहा जा सकता है।

### सूडोकु 0095 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0094 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 जून, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** अष्टमीः (9:35) **: नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** सिद्ध (7:06) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:53-12:49), **राहुकाल** (10:36 -12:21 ।

### विशेष दिन

- 14 जून 2024 : आज होगी धूमावती जयंती ।
- 15 जून 2024 : श्री महेश नवमी मनाई जाएगी ।

**मेषः** खुद को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है। कड़ी मेहनत और विनम्र स्वभाव ही सफलता की कुंजी है।

**वृषभः** सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी।

**मिथुनः** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे

**कर्क :** आज आप में से कुछ लोगों को आपके व्यवसाय-साथी या किसी करीबी सहयोगी से समस्या हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं दे सकती हैं।

**सिंहः** व्यापार संबंधों और सौदों में उद्यम करने के लिए एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं सकारात्मक परिणाम देंगी।

**कन्या :** व्यावसायिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन आरामदायक और शांतिपूर्ण रहेगा।

**तुलाः** गलतफहमी परिवार के माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह चिंताओं का एक स्रोत हो सकती है और आपको तनाव की स्थिति में रख सकती है।

**वृश्चिकः** छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे और अपनी इच्छाओं के अनुरूप संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु :** यह दिन आप में से अधिकांश के लिए मिश्रित प्रभावदायक है। आप जीवनसाथी और बड़ों के साथ संबंधों का **आनंद लेंगे**

**मकरः** व्यावसायिक मोर्चे पर आज कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है।

**कुंभ :** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे।

**मीनः** सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारु रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी।

**निर्देश** — डीसी ने मानसून सीजन में उचित व्यवस्थाएं बनाने के दिए निर्देश

# संभावित भूस्खलन क्षेत्रों, असुरक्षित सड़कों की सूची तैयार करें अफसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वीरवार को मुख्य सचिव के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान चंबा जिला में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर वर्चुअल रूप से बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जिला में मानसून को लेकर तैयार की गई कार्य योजना को मुख्य सचिव के समक्ष रखा। उपायुक्त ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान जिला में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं।

उन्होंने इस दौरान खड़ामुख - होली मार्ग की बहाली लेकर प्रगति का ब्यौरा भी रखा। उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के पश्चात जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। जिला में मानसून सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध तौर पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों को अभियान स्तर पर सड़कों के किनारे वर्षा जल के निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इन प्रबंधों की निरंतर निगरानी भी की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को बरसात के मौसम में संभावित भूस्खलन क्षेत्रों, असुरक्षित सड़कों की सूची तैयार करने व आवश्यक मशीनरी का भी उचित प्रबंध सुनिश्चित बनाने को कहा। जल शक्ति विभाग सभी जल भंडारण टैंकों, प्राकृतिक पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउडर की आपूर्ति सुनिश्चित बनाएं। मनसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति पर टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मानसून सीजन के लिए रहें तैयार

**जोगिंद्रनगर।** एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि आगामी मानसून सीजन को देखते हुए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दौरान जन साधारण को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस दृष्टि से सभी विभाग समयबद्ध तैयारियां मुकम्मल करना सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम वीरवार को मानूसन सीजन को देखते हुए विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बीर

विकास खंड सदर, जिला मण्डी (हि.प्र.) 175001

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत बीर विकास खंड सदर जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न सामग्रियों की वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27.06.2024 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएंगी व दिनांक 28.06.2024 को अपराहन 11 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरणः-** 1. रेत (KANSA QUERRY) Per cubic meter 2.बजरी (CRUSHER) Per cubic meter 3. बजरी(KANSA QUERRY) Per cubic meter 4. बजरी 10 एमएम (CRUSHER) Per cubic meter 5. बजरी 20 एमएम (CRUSHER) Per cubic meter 6. बजरी 40 एमएम (CRUSHER) Per cubic meter 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर Per cubic meter 8. पत्थर (Cut Stone) Per cubic meter 9. ईंट Per Brick 10. ह्यूम पाइप ब्यास (Dia) के Per Pipe11. जेसीबी Per Hours 12. शटरिंग Per square Meter 13. सीमेंट ढुलाई Per Bag Mandi/Talyahar to Bir

**शर्तें:-** 1. निविदाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, टिन नं. होना अनिवार्य है। 2. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है जो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत बीर**
**विकास खंड सदर जिला मंडी हि.प्र.**

**क्रूरता** का उत्तर क्रूरता से देने का अर्थ अपने नैतिक व बौद्धिक पतन को स्वीकार करना है। -महात्मा गांधी

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ा अपराध

हिमाचल में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक हो रही हत्याओं से प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है। लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। चंबा जिले के किहार थाना से महज 80 मीटर की दूरी पर जोगिंद्रनगर के इंटेलिजेंस ब्यूरो के एएसआई की हत्या ने कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। चिकन शॉप पर कहासुनी के बाद ढाबा मालिक ने आईबी के अधिकारी को मौत के घाट उतार दिया। जब इतने बड़े अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आमजन कैसे सुरक्षित हो सकता है? यह वाकई गंभीर चिंता का विषय है।

दो दिन पहले कांगड़ा जिले के डमटाल के भदरोया में राजस्थान के रहने वाले एक प्रवासी व्यक्ति ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली एक 21 साल लड़की की दराट से हमला कर हत्या कर दी थी। बिलासपुर जिले के बरमाणा में पड़ोसी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी के इरादे से बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी थी। यह भी देखने में आया है कि हिमाचल में ज्यादातर अपराध को अंजाम यहां रह रहे बाहरी राज्यों के लोग दे रहे हैं, जिसका प्रदेश की जनता पर भी प्रभाव पड़ रहा है। देखादेखी में वे भी अपराध में संलिप्त होते जा रहे हैं। जिस गति से अपराध बढ़ रहा है, उसे देखकर ऐसा आभास होता है हिमाचल की शांत वादियां अब अशांत हो चली हैं। अपराध के मामलों में महिलाओं की हालत सबसे दयनीय है। महिलाओं पर अत्याचार बहुत ज्यादा हो रहे हैं।

पुलिस की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, साल 2014 में राज्य में बलात्कार के 284 मामले दर्ज हुए थे। 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 344 तक पहुंच गया। 2024 में अब तक पचास से ज्यादा बलात्कार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हो चुके हैं। महिलाओं की किडनैपिंग भी हिमाचल में बढ़ती जा रही है। किडनैपिंग के पीछे मुख्य वजह पुलिस दुष्कर्म या देह व्यापार बताती है। कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जब प्रदेश की महिलाओं और युवतियों को बाहरी राज्यों में देह व्यापार के लिए बेच दिया जाता है। इन आंकड़ों को देखकर जो तस्वीर सामने आती है, वह बहुत ही भयावह है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिमाचल अपराध के मामले में किस ओर जा रहा है। प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, अपराध बढ़ता ही गया। खासकर महिला अपराध पर अंकुश बिलकुल नहीं लग रहा, जो कि बेहद चिंता का विषय है।

प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई गुड़िया और नारी शक्ति योजना भी ठप पड़ी हुई है। नशा भी प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पहले लोग भांग और चरस का सेवन करते थे, लेकिन आजकल एक और बीमारी प्रदेश में दस्तक दे चुकी है। चिट्टा यानी हेरोइन युवा पीढ़ी को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रहा है। इससे भी चिंता की बात यह है कि कॉलेजों और यूनिवर्सिटियों में पढ़नी वाली लड़कियां भी नशे की आदी हो चली हैं। वे कई बार नशे की हालत में पाई जा रही हैं। प्रदेश में बिगड़नी कानून व्यवस्था पर विपक्ष अक्सर सवाल उठाता रहता है, बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी रहती है। जिस घर से किसी व्यक्ति की जान जाती है, उसके परिजन धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम तक कर देते हैं, लेकिन जांच कमेटी बनाने और समझाने बुझाने के नाम पर प्रदर्शनकारियों को शांत कर दिया जाता है।

सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा देती रहती है। सरकार ने कई व्यवस्था परिवर्तन किए भी हैं, लेकिन कानून व्यवस्था का व्यवस्था परिवर्तन अभी नहीं हो पाया है। सुरक्षा के मोर्चे पर कहीं न कहीं सरकार और पुलिस प्रशासन की ढिलाई ही ज्यादा जिम्मेदार मानी जाती है। आए दिन हो रही हत्याओं से पुलिस की साख भी गिरती जा रही है। दरअसल, इंसान में सहनशक्ति नहीं रही है। वह छोटी से बात पर गुस्सा कर जाता है और हत्या को अंजाम दे जाता है। प्रदेश में हत्याओं के मामले अगर यूं ही बढ़ते गए तो एक दिन यहां स्थिति संभले नहीं संभलेगी। आज महिलाओं को रात के अंधेरे में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में गंभीरता से विचार कर सुधार के उपाय ढूंढे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान फिल्मकार

**फिल्मी** दुनिया के इतिहास में के. आसिफ एक ऐसा नाम है, जिसे शायद ही कोई न जानता हो। उनका पूरा नाम करीम आसिफ है। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा में हुआ था। पिता का नाम डॉ. फजल करीम और मां का नाम बीबी गुलाम फातिमा था। के. आसिफ महान फिल्मकार बने और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के मंच पर अपनी एक अलग पहचान और जगह कायम की। एक मामूली कपड़े सिलने वाले दर्जी के रूप में उन्होंने अपना करियर शुरू किया था, बाद में लगन और मेहनत से निर्माता-निर्देशक बन गए। के. आसिफ को अपनी फिल्म से ऐसा लगाव था, जैसे लगन में पूजा जैसी पवित्रता और जुनून की सीमाओं तक बढ़ती हुई एकाग्रता थी। अपनी इन्हीं खूबियों की बदौलत वह मूवी-मुगल के नाम से मशहूर हुए। कई लोग उन्हें भारतीय फिल्म जगत के सिसिल बी. डिमिल भी कहते हैं। के. आसिफ की एक विशेषता यह भी थी कि वह एक फिल्म के निर्माण में वर्षों लगा देते थे। कई बार आधी से अधिक फिल्म बनाकर उसे रद्द कर देना और फिर से शूटिंग करना उनकी आदत में शुमार था। जिस शान-ओ-शौकत से वह फिल्में बनाते थे और जिस शाही अंदाज में खर्च करते थे, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। अपने 30 साल के लंबे फिल्म करियर में के. आसिफ ने सिर्फ तीन मुकम्मल फिल्में फूल (1945), हलचल (1951) और मुगल-ए-आजम (1960) बनाईं। ये तीनों ही बड़ी फिल्में थीं, जिनमें सितारे भी बड़े थे। उनकी फिल्म मुगल-ए-आजम तो हिंदी फिल्म जगत इतिहास का शिलालेख है। 1960 में मुगल-ए-आजम के लिए उन्हें फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। ■



के. आसिफ
जन्म : 14 जून, 1922
मृत्यु : 9 मार्च, 1971

### अपनी बात



**प्राचीन** काल से ही जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय रहा है और हमारे ऋषि मुनि इस बात से अवगत थे। वे हमेशा पानी, पृथ्वी व प्रकृति आदि की चिंता किया करते थे और इसी को लेकर उन्होंने ऐसे प्रावधान बनाए कि लोगों का वृक्षों एवं प्रकृति आदि के प्रति एक भाव पैदा हो। उन्हीं संस्कारों के चलते हमारे देश में नदी, पेड़ व पृथ्वी आदि को आज भी पूजा जाता है। पौधारोपण के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्य को लेकर सभी को जागरूक होना होगा। जिस प्रकार से अपने परिवार और बच्चों की चिंता की जाती है, वैसे ही हम सभी को मिलकर वृक्षों की चिंता करनी होगी, तभी जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सकेगा। दुनिया में विकास के चलते प्रकृति के साथ संतुलन बिगड़ा है। हम सभी को समझना होगा कि पेड़ लगाने तक सीमित रहने से जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। -सपना शर्मा, सुलह

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# ऋण पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है। अत: सरकारों के साथ-साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, साथ ही सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से एक देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, जबकि ऋण राशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है, अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।





लेखक : प्रहलाद सबनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ के लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी संपत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है, जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस-यूक्रेन युद्ध एवं इसराइल हमास युद्ध चल ही रहा है, परंतु फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा है क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है।

अमीर वर्ग (जिनकी संपत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत बढ़ गई है और इनकी कुल संपत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दोगुनी हो गई है, साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की संपत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है, अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण संबंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है।

वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैंकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है, साथ ही भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किस्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं। इससे भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है। भारत के बैंकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद भारत में ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रांस में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है।

कुल मिलाकर भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैंकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अत: वैश्विक स्तर पर गंभीर होती ऋण संबंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता नहीं

भारतीय मसालों में कीटनाशक की अत्यधिक मात्रा पाए जाने उपरांत हांगकंग, सिंगापुर ने इनका बहिष्कार कर रखा है। हिमाचल प्रदेश सुख की सरकार ने यह मामला उजागर होते ही खाद्य पदार्थों की जांच किए जाने का अभियान छेड़ रखा है। सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर अब गंभीर बन चुकी है। सरकार ने 115 मसालों की जांच लैब में करवाई है, जिनमें से 38 की रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट में 8 मसालों में कीटनाशक पाए गए, जो स्वास्थ्य के लिहाज से कई गंभीर बीमारियों को न्योता देते हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सैंपल फेल हुए मसालों में एलीथीन आक्साइड का मिश्रण अधिक था। सरकार ने संबंधित कंपनियों से 30 दिन के अंदर जवाब तलब किया है। कीटनाशक मसालों का सेवन करने से ब्रेस्ट कैंसर, ब्रेन सिस्टम नर्वस बन सकता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने का क्रम सराहनीय है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला हमीरपुर में फूलगोभी का सैंपल भरने से प्रदेश की जनता को सजगता बरतनी चाहिए। फूलगोभी की जांच में खुलासा हुआ कि उस पर अत्यधिक कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया था, जिसके खाने से कैंसर भी हो सकता है।

अमेरिका में जिन कीटनाश्कों को बेचने के लिए प्रतिबंधित कर रखा है, भारत के शहरों में उन्हें सरेआम बेचकर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है। रोजमर्रा खाए जाने बाली सब्जियों, फलों और सलाद पर किस हद तक कीटनाशक दवाओं और स्प्रे करके उनका उत्पादन किया गया, अधिकांश जनता को इससे कोई सरोकार नहीं है। पूर्व केंद्र सरकार एक कानून तहत ऐसे कीटनाशकों को बेचने की अनुमति सिर्फ शिक्षित दुकानदारों को देने को लेकर आगे आई थी, मगर पूरे देश में इस पहल का सख्त विरोध किया गया। जनता गली-मोहल्ले में बिकने बाले कीटनाशक दवाओं और स्प्रे आदि में बहुत दिलचस्पी रखती है। सब्जियों, फलों पर कितनी मात्रा में कीटनाशक डालना स्वास्थ्य लिहाज से बेहतर है, बहुत कम किसान जानते हैं। खेतों में अब कंपोस्ट खाद की जगह किसान जहरीले उर्वरक रसायन डालकर खेतीबाड़ी कर रहे हैं।

सरकारें बेशक प्राकृतिक खेतीबाड़ी अपनाए जाने को लेकर किसानों को जागरूक करती रहें, सच बात यह है कि आज भी किसान सिर्फ उर्वरक रसायनों जरिये खेतीबाड़ी कर रहे हैं, नतीजन जमीनें बंजर बनती जा रही हैं और फसलों की पैदावार पर विपरीत असर पड़ रहा है। उचित मूल्य की दुकानों में जनता को दिए जाने बाले खाद्यान्न को लेकर भी हमेशा सवाल उठते रहे हैं। राशन की गुणवत्ता सही न होने पर एक आम आदमी के स्वास्थ्य पर वह क्या विपरीत प्रभाव डाल सकता है चिंतन करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### ये लोग



अशोक दर्द
डलहौजी, चंबा

*ये लोग बेर की तरह होते हैं*
*बाहर से मीठे नरम और भीतर से बिलकुल सख्त।*
*इन्हें कदापि अच्छा नहीं लगता*
*जनता के भीतर से कोई नारा बुलंद करे*
*या फिर इनसे विरासत छीनने की जुर्रत।*
*ये जानते हैं उठती हुई बाहें मरोड़ना*
*नारे उगलती जुबान बंद करना*
*क्योंकि बरसों की इस सेवा की ताकत ने इन्हें*
*बहुत शक्तिशाली बना दिया है।*
*ये लोग जानते हैं किस मौसम में हंसना चाहिए*
*और किस मौसम में मौन हो जाना*
*इनका हंसना-बोलना और मौन हो जाना*
*मौसम-मौसम बदलता रहता है ।*
*ये जानते हैं कूहल का सारा पानी*
*अपने खेतों तक कैसे पहुंचाया जाता है*
*ये जानते हैं अपने सपने जनता की पीठ पर*
*कैसे ढोए जाते हैं।*
*ये जानते हैं जनता की पीठ पर नारे लाद कर*
*सत्ता के द्वार खोलने का हुनर।*
*ये लोग जानते हैं चुपचाप अपने नाम कर लेना आसमान*
*ये जानते हैं बखूबी अपनों को ही बांटना*
*हमेशा सारी की सारी रेवड़ियां।।*

# रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं, रोगों से बचें

**विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष**

लोगों में रक्तदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ब्लड डोनेशन एक दर्द रहित क्रिया है, जो किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकती है। विश्व भर में इस दिन को मनाने का मकसद सभी को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। खून की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है। खून के बिना बॉडी मांस और हड्डियों से बना सिर्फ एक कंकाल रह जाता है।

हमारे देश सहित दुनिया में हजारों लोग खून की कमी के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। जरूरतमंद को समय पर अगर खून मिल जाए तो किसी की जान को बचाया जा सकता है। रक्त यानी ब्लड एक ऐसी चीज है, जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सैल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करके, किंतु अब स्थिति बिलकुल अलग है, लेकिन फिर भी यह विडंबना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है, क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। रक्तदान को परोपकार के दायरे से बाहर लाते हुए विज्ञानिकों ने इसके कुछ और उजले पक्ष गिनाए हैं। उनका दावा है कि ब्लड डोनेट करते रहने से हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा कम हो जाता है। विज्ञानिकों ने बताया कि ब्लड डोनेट कर आप दूसरे की जान तो बचाते हैं, अपनी जान पर भी ढेरों करम करते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शोध बताते हैं कि रक्तदान से डोनर को हार्ट अटैक व कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। व्यक्ति का रक्तभार कम होने से शरीर में खून को गाढ़ा बनाने वाले आयरन का स्तर कम होता है। 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' ने अपने शोध में पाया है कि 43 से 61 साल के जिन लोगों ने हर 6 महीने पर रक्तदान किया था, उन्हें हार्ट अटैक और स्ट्रोक्स का खतरा कम निकला। मेडिकल डेली में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक फिनलैंड में 2,682 लोगों पर किए रिसर्च में पाया गया कि जो लोग नियमित रूप से रक्तदान करते रहते हैं, उनमें दिल का दौरा पड़ने की आशंका 80 फीसदी कम हो जाती है। इसी तरह, रक्तदान को कैंसर के खिलाफ बड़ा हथियार माना जा रहा है। 'नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट' के जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि शरीर में आयरन का उच्च स्तर कैंसर पैदा होने का कारण बन सकता है। अध्ययन से पता चला कि छमाही रक्तदान करने वालों का आयरन लेवल कम होता है और उन्हें कैंसर का खतरा कम होता है।

पूर्व में हुए शोध बताते हैं कि रक्तदान से शरीर में जो नया रक्त बनता है, उसके सैल्स ज्यादा स्वस्थ होते हैं। नए रक्त उत्पादन से शरीर चुस्त भी रहता है। विश्व रक्तदाता दिवस की 20वीं वर्षगांठ दुनिया भर के रक्तदाताओं को उनके जीवन बचाने वाले दान के लिए धन्यवाद देने और रोगियों और दाताओं दोनों पर उनके सम्मान करने का एक अद्भुत और सामयिक अवसर है। अभियान का उद्देश्य उन लाखों स्वैच्छिक रक्तदाताओं को धन्यवाद देना है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रश्न पत्रों का बार-बार लीक होना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

सालों की मेहनत एक पल में चकनाचूर हो जाती है, जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाता है। इस अथक परिश्रम में विद्यार्थी के साथ उसका समस्त परिवार भी उसका सहयोगी होता है, जो रात- दिन उसके इस कठिन परिश्रम में हर पल साथ देता है। ऐसी घटनाओं से न जाने कितने ही परिवारों के सपने धूमिल होकर रह जाते हैं। यह न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और नैतिकता पर भी कड़ा प्रहार है। ऐसी घटनाएं शिक्षा प्रणाली की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लगती हैं। इससे छात्रों का भविष्य तो प्रभावित होता ही है, साथ ही साथ समाज में शिक्षा के प्रति मेहनत और विश्वास भी खोने लगता है।

वर्तमान दौर में शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो या राज्य बचा हो, जहां पर पेपर लीक की घटनाएं उजागर न हो रही हों। यह शिक्षा प्रणाली की एक गंभीर समस्या है, जो हर स्तर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। इससे यह संदेश जाता है कि मेहनत और ईमानदारी के बदले धूर्तता और धोखाधड़ी से भी सफलता हासिल की जा सकती है। यह शिक्षा के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है और समाज में नैतिकता के ह्रास का कारण भी बनता है। प्रश्न पत्रों का लीक होना छात्रों के मनोबल पर गहरा असर डालता है। वे निराशा और हताशा का अनुभव करते हैं, खासकर वे छात्र, जिन्होंने पूरी ईमानदारी और मेहनत से तैयारी की है। यह उनके आत्मविश्वास को कमजोर करता है और भविष्य में अविश्वास और प्रेरणा को घटाता है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

परीक्षा स्थगित या रद्द हो जाने से छात्रों की ऊर्जा और समय की बर्बादी होती है, जो समय उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का सबसे अहम वक्त होता है, उसे यूं ही बर्बाद होते देख कई बच्चे ऐसे समय में अवसाद से ग्रस्त हो जाते हैं, जिसका प्रभाव उन्हें ताउम्र झेलना पड़ता है। ऐसे मामलों में शिक्षा क्षेत्र में अनैतिकता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है, जो समाज के नैतिक ताने-बाने को झकझोर कर रख देता है। कई बार लोग अपने आर्थिक लाभ के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसमें छात्रों, उनके माता-पिता और भ्रष्ट अधिकारियों तथा बड़े-बड़े कोचिंग संस्थानों के संचालकों की संलिप्तता भी पाई जाती है। बड़े पैमाने पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जिसमें परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

वर्तमान समय में नीट पेपर लीक प्रकरण सभी के सम्मुख है, जहां उच्च स्तरीय इस प्रतियोगी परीक्षा में भी धांधली हुई है, वहां छोटी-मोटी परीक्षाओं में क्या होता होगा? पिछले साल हमीरपुर चयन बोर्ड की प्रतियोगी परीक्षा में हुए पेपर लीक प्रकरण का खामियाजा अभी तक परीक्षार्थी झेल रहे हैं। हजारों की संख्या में बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। जिन बच्चों ने अपनी मेहनत के बलबूते पर परीक्षा पास की थी, उनका इसमें क्या कसूर था? ऐसे मामलों में जो बच्चा रात- दिन तैयारी कर अपनी परीक्षा को उत्तीर्ण करता है और बाद में ऐसे झमेले में पड़ जाता है, वह तो अवसाद का शिकार हो जाता है।

शिक्षा के क्षेत्र में यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इन समस्याओं का कोई व्यापक समाधान नहीं निकल रहा है और न ही कोई उचित राह दिखाई दे रही है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सरकार और शिक्षा संस्थानों तथा समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। पारदर्शिता, सख्त सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कानूनी कार्रवाई से ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए सख्त निगरानी और अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाए जाने चाहिएं। परीक्षा के डिजिटलीकरण के साथ-साथ साइबर सुरक्षा को भी मजबूत किया जाना चाहिए।

प्रश्न पत्रों की छपाई से लेकर वितरण के दौरान सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन किया जाना चाहिए। पेपर लीक के मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे कोई भी ऐसा कृत्य भविष्य में न कर पाए। छात्रों और शिक्षा प्रणाली के सभी संबंधित पक्षों को नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे समझ सकें कि ईमानदारी और मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इन उपायों को लागू कर हम पुनः प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति विश्वास उत्पन्न कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए व्यापक और निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाएं करवा सकते हैं। शिक्षा की पवित्रता और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम सभी को मिलजुलकर प्रयास करने होंगे।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आज मनाई जाएगी मां धूमावती जयंती



**मंडी।** हर साल की तरह इस साल भी जय मां धूमावती जयंती 14 जून को मनाई जाएगी। माता के हारू मंदिर कमेटी व हिम क्लब धूमा देवी के प्रवक्ता ने बताया कि इस मौके पर विशाल जागरण का आयोजन होगा, जिसमें हम है हिमाचली ग्रुप एवं शर्मा ब्रदर्स महामाई का गुणगान करेंगे, जबकि श्याम फ्रूट कंपनी कांगणी सब्जी मंडी की ओर से मां के विशाल भंडारे का आयोजन करेंगे। मंदिर कमेटी व अन्य प्रबंधकों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वह इस आयोजन में भाग लेकर पुण्य के भागी बने।

### सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 16 को



**मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि 16 जून को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिला मुख्यालय मंडी में तीन परीक्षा केंद्रों वल्लभ कॉलेज मंडी, आईटीआई मंडी और रावमापा ब्वॉयज मंडी में होने जा रही है। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहली परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी परीक्षा 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा में 575 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा शुरू होने के ठीक 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के गेट बंद कर दिए जाएंगे, जिसके उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

### राजेश कुमार बने थाची एसएमसी के अध्यक्ष



**बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाची में वर्ष 2024-27 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन कार्यवाहक प्रधानाचार्य गीतानंद की देखरेख में हुआ। इन चुनावों में राजेश कुमार को सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने इस अवसर पर पाठशाला के विकास एवं पठन पाठन के लिए हर तरह का सहयोग करने का भी आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री को बताईं नाचन की समस्याएं



**धनोटू।** जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष प्रेमलाल गुड्डू शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिले और नाचन विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लोगों को वर्तमान की कांग्रेस सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कहा कि वह लोगों से सीधे तौर पर संपर्क बनाए हुए हैं और क्षेत्र की जनता को जो भी समस्याएं पेश आ रही हैं। उनका एक मसौदा तैयार करके शिमला में मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है, ताकि समय रहते लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वह लोगों से मिले और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करें, ताकि लोगों को उनके सीधे तौर पर लाभ मिल सके।

### कोच देवेंद्र ने बताईं कबड्डी खेल की बारीकियां



**सुंदरनगर।** राजकीय उच्च पाठशाला सोहर में बाबा जोघों स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष एवं कोच देवेंद्र ठाकुर ने मुख्याधयापिका रेणु लता की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यशाला में अंडर-14 एवं अंडर-19 विद्यार्थियों को कबड्डी के बेसिक गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। कबड्डी हिमाचल के हर गांव में खेले जाने वाला खेल है। वहीं, मुखाधयपिका रेणु लता ने कहा कि खेल स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ साथ हमें सामाजिक समायोजन की भावना भी बढ़ाता है और हमें बेहतर नागरिक बनाता है। उन्होंने कोच देवेंद्र का सहयोग देने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य सुभाष चंद्र, रीमा देवी, रोशन, हेमराज और कला अध्यापक पूर्णचंद भी मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद राम स्वरूप शर्मा मेमोरियल मेला संपन्न



**जोगिंद्रनगर।** पूर्व सांसद राम स्वरूप शर्मा मेमोरियल मेला पलहूंन जलपेहड़ में तीन दिवसीय मेले का समापन किया गया। पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा के पुत्र क्रांतिस्वरूप शर्मा ने बताया कि मेले के अंतिम दिन जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, मसौली पंचायत प्रधान व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, जलपेहड पंचायत प्रधान प्यार चंद महंत, जिला विस्तारक जोगिंद्र पाल शर्मा, बल्ह पंचायत पूर्व प्रधान रमेश ठाकुर, धर्मवीर, संजय शर्मा ,रीता कोच, युवा मौर्चा अध्यक्ष अभिनव, एसई मोर्चा अध्यक्ष मोहर सिंह संख्यान आदि मेले की शोभा बढ़ाई। उन्होंने बताया कि मेले के अंतिम दिन पुरुष व महिला वर्ग में कबड्डी का फाइनल मैच खेला गया महिला कबड्डी फाइनल मैच में डी जोगिंदनगर ने मैच जीता व पुरुष कबड्डी फाइनल मैच में डी सेवल बीड़ ने जीता इसके अलावा महिला मंडलों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले में दारट बंगाला के देव महूनग ने शोभा बढ़ाई।






# सुंदरनगर में दुष्कर्म के आरोपी ने हवालात में निगला जहर, मौत

## पुलिस हिरासत में मौत होने से मंडी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज एक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार आरोपी की हवालात में संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर मौत हो गई है। इससे मंडी पुलिस की कार्यप्रणाली कटघरे में खड़ी हो गई है। क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म है और लोगों द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि आखिर गिरफ्तार और हवालात में बंद आरोपी के पास जहर कैसे पहुंच गया।

अब मामले की गंभीरता को लेकर जिला मंडी पुलिस के आला अधिकारियों ने भी कड़ा संज्ञान लेते हुए हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच शुरू कर दी है। लेकिन इस प्रकार हवालात में आरोपी की मौत होना पुलिस की लापरवाही और कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर गया है। मृतक बयंत सिंह उर्फ काकू पुत्र अजीत सिंह निवासी



**बिलासपुर जिले के घुमारवीं का रहने वाला था मृतक**

बरोटा डाकघर व तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर का पोस्टमार्टम श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में नियमानुसार कराया गया है।

गौरतलब है कि उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत एक 32 वर्षीय विवाहिता ने आरोपी पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने पर एफआईआर दर्ज करवाई थी। मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

मामले में उपमंडल सुंदरनगर के चुरढ़ क्षेत्र से संबंधित विवाहिता ने आरोपी पर आरोप लगाए हैं कि बिलासपुर जिला के घुमारवीं क्षेत्र के रहने वाले आरोपी के साथ उसकी सोशल मीडिया पर करीब 2 वर्ष पूर्व दोस्ती हुई थी। इस दौरान दोनों में बातचीत भी होती रही और आरोपी उसके पति की गैर मौजूदगी में घर पर आता रहता था। पीड़ित महिला के अनुसार इस दौरान आरोपी ने उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे।

महिला ने बताया कि आरोपी पीड़ित महिला को उसके नग्न फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी धमकियां देता था।

**मामले की गहनता से जांच कर रही पुलिस**

मामले को लेकर एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर द्वारा दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार आरोपी ने हवालात में जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। उन्होंने बताया कि इस कारण आरोपी की मौत हो गई है और पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

इसको लेकर पीड़ित विवाहिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, लेकिन अब आरोपी द्वारा हवालात में जहर खाकर जान देकर मामले में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# मंडी जिले में तैयार की जा रही ग्राम स्तरीय निदेशिका

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

अनंत ज्ञान स्पेशल

जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा ग्राम स्तरीय निदेशिका तैयार की जा रही है। इसमें शिक्षा विभाग का सहयोग भी लिया जा रहा है। जिला सांख्यिकी कार्यालय की ओर से अनुसंधान अधिकारी द्वारा उच्च शिक्षा उपनिदेशक को लिखे गए पत्र में इस आशय के लिए सहयोग मांगा है। उपनिदेशक की ओर से जिला भर के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मुख्याध्यापकों को शिक्षण संस्थानों संबंधित रिपोर्ट सीधे ही सांख्यिकी कार्यालय को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम स्तरीय निदेशिका के लिए मांगी गई सूचनाओं में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों की ड्राप आउट रिपोर्ट जिसमें सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक व बालिका वाइज विवरण मांगा गया है। इसके अलावा महिला व पुरुष शिक्षकों की जानकारी, स्कूल भवन सरकारी है या किराए पर है? परिसर में शौचालय व पीने का पानी है या नहीं, लड़कियों के लिए अलग शौचालय है या नहीं? स्कूल में खेल का मैदान, विद्युत कनेक्शन, इंटरनेट व्यवस्था, मिड-डे मील की रसोई है या नहीं और रसोई के लिए गैस, लकड़ी या अन्य साधन क्या उपयोग किया जा रहा है?

बता दें कि यह विवरण 31 मार्च को आधार मानकर मांगा गया है। यह निदेशिका वर्तमान में चल रहे व भविष्य में चलाए जाने वाली सरकारी परियोजनाओं की लिए सहायक सिद्ध होगी। उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि जिला के सभी प्रधानाचार्यों व मुख्य अध्यापकों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# मशीन ऑपरेटर ट्रेनी के लिए गोहर में 15 को होंगे इंटरव्यू

**सुनील शर्मा, गोहर**

वीएमटी शपिनिंग मिल्स (वर्धमान टैक्सलाइट लिमिटेड की एक इकाई) तहसील बद्दी जिला सोलन ने डॉफर और बाइंडर (ट्रेनी मशीन ऑपरेटर) के 15 पद पुरुष और 15 पद महिलाओं के पद अधिसूचित किए हैं इन पदों के लिए साक्षात्कार आगामी 15 जून को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय गोहर में लिया जाएगा। प्रभारी उपरोजगार कार्यालय गोहर राकेश कुमार ने बताया कि मशीन ऑपरेटर ट्रेनी (डॉफलर और बाइंडर) के इन पदों के इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं, जिनके लिए निर्धारित शैक्षणिक की योग्यता आठवीं पास व अधिकतम जमा दो (नॉन आईटीआई) व आयु सीमा 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

चयनित युवाओं को पहले माह में 9500 रुपए और पूर्ण उपस्थिति के लिए 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी तथा दूसरे महीने 10000 वेतन तथा पूर्ण उपस्थिति के लिए 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इच्छुक युवा अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, रिज्यूम, रोजगार पंजीकरण पत्र सहित उपरोजगार कार्यालय गोहर में साक्षात्कार के लिए उक्त नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## पर्यावरण प्रेमी राजेंद्र पाल का निधन

**मंडी।** देवभूमि पर्यावरण मंच मंडी के महासचिव डॉ. राजेंद्र पाल का अचानक देहांत हो गया। डॉ. कौशल स्वास्थ्य विभाग में लंबी सेवाएं देने के बाद संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और पर्यावरण के प्रति बहुत जागरूक थे। वह पर्यावरण प्रेमी थे। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण और लोगों को जागरूक करने के लिए देवभूमि पर्यावरण मंच का गठन किया था। समय-समय पर वे पर्यावरण की समस्याओं को मंच की ओर से उठाते रहे। देवभूमि पर्यावरण मंच के प्रधान नरेंद्र सैनी तथा प्रेस सचिव दिनेश कुमार ने उन के देहावसान पर दुख प्रकट करते हुए सभी सदस्यों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पशुपालकों ने लिया दूध उत्पादन का प्रशिक्षण

## पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव बारे हासिल की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

मंडी जिला के सिराज तांदी में वीरवार को दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मंडी इकाई पीएंडई प्रभारी लाभ सिंह ने की।

शिविर में पशुपालकों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से आए हुए अधिकारी व प्रधानाचार्य डॉ. सत्यपाल कुर्रे और वैज्ञानिक डॉ. पंकज सुरेशिया ने दूध उत्पादक किसानों को स्वच्छ दूध उत्पादन, पशुपालन पशु की देखभाल, रखरखाव, संतुलित आहार, दुधारू पशुओं की नस्ल व नस्ल में सुधार के साथ साथ बीमारियों से पशुओं के बचाव के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



किसानों के दूध उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध उत्पादक सहकारी प्रसंघ के प्रबंधक निदेशक डॉ. विकास सूद के आदेश अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल दुग्ध उत्पादक सहकारी प्रसंघ ने सरकार द्वारा बढ़ाए गए दूध के दामों को प्रत्येक किसानों को मिले इसका बीड़ा अपने कंधों पर उठा लिया है। प्रसंघ की ओर से प्रत्येक व्यक्ति के दूध की गुणवत्ता की जांच करने और प्रतिदिन दूध की गुणवत्ता और मात्रा के आधार पर दूध के दाम दूध उत्पादकों को मिले इसके लिए जगह-जगह पर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

## गदयाड़ा के मोहन सिंह लापता



**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत द्राहल के गांव गदयाड़ा से संबंध रखने वाले 55 वर्षीय मोहन सिंह पुत्र टीखू राम बीते बुधवार को अचानक गुम हो गए हैं। वह तड़के सुबह 5 बजे के करीब घर से गायब हैं। परिजनों द्वारा गुमशुदा की सूचना पुलिस चौकी बस्सी को भी दे दी है। परिजनों ने गुमशुदा का पता लगने पर 9805079844, 8580661710 पर संपर्क करने की अपील की है।

# पधर के कोटरोपी में आज होगी मॉकड्रिल

## बादल फटने के बाद पैदा हुए हालातों में राहत व बचाव कार्यों का होगा अभ्यास

**अनंत ज्ञान, पधर**

एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि संभावित आपदा को लेकर आगामी 14 जून को उपमंडल पधर के कोटरोपी में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी।

इस दौरान बादल फटने की घटना को लेकर मॉकड्रिल आयोजित होगी। बादल फटने की घटना के बाद उत्पन्न स्थिति तथा राहत व बचाव कार्यों को लेकर इस मॉकड्रिल में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी आपदा के दौरान जान माल के नुकसान को



कम करने में घटना प्रतिक्रिया टीम (आईआरटी) की अहम भूमिका हो जाती है। घटना प्रतिक्रिया टीम का प्रमुख कार्य जहां समय पर राहत व बचाव कार्य को शुरू करना होता है तो वहीं जान माल के नुकसान को भी कम करना रहता है। उन्होंने बताया कि 14 जून को कोटरोपी में बादल फटने की घटना को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन होगा। उन्होंने आईआरटी टीम के सभी विभागीय सदस्यों को इस महत्वपूर्ण मॉकड्रिल में शामिल होने के निर्देश दिए।

**पंचवक्त्र मंदिर में मॉकड्रिल आज**

**मंडी।** मंडी के पंचवक्त्र मंदिर में 14 जून को सुबह 9 से मॉकड्रिल होगी। इसमें बाढ़ की स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। यह पूरी तरह वास्तविक समय के आधार पर होगी।

# नौबाही माता मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण की हो जांच : ललित


**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अधिष्ठात्री आदि शक्ति माता नौबाही देवी का तीन दिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक मेला 13 से 15 जून को मनाया जा रहा है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को माता के दर्शनों के लिए कोई पर परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन सहित सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। गौर रहे कि आषाढ़ संक्रांति 14 जून को देवी का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। एसडीएम सरकाघाट स्वाती और मंदिर अधिकारी के निर्देश पर मंदिर में बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौर हो कि नौबाही देवी मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर के लोगों की कुलदेवी हैं, जहां लोग नई फसल चढ़ाने और देवी के दर्शनों के लिए तीन दिन में तीन लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ललित जम्वाल ने कहा कि

**आज शुरू होगा माता नौबाही देवी का मेला**

हर बार स्थानीय स्तर की व्यवस्थाएं अधिक भीड़ होने के कारण नाकाफी साबित होती हैं। माता नौबाही देवी के नाम लगभग 23 बीघा जमीन थी, जो अब बहुत कम रह गई है, इतनी जमीन कहां गई यह सीबीआई जांच का विषय है, जिसे सरकाघाट प्रशासन करवाने से कतराता रहा है। सरकाघाट प्रशासन द्वारा अलग-अलग तीन आरटीआई में दी गई जानकारी विरोधाभास पैदा कर रही है। ललित जम्वाल ने कहा कि स्कूल में मेला लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि स्कूल देवी की जमीन पर बना हुआ है, देवी देवता नाबालिग होते हैं, तो कानूनन जमीन किसी अन्य को हस्तांतरित नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि मंदिर की जमीन पर लगातार अतिक्रमण होता जा रहा है, जिसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए।



आरटीआई के तहत मांगी जानकारी जो सरकाघाट प्रशासन द्वारा दी गई है।

# मंडी अस्पताल में पंजीकरण करवाने वालों को मिलीं सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। यही कहावत चरितार्थ हुई राजकीय क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में। यहां पर बहुत दिनों से प्रात: काल में पंजीकरण करवाने वालों को भारी परेशानी हो रही थी। टोकन सिस्टम न होने के कारण मरीजों को लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। जिनसे खड़ा नहीं हुआ जाता वह जमीन पर ही बैठ जाते। क्योंकि यहां पर बैठने के लिए बैंचों का भी अभाव था।

साथ ही ज्यादा भीड़ होने से गर्मी भी परेशान करती। ऐसे में सिटीजन काउंसिल मंडी, हेल्प पोस्ट मंडी द्वारा यह मुद्दा उठाया, जिसे अनंत ज्ञान द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए वहां पर एक सप्ताह के भीतर ही पंखे, बेंच टोकन सिस्टम मशीन आदि सभी इंतजाम हो गए। दो और टोकन मशीनें शीघ्र लगाए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य में सीसीएम व एचपीएम के नीरज हांडा, हरीश वैद्य और नगर निगम का प्रमुख योगदान रहा।

## आज और कल बंद रहेगी बिजली

**सरकाघाट।** सहायक अभियंता विधुत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह ने बताया कि 14 व 15 जून को 11 केवी टिहरा फीडर पर जंद्रहू कलां में शेर-ए-पंजाब सोलर पावर प्लांट के इंस्टालेशन हेतु 63 के वी ए जंदरू कलां ट्रांसफार्मर के अधीन पड़ने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हल्यातर**
विकास खंड बल्ह तहसील बल्ह,जिला मण्डी (हि.प्र.)

**निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हल्यातर , विकास खण्ड बल्ह, तहसील बल्ह,जिला मण्डी (हि0प्र0) दिनांक 7/6/2024 की बैठक में पारित प्रस्ताव संख्या 6 के अनुसार वितीय वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा व अन्य मदों के विकास कार्यो के लिए सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं /कुटेशन आमंत्रित करती है । अतः फर्म /विक्रेताओं से अनुरोध है कि निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदाएं/कुटेशन सीलबंद लिफाफे में दिनाक 25 /6 /2024 को दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यालय में जमा करवाएं जो उसी दिन 3 बजे सभी पंचायत सदस्यों, कार्य कमेटी सदस्यों व आवेदक कर्ता के समक्ष खोली जाएगी ।

**शर्ते निम्न प्रकार से है :-** फर्म /विक्रेता के पास GST नम्बर होना चाहिए. 2. कुटेशन दर में कोई ओवर राईटिंग नही होनी चाहिए 3. जिस मापक के तहत कुटेशन मांगी गयी है कुटेशन दर उसी मापक अनुसार भरी होनी चाहिए 4. कुटेशन दर CST/GST सहित होनी चाहिए , जिस कुटेशन में CST/GST सहित न लिखा गया हो उस कुटेशन में CST/GST दर को जोड़ कर दर निर्धारित की जाएगी 5. यदि किसी कुटेशनदाता/फर्म द्वारा पंचायत को गत वर्ष की अवधि में सामग्री सप्लाई में आनाकनी की हो या सप्लाई पूरी नहीं दी हो तो उस फर्म की कुटेशन को इस वर्ष मान्यता नही दी जाएगी,पंचायत उस फर्म की कुटेशन को बिना खोले रद्द कर देगी. 6. फर्म को सामग्री सप्लाई बिल के साथ एम फार्म भी जमा करवाने होंगे बिना एम फार्म के बिलों की अदायगी हेतु पंचायत पर कोई दबाब नही रहेगा, एम फार्म की कोताही के लिए फर्म स्वय जिम्मेवार रहेगी 7.आवेदनकर्ता फर्म को मुब्लिग 25,000/- रूपये का अग्रिम ड्राफ्ट पंचायत के नाम अपनी कुटेशन के साथ या कुटेशन खोलने से पूर्व पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा , बिना ड्राफ्ट की फर्म की कुटेशन को प्रक्रिया में शामिल करना या न करना पंचायत पर निर्भर होगा, जिस फर्म की कुटेशन पारित होती है उनकी राशि को बतौर धरोहर पंचायत खाता में रख लिया जायेगा जो कुटेशन अवधि खत्म होने पर वापिस होगा ।

**सामग्री विवरण :-** 1. रेता, बजरी (खड्ड/क्रशर )Cum. 2. पत्थर ( बोल्डर , कट स्टोन, घड़ाई वाला/Cum/प्रति पत्थर ),3. सीमेंट ढुलाई दर लुनापनी सीमेंट स्टोर से पंचायत कार्यस्थल तक प्रति बैग. 4. लोकल ढुलाई प्रति फेरा, 5. सरिया /जीआई शीट (ISI mark) प्रति किलो. 6. सटरिंग लकड़ी/ स्टील प्रति Sqm. 7. PVC पाईप (ISI Mark )प्रति मीटर. 8. स्टील एंगल व वाईन्डिंग वायर प्रति किलो 9. INTER LOCK टाइल 40mm,60mm,80mm, 2ith ISI Mark.10. फ्लोर टाइल व वाल टाइल प्रति Sqf. 11.टॉयलेट शीट,12. चौखट खिड़कियाँ, वेंटीलेटर, रेलिंग, गेट, लकड़ी/ स्टील, sqf/प्रति किलो. 13. JCB कटाई, ब्रेकर प्रति घंटा,14.साईन बोर्ड लिखाई प्रति Sqf. 15.ईट B ग्रेड, प्रति हजार कार्य स्थल पहुँच, 16.जीआईपाईप (ISI मार्क) प्रति पाईप, ( प्लम्बर वर्क सामग्री व बिजली वर्क सामग्री प्रचलित बाजार दर अनुसार लिया जायेगा )

प्रधान /सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारडी**
विकास खंड बल्ह तहसील बल्ह,जिला मण्डी (हि.प्र.)

**निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लोहारडी, विकास खण्ड बल्ह, तहसील बल्ह,जिला मण्डी (हि0प्र0) दिन्नांक 5/6/2024 की बैठक में पारित प्रस्ताव संख्या 5 के अनुसार वितीय वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा व अन्य मदों के विकास कार्यो के लिए सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं /कुटेशन आमंत्रित करती है । अतः फर्म /विक्रेताओं से अनुरोध है कि निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदाएं/कुटेशन सीलबंद लिफाफे में दिनाक 25 /6 /2024 को दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यालय में जमा करवाएं जो उसी दिन 3 बजे सभी पंचायत सदस्यों, कार्य कमेटी सदस्यों व आवेदक कर्ता के समक्ष खोली जाएगी ।

**शर्ते निम्न प्रकार से है :-** फर्म /विक्रेता के पास GST नम्बर होना चाहिए. 2. कुटेशन दर में कोई ओवर राईटिंग नही होनी चाहिए 3. जिस मापक के तहत कुटेशन मांगी गयी है कुटेशन दर उसी मापक अनुसार भरी होनी चाहिए 4. कुटेशन दर CST/GST सहित होनी चाहिए , जिस कुटेशन में CST/GST सहित न लिखा गया हो उस कुटेशन में CST/GST दर को जोड़ कर दर निर्धारित की जाएगी 5. यदि किसी कुटेशनदाता/फर्म द्वारा पंचायत को गत वर्ष की अवधि में सामग्री सप्लाई में आनाकनी की हो या सप्लाई पूरी नहीं दी हो तो उस फर्म की कुटेशन को इस वर्ष मान्यता नही दी जाएगी,पंचायत उस फर्म की कुटेशन को बिना खोले रद्द कर देगी. 6. फर्म को सामग्री सप्लाई बिल के साथ एम फार्म भी जमा करवाने होंगे बिना एम फार्म के बिलों की अदायगी हेतु पंचायत पर कोई दबाब नही रहेगा, एम फार्म की कोताही के लिए फर्म स्वय जिम्मेवार रहेगी 7.आवेदनकर्ता फर्म को मुब्लिग 25,000/- रूपये का अग्रिम ड्राफ्ट पंचायत के नाम अपनी कुटेशन के साथ या कुटेशन खोलने से पूर्व पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा , बिना ड्राफ्ट की फर्म की कुटेशन को प्रक्रिया में शामिल करना या न करना पंचायत पर निर्भर होगा, जिस फर्म की कुटेशन पारित होती है उनकी राशि को बतौर धरोहर पंचायत खाता में रख लिया जायेगा जो कुटेशन अवधि खत्म होने पर वापिस होगा ।

**सामग्री विवरण :-** 1. रेता, बजरी (खड्ड/क्रशर )Cum. 2. पत्थर ( बोल्डर , कट स्टोन, घड़ाई वाला/Cum/प्रति पत्थर ),3. सीमेंट ढुलाई दर लुनापनी सीमेंट स्टोर से पंचायत कार्यस्थल तक प्रति बैग. 4. लोकल ढुलाई प्रति फेरा, 5. सरिया /जीआई शीट (ISI mark) प्रति किलो. 6. सटरिंग लकड़ी/ स्टील प्रति Sqm. 7. PVC पाईप (ISI Mark )प्रति मीटर. 8. स्टील एंगल व वाईन्डिंग वायर प्रति किलो 9. INTER LOCK टाइल 40mm,60mm,80mm, with ISI Mark.10. फ्लोर टाइल व वाल टाइल प्रति Sqf. 11.टॉयलेट शीट,12. चौखट खिड़कियाँ, वेंटीलेटर, रेलिंग, गेट, लकड़ी/ स्टील, sqf/प्रति किलो. 13. JCB कटाई, ब्रेकर प्रति घंटा,14.साईन बोर्ड लिखाई प्रति Sqf. 15.ईट B ग्रेड, प्रति हजार कार्य स्थल पहुँच, 16.जीआईपाईप (ISI मार्क) प्रति पाईप, ( प्लम्बर वर्क सामग्री व बिजली वर्क सामग्री प्रचलित बाजार दर अनुसार लिया जायेगा )

प्रधान /सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत द्रुबल**
विकास खंड सदर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत द्रुबल विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से डाक द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 19.06.2024 को अपराहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनांक 19.06.2024 को अपराहन 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:-** 1. 1 रेत (खड्डु/नदी)2. क्रशर प्रति धन मीटर। 2. बजरी (खड्डु क्रशर) 10,20,40एमएम प्रति घन मीटर। 3. पत्थर/कटस्टोन प्रति घन मीटर। 4. बोल्डर/सोलिंग प्रति घन मीटर। 5. ईंट द्वितीय श्रेणी प्रति नंबर। 6. 1. शैटरिंग व रास्ता 2. भवन शैटरिंग प्रति वर्ग फुट 7. आरसीसी पाइप व कौल्लर 300,450,600,900एमएम/ पेवर प्रति नंबर 8. जेसीबी हेतु प्रति घंटा, 240000/से ऊपर टीडीएस 10 प्रतिशत कटेगा। 9. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से गडल से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई के साथ पेवर प्रति बैग। 10. पेवर 60,80एमएम। 11. मिक्सचर प्रति घंटा। 12. सीआईबी प्रति

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 3. ठकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे (एम फार्म) उपलब्ध न करवाने पर सामग्री संबंधित रॉयल्टी वर्तमान में 60/-रू प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लो.नि.विभाग की स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदादाता को 25000/-रू. धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी, तभी निविदाएं मान्य होगी अन्यथा बिना धरोहर राशि के निविदाएं रद्द समझी जाएंगी। 7. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापस नहीं होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप की सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय टैक्स इन्क्लुडिंग या एक्सक्लुडिंग का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12. इसमें रेत 1200cum, बजरी 1200cum, पत्थर/कट स्टोन 1500cum, बोल्डर 1500cum, ईंट 3500 नं. वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियल लगेगा। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत द्रुबल

## न्यूज ब्रीफ

### थानाकलां अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**ऊना।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर हिमाचल हेल्पिंग हैंड्स संस्था के द्वारा उपमंडल बंगाणा के तहत थानाकलां अस्पताल में 14 जून को रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। हिमाचल हेल्पिंग हैंड्स संस्था के संस्थापक नीरज ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोग रक्त देकर पुण्य कमा सकते हैं।

### भदसाली में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**हरोली।** हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम में शामिल प्रीति, मनीष और निहाल ने डॉ. प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में गांव व पंचायत भदसाली में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें 60 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 40 लोगों के विभिन्न बीमारियों के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप के 6, शुगर के 8, जोड़ों के दर्द के 25 मरीज पाए गए। मरीजों को उपयुक्त उपचार, सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। स्वास्थ्य टीम ने इस दौरान हीटवेव से बचाव के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### रिपोह मिसरां स्कूल प्रबंधन समिति का गठन


रिपोह मिसरां स्कूल में गठित एसएमसी के पदाधिकारी, सदस्य व स्टाफ।

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिपोह मिसरां में स्कूल प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गत प्रबंधन समिति भंग करने की घोषणा की गई। समिति भंग होने पर सचिव प्रधानाचार्य द्वारा अग्रिम समिति बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अगले तीन सालों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस चुनाव में सर्वसम्मति से विपन कुमार शर्मा को स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, समिति के सदस्यों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर एसएमसी के पदाधिकारी व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### नकड़ोह में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन


मशहूर कव्वाल सतपाल बशिष्ट गुणगान करते हुए

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के गांव नकड़ोह में गौस पाक पीर ग्यारवी वाली सरकार के दरबार में हर साल की तरह इस साल भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दरबार में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया, क्योंकि यहां जो कोई भी आता है, वह मनबांछित फल पाकर जाता है । इस दौरान मशहूर कव्वाल सतपाल बशिष्ट एंड पार्टी व दिनेश कौंडल एंड पार्टी ने महफिले कव्वाली से पीर का गुणगान किया ।

### ललड़ी स्कूल प्रबंधन समिति का किया गठन


एसएमसी की नई कार्यकारिणी के लिए आयोजित बैठक में मौजूद गणमान्य

**दुलैहड़।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी में प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में एसएमसी की नई कार्यकारिणी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बैठक में एसएमसी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से शशि पाल को एसएमसी का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रवक्ता वंदना, नरेंद्र जीत सिंह, मीना रानी, सुरेंद्र कुमार, कुमारी मीना तथा कुमारी रेणु बाला उपस्थित रहे।

### तलमेहड़ा बाजार में युवाओं ने लगाया भंडारा


तलमेहड़ा बाजार चौक पर लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाते युवा।

**बंगाणा।** तलमेहड़ा बाजार चौक पर तलमेहड़ा युवक मंडल के सदस्यों द्वारा प्रचंड गर्मी से राहत दिलाने के लिए सुबह से शाम तक ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई तथा साथ ही मिष्ठान के भंडारे का आयोजन भी किया। भंडारे में मुनीश शर्मा, विजय ठाकुर उर्फ रागी, दलू, लक्की शर्मा, बंटी शर्मा, अशोक शर्मा, रघुवीर सिह संगम, बिंदू ठाकुर, ललित साहनी, विजय रजादा, काकू बार्बर, रणवीर सिंह, बैलू राम, राज कुमार, विशाल शर्मा, सवल शर्मा सहित अन्य समाजसेवियों ने सहयोग दिया।

### आज होने वाली मॉकड्रिल को लेकर हुई बैठक


मॉकड्रिल संबंधी निर्देश जारी करते तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, साथ हैं अन्य।

**बंगाणा।** आज होने वाली मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार बंगाणा ने बताया कि यह मॉकड्रिल बंगाणा उपमंडल के नलूट गांव (लठियाणी-बडसर रोड़) में करवाई जा रही है इस मॉकड्रिल में अचानक आई बाढ़ व भूस्खलन की चपेट में आए लोगों को रेस्क्यू करने, रहने और खाने-पीने की व्यवस्था करने, घायल लोगों को उपचार देने आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग, फायर सर्विस, होमगार्ड, राजसव विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, जल शक्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### एसबीआई की बंगाणा शाखा ने लगाया शिविर


प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत क्लेम चेक प्रदान करते बैंक कर्मी।

**बंगाणा।** भारतीय स्टेट बैंक की बंगाणा शाखा ने हटली गांव में ग्रामीणों को जनसुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक सुरभि अग्रवाल ने ग्रामीणों को जनसुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। पंचायत उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों से बैंक में खाता खोलने का आह्वान किया। शिविर के दौरान 40 लोगों के प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत एक प्रभावित प्रवीण कुमारी पत्नी स्व. वीरेंद्र कुमार को 2 लाख का क्लेम चैक प्रदान किया। इस मौके पर एसबीआई से सुरेंद्र पाल दिनेश, अनिल, बलराम कुमार, दिनेश कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवात कथा का पूर्व विधायक ने किया श्रवण

**मुबारकपुर।** डेरा बाबा रूद्रानंदन अमलैहर में श्रीमद भागवत कथा व्यास गद्दी पर विराजमान श्री धाम वृंदावन से भागवताचार्य पंडित रविशंकर पराशर नवेले महाराज ने कहा कि कथा में अपने बच्चों की भी साथ लाना चाहिए, ताकि उनमेंभगवान के प्रति आस्था बन सके। इस मौके पर पूर्व गगरेट विधायक राजेश ठाकुर ने भी डेरा में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

### जिला रोजगार कार्यालय ऊना में साक्षात्कार 19 को

**ऊना।** आईएफएम फिनकोच 19 जून को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में साक्षात्कार का आयोजन करेगा। साक्षात्कार में कासा सेल्स अधिकारी के 100 पद और ब्रांच रिलेशन ऑफिसर के 50 पद भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन पास और आयु सीमा 21 से 26 वर्ष होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा चयनित अभ्यर्थियों को 20,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। योग्य तथा इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा की कॉपी जरूर लाएं। इस संबंधी अधिकारी जानकारी के लिए 98157-03430 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नील कुमार नीलू के सिर सजा नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष का ताज

## कहा-सभी को साथ लेकर नपं गगरेट का चहुंमुखी विकास करवाने की रहेगी प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, गगरेट**


नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षदों और एसडीएम के साथ।

नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष पद का ताज अब अनिल कुमार नीलू के सिर सजा है। इसी कार्यकाल में अनिल कुमार नीलू नगर पंचायत गगरेट के तीसरे अध्यक्ष होंगे। वीरवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अनिल कुमार नीलू के रूप में एक ही नामांकन पत्र दाखिल हुआ। इसके चलते अध्यक्ष पद का चुनाव करवाने आए एसडीएम सौमिल गौतम ने उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया।

अनिल कुमार नीलू ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी पार्षदों को साथ लेकर नगर पंचायत गगरेट का चहुंमुखी विकास करवाने की होगी। नगर पंचायत गगरेट के चुनाव संपन्न होने के साथ ही नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार बिंदू काबिज हुए थे, लेकिन कुछ समय बाद उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया, जिसके चलते वह पदच्युत हुए और उनके स्थान पर सर्वसम्मति से सुरेंद्र सिंह तोतू अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अब सुरेंद्र सिंह तोतू ने निजी कारणों के चलते अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया था।

इसके बाद तय था कि नगर पंचायत के अगले अध्यक्ष अनिल कुमार नीलू ही होंगे। हालांकि इससे पहले प्रदेश में चुनाव के चलते घोषित आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते अध्यक्ष पद का चुनाव टालना पड़ा था और वीरवार को अध्यक्ष पद के लिए रखे गए चुनाव के लिए सुरेंद्र सिंह तोतू ने अनिल कुमार नीलू का नाम प्रस्तावित किया और नगर पंचायत की उपाध्यक्ष कुसुम लता ने उनके नाम को अनुमोदित किया।

अनिल कुमार नीलू के विरुद्ध कोई भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतरा। इसके चलते सर्वसम्मति से अनिल कुमार नीलू को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि अनिल कुमार नीलू सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इसकी सूचना उपायुक्त ऊना को भेजी जा रही है। वहां से समय तय होने पर अनिल कुमार नीलू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

उधर, अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अनिल कुमार नीलू ने नगर पंचायत गगरेट के तमाम पार्षदों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जो विश्वास उन पर जताया गया है, उस पर खरा उतरने का वह हमेशा प्रयास करेंगे। नगर पंचायत गगरेट का संपूर्ण विकास हो, इस ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही नगर पंचायत गगरेट में कुछ नया करने का प्रयास भी रहेगा।

## क्षेत्रीय अस्पताल में आसानी से दे सकेंगे कोई सुझाव या शिकायत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**टीबी की बीमारी से बचाव के लिए हो रहा व्यस्क टीकाकरण : डॉ. संजय**

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उपचार संबंधी किसी भी प्रकार के सुझाव, शिकायत या समस्या के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के कमरा नंबर 111 में संपर्क करें या कमरा नंबर 111 के बाहर लगे सुझाव/ शिकायत बॉक्स में अपने सुझाव, शिकायत या समस्या लिखित रूप में डाल दें, ताकि इनका समाधान शीघ्र किया जा सके।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के कमरा नंबर 104 में वयस्क बीसीजी टीकाकरण किया जा रहा है। यह टीकाकरण प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 3 बजे तक किया जाएगा। वयस्क बीसीजी टीकाकरण टीबी की बीमारी से बचाब के लिए किया जा रहा है।

यह टीकाकरण उन टीबी रोगियों जो पिछले पांच वर्षों में टीबी से ग्रसित हुए हैं, पिछले तीन वर्षों तक टीबी के मरीजों के संपर्क में आए व्यक्तियों, ज्यादा दुबले पतले व्यक्तियों अर्थात जिनको लक्षण हों, धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों, मधुमेह रोगी तथा 60 वर्ष से ज्यादा आयु के व्यक्तियों का किया जाएगा। यह टीकाकरण सत्र आम जनता की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं, ताकि अस्पताल में टीकाकरण का लाभ उठाया जा सके।

## आपदा प्रबंधन को लेकर मैगा मॉकड्रिल आज, बजेंगे सायरन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाढ़, भूस्खलन, गैस रिसाव को लेकर अलर्ट करने के लिए 14 जून को यदि एंबुलेंस सायरन, खतरे से चेतावनी को घनघनाती घंटियां, हूटर बजाती प्रशासनिक अमले की गाड़ियां दौड़ती दिखें, तो घबराएं नहीं। ध्यान रहे, यह सचमुच की आपदा नहीं एक मॉकड्रिल है, लेकिन आगामी मानसून सीजन को देखते हुए ऊना जिले में इस मॉक अभ्यास को बहुत गंभीरता से करने की तैयारी है।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि मेगा मॉकड्रिल के जरिए जिला में आपदा प्रबंधन की तैयारियों व क्षमताओं का गहन आकलन एवं विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 जून शुक्रवार को राज्य मुख्यालय से बाढ़-भूस्खलन-गैस रिसाव की काल्पनिक सूचना मिलने पर जिले के प्रत्येक उपमंडल में निर्धारित स्थानों तथा संस्थानों में प्रतीकात्मक नुकसान मानकर मॉक अभ्यास किया जाएगा। यह मॉकड्रिल सुबह 9 बजे से आरंभ हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस दिन उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव (स्वां नदी के समीप), बंगाणा उपमंडल के नलूट गांव (लठियाणी-बडसर रोड़), हरोली उपमंडल के तहत राजकीय प्राइमरी एंड मिडल स्कूल जननी, पोलियां बीत, अम्ब उपमंडल के पिंडी दास आश्रम और नेत्र चिकित्सालय अंब और ऊना के इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, टर्मिनल के पेखूबेला को घटना स्थल मानकर मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इसमें सेना, अर्धसैनिक बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल जैसी केंद्रीय एजेंसियों के अलावा जिला एवं उपमंडलों के आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

## कांटे विद्यालय में पेयजल संकट

**हरोली।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय माध्यमिक पाठशाला कांटे में पिछले एक महीने से पानी की आपूर्ति न होने से स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं सहित अध्यापकों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लगातार 45 डिग्री चल रहे तापमान में छोटे बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए स्कूल के बाहर सड़क किनारे लगे नल से पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। पानी की आपूर्ति के लिए दो लाइनें डली हुई हैं, लेकिन स्कूलों को जिस पाइप से कनेक्शन दे रखा है उसमें प्रेशर कम होने से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती।

एसएमसी प्रधान मक्खन सिंह ने जल शक्ति विभाग को लिखित में समस्या का हल करवाने की बात कही है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं हो पाया है। जल शक्ति विभाग के एसडीओ आशीष ने बताया कि उन्होंने जेई को मौके पर भेज दिया है,जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## विकास खंड बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय संघ की अध्यक्ष बनी रजनी


बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय संघ की बैठक में भाग लेती महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

विकास खंड बंगाणा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय संघ की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने की।

बैठक में ब्लॉक स्तरीय संघ का गठन प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शिमला से एसपीएम रजित शर्मा, वाईपी विकास शर्मा, मिशन कार्यकारी रिशु माल्टा और सीओ किरण चौहान, साथ विकास खंड बंगाणा से क्षेत्रीय समन्वयक सुखदेव एनआरएलएम स्टाफ की मौजूदगी में सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय संघ के कार्यकारणी सदस्यों ने ब्लॉक स्तरीय संघ के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रजनी देवी, उपाध्यक्ष पद पर राजरानी, कोषाध्यक्ष मोनिका देवी पद पर, सचिव पद पर शकुंतला देवी, सहसचिव कमलेश कुमारी के नाम पर अनुमोदन कर चयन किया।

वहीं, राज्य परियोजना प्रबंधक राजित शर्मा और विकास शर्मा ने सकुंल स्तरीय संघ की सभी महिलाओं को ब्लॉक स्तरीय संघ की संपूर्ण जानकारी दी।

विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कई उत्पादों को बनाकर आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं।

## हिमकेप्स में स्वास्थ्य जांच शिविर 16 को

**हरोली।** हिमकेप्स मल्टी स्पेशलिटी आयुर्वेदिक अस्पताल में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर 16 जून को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक लगाया जा रहा है।

संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कैंप में डॉ. राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वरिष्ठ डॉ. कुलवंत सिंह, डॉ. धीरज मेहरा, डॉ. अनिल भारद्वाज, डॉ. जीएस देहल, डॉ. विजयंत भारद्वाज, डॉ. सोनी कपिल, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. मानिक सोनी, डॉ. उमेश शुक्ला तथा डॉ. परवीन शर्मा मरीजों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श तथा निशुल्क दवाइयां देंगे तथा टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे।

**जानकारी** 15 से 30 तक आयोजित होगा सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा: महेंद्र

## 39,205 बच्चों को मिलेंगे ओआरएस के पैकेट

**अनंत ज्ञान, ऊना**


जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर।

ऊना जिले में 15 से 30 जून तक सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जिलेभर में 5 साल एवं उससे कम आयु के 39205 बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां दी जाएंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने डायरिया नियंत्रण को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के उपरांत यह जानकारी दी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़े के दौरान आशा वर्कर 5 साल की आयु तक के बच्चों के घर-घर जाकर ओआरएस केपैकेट और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी, साथ ही वे क्षेत्र में किसी भी स्तर पर डायरिया रोग से ग्रस्त बच्चों को उचित निदान के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों की पहचान करेंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस पखवाड़े की सफलता में अपना सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया ताकि जिला की प्रत्येक पंचायत को डायरिया से सुरक्षित रखा जा सके। गुर्जर ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को सभी पेयजल योजनाओं तथा जल स्रोतों की साफ सफाई व क्लोरीनेशन जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि जल जनित रोगों पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता, शारीरिक सफाई और हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोने के महत्व बारे जागरूक करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इस मौके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले वासियों से जल जनित रोगों से बचाव के लिए दूषित पेयजल के सेवन से बचने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. वर्मा ने कहा कि सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़े के दौरान जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल/क्षेत्रीय अस्पताल में ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे।

बैठक में एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह, डायरिया नियंत्रण अभियान की जिला प्रभारी डॉ. रिचा, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों सहित जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर ने ऊना को पांच विकेट से हराया

**ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत ऊना का मुकाबला बिलासपुर के साथ वीरवार को ऊना के पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। ऊना की टीम ने पहले करते हुए 49.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 112 रन बनाए। आर्य अग्निहोत्री ने सर्वाधिक 27 रन, कृतिका ने 17, मानवी शर्मा ने 19 रन बनाए, जबकि दिव्यांशी ने 17 रन बनाए। वंदना राणा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, ललिता और शिवाली चंदेल ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। ईशानी दास, और परीक्षा तिवारी ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। बिलासपुर की टीम ने अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। बिलासपुर के बल्लेबाज वंदना राणा ने 35 रन बनाए, परीक्षा तिवारी ने नाबाद 55 रन बनाए और अपनी पारी में चार चौके लगाए। मन्नत पंडित ने 8 रन बनाए। ऊना की स्नेहा ने तीन विकेट प्राप्त किए। अंशिता ने दो विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर की टीम ने 21.3 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बिलासपुर ने ऊना को 5 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करवाई।

### शिमला ने किन्नौर को 9 विकेट से दी मात

**ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत शिमला के साथ किन्नौर का मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। किन्नौर की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 135 रन बनाए। पूजा नेगी ने 16 रन, साक्षी ने 30, सुष्मिता कुमारी ने 19 रन बनाए। शिमला की प्राची चौहान, निकिता चौहान, कशिश वर्मा, नेहा ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। शिमला की टीम ने 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। निकिता चौहान ने 21 रन, कशिश वर्मा ने नाबाद 63 रन, जबकि देवाशी वर्मा ने 40 रन बनाए। किन्नौर की वंशिका ठाकुर ने एक विकेट प्राप्त किया। शिमला ने किन्नौर को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई।

### माकड्रिल कर प्रशासन लेगा तैयारियों का जायजा

**गगरेट।** बरसात के मौसम में पिछले साल हिमाचल प्रदेश को मिले कभी न भूल सकने वाले जख्मों से सबक लेकर प्रशासन इस बार बरसात का मौसम शुरू होने से पहले ही सारी तैयारियां पूरी करने में जुट गया है। इसके लिए प्रशासन शुक्रवार को प्रशासन माक ड्रिल के सहारे अपनी तैयारियों की समीक्षा करेगा। उपमंडल गगरेट में सोमभद्रा नदी में बाढ़ आ जाने की सूरत में तैयारियों को लेकर माक ड्रिल की जाएगी। वीरवार को इस माक ड्रिल को लेकर एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के साथ तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को टटेहड़ा गांव के साथ सटी सोमभद्रा नदी में बाढ़ आ जाने की सूरत में बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकालने को लेकर माकड्रिल की जाएगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहर
## विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

### सूचना

ग्राम पंचायत डीहर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करवाए जाने वाले सभी विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु जीएसटी धारक फर्मों/सप्लायर/ठेकेदार से सील बंद निविदाएं आमंत्रित करती है। सामग्री ढुलाई हेतु ट्रैक्टर, मिक्सचर, शटरिंग, पानी का टैंक/टैंक स्टैंड की निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत डीहर में दिनांक 24.06.2024 को सायं 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 25.06.2024 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। अन्य सामग्री हेतु निविदाएं दिनांक 20.06.2024 तक सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में पहुंचानी आवश्यक हैं। अन्य सामग्री के लिए निविदाएं दिनांक 21.06.2024 को सुबह 11:00 बजे खोली जाएंगी। सामग्री की तय दर में जीएसटी सम्मिलित होना आवश्यक है। यदि सामग्री समय पर नहीं पहुंचाई जाती है या गुणवत्ता/मात्रा सही नहीं पाई जाती है या बताई गई जगह पर नहीं पहुंचाई जाती है तो निविदा को रद्द कर दिया जाएगा। ट्रैक्टर की आरसी, फिटनेस सर्टीफिकेट, कॉमर्सियल सर्टीफिकेट होना अनिवार्य है। (संलग्न फोटोकॉपी) अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा।। कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

| क्रं. | सामग्री का ब्यौरा | मूल्य इकाई |
|---|---|---|
| 1. | क्रशर बजरी (10,20,40एमएम) धुला रेत, रेत क्रशर, स्टोन डस्ट, स्टोन सोलिंग (केवल स्टोल क्रशर की निविदाएं) ही मान्य होंगी M/W form सहित Including GST | प्रति क्यूबिक मीटर M- Form सहित |
| 2. | इंटरलोक टाइल पेवर 40,60एमएम, फ्लोर टाइल (ISI Certified) GST सहित रंगदार टाइल की कुटेशन अलग से दी जाएगी। Including GST | प्रति पेवर एवं प्रति बॉक्स with area in squar foot, per liter |
| 3. | ईंट प्रथम व द्वितीय श्रेणी जीएसटी एफ.ओ.आर. सहित | प्रति ईंट |
| 4. | सरिया, जीआई शीट, स्टील एंगल/चैनल/रोलिंग/ पत्ती एफ.ओ.आर. सहित | प्रति वर्ग फुट |
| 5. | शटरिंग स्टील व लकड़ी | प्रति वर्ग फुट |
| 6. | जेसीबी मशीन किराया | प्रति घंटा |
| 7. | पानी का टैंक व किराया प्रति दिन स्टोरेज क्षमता दर्शाते हुए | प्रति टैंक/प्रति दिन |
| 8. | मिक्सचर डीजल सहित | प्रति दिन |
| 9. | सीमेंट किराया बंगाणा से कार्यस्थल तक लोडिंग अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |
| 10. | पब्लिक सूचना बोर्ड, वाल पेंटिंग व राईटिंग | प्रति यूनिट |
| 11. | पीवीसी पाइप 2 इंच, 2.5 इंच, 3 इंच, 4 इंच, 62 इंच, आईएसआई सर्टीफाईड | प्रति फुट |
| 12. | आरसीसी पाइप | प्रति फुट |
| 13. | दरवाजे, खिड़की, रोशनदान लोहे व लकड़ी | प्रति किलोग्राम प्रति वर्ग फुट |
| 14. | वेल्डिंग वर्क जनरेटर/बिजली सहित | प्रति किलोग्राम प्रति वर्ग फुट |
| 15. | Laptop, Printer, Office with F.O.R. | प्रति वस्तु |
| 16. | डस्टबीन | प्रति वस्तु माप सहित |

**प्रधान ग्राम पंचायत डीहर**
**विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)**



# न्यूज ब्रीफ

## क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर के पैर की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की सर्जरी हुई है। शार्दुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने दाहिने पैर में प्लास्टर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल में खेलने के बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी, जिसमें उनके टखने में दर्द था। शार्दुल ठाकुर की सर्जरी उसी चिकित्सक ने की थी, जिसने पहले मोहम्मद शमी का ऑपरेशन किया था। शार्दुल ठाकुर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं, जिसका मतलब है कि इस सर्जरी पर होने वाले सभी खर्च बोर्ड उठाएगा। तेज गेंदबाज मौजूदा भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। भारतीय घरेलू सत्र तीन महीने में शुरू होने वाला है, जो क्रिकेट में उनकी वापसी का रास्ता हो सकता है। शार्दुल ठाकुर की इससे पहले 2019 में सर्जरी हुई थी। उन्होंने आखिरी बार पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस सर्जरी से उनके ठीक होने में लगभग आठ सप्ताह लगने की उम्मीद है।

## अमेरिका को लगी पांच रन की पेनल्टी

**न्यूयॉर्क।** टी-20 मैचों को तेजी से खत्म करने के लिए नए 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया गया है। अमेरिका पहली टीम बनी जिसे इस नियम के तहत पेनल्टी लगी। ये पेनल्टी तब लगती है जब फील्डिंग करने वाली टीम लगातार तीन बार एक मिनट के अंदर-अंदर अगला ओवर शुरू नहीं कर पाए। पेनल्टी के रूप में बल्लेबाजी करने वाली टीम को 5 रन मिलते हैं, जोकि 12 जून को अमेरिका के खिलाफ भारत को मिले थे।

## मुश्किल में मेरा प्रदर्शन बेहतर होता : जरीन

**नई दिल्ली।** ओलंपिक के शुरुआती चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने को लेकर बेफिक्र दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने कहा कि जब उन्हें मुश्किल ड्रा मिलता है तो वह बेहतर प्रदर्शन करती हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान 50 किलोग्राम भार वर्ग में पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया था। जरीन ने कहा, ''ओलंपिक में वरीयता या रैंकिंग का कोई मायने नहीं होता है। यहां सब कुछ कौशल और आपकी किस्मत पर निर्भर करता है। मुझे नहीं पता कि पहले दौर में या दूसरे दौर में मेरा सामना किससे होगा।'' उन्होंने कहा, ''वरीयता ज्यादा मायने नहीं रखती क्योंकि ऐसे कई मुक्केबाज हैं जो वरीयता के बाद भी पदक नहीं जीत पाते। मैंने यह भी देखा है कि जब भी मुझे कठिन ड्रा मिलता है तो मैं उस समय अच्छा प्रदर्शन करती हूं।''



## खेल मंत्री ने ओलंपिक की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा, ''आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।'' आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और उन्होंने कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

## बेहतर बल्लेबाज भी बनना चाहता हूं: अर्शदीप

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इन दिनों अपनी गेंदबाजी से कहर बरपा रहे हैं, लेकिन वह इतने से ही संतुष्ट नहीं हैं और निचले क्रम का विश्वसनीय बल्लेबाज बनना चाहते हैं जिसके लिए बल्लेबाजी को विक्रम राठौर के साथ कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। अर्शदीप ने कहा,''हम हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करते हैं। हम सभी विभागों फिर चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण, में बेहतर बनने का प्रयास करते हैं क्योंकि आप नहीं जानते कि टीम को कब आपसे कुछ रन की जरूरत पड़ जाए।'' भारत को ग्रुप ए का अपना अंतिम मैच कनाडा के खिलाफ फ्लोरिडा के लाडरहिल में खेलना है। इसके बाद टीम सुपर-8 के मैच खेलने के लिए वेस्टइंडीज जाएगी।

## नागल पेरुजिया चैलेंजर क्वार्टर फाइनल में



मुकाबले के दौरान शॉट खेलते सुमित नागल।

**पेरुजिया।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पेरुजिया चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय ने गैर-वरीय स्थानीय खिलाड़ी एलेसेंड्रो जियानेसी को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले शानदार वापसी करते हुए 0-6, 7-5, 7-6 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह जर्मनी में हेइलब्रॉन चैलेंजर जीतकर पेरिस ओलंपिक में एकल वर्ग का टिकट पक्का किया था। नागल के सामने अंतिम-8 में पोलैंड के मैक्स कास्निकोवस्की और क्रोएशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच के बीच होने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल के विजेता की चुनौती होगी। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया और हर्जेगोविना के गैर-वरीय नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में 7-6, 6-2 से जीत हासिल की थी।

# अर्शदीप ने तोड़ा अश्विन का पुराना रिकॉर्ड

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी-20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने अमेरिका के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था।

हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिन्होंने 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिया था। अर्शदीप को सबसे ज्यादा फायदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले से मिला।

उन्होंने खेल के पहले ही ओवर में अमेरिका को दोहरा झटका दिया, जब उन्होंने शायन जहांगीर को शून्य पर और एंड्रीस गौस को 2 रन पर आउट कर दिया, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। हालांकि इसके बाद स्टीवन टेलर और नितीश कुमार ने यूएसए को मैच में वापसी दिलाई, रोहित यहां फिर से अर्शदीप को आक्रमण पर वापस लाए और उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज नितीश को 27 रन पर आउट कर दिया, जिससे यूएसए की टीम ने 81 रनों पर 5 विकेट खो दिए। अर्शदीप ने हरमीत सिंह को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया और उन्होंने 4/9 के आंकड़े के साथ अपने स्पैल का समापन किया।



विकेट लेने के बाद सूर्यकुमार यादव के साथ खुशी व्यक्त करते अर्शदीप सिंह।

## यदि हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता : जोन्स



**न्यूयॉर्क।** टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मिली 7 विकेट से हार के बाद अमेरिका के कार्यवाहक कप्तान एरोन जोन्स ने कहा कि यदि उनकी टीम ने कुल 130 रन बनाए होते तो 'मेन इन ब्लू' के लिए यह एक कठिन लक्ष्य होता। जोन्स अपनी टीम के गेंदबाजी प्रयासों से खुश थे, क्योंकि उन्होंने भारत को हर रन के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। जोन्स ने कहा, 'हम 10-15 रन कम रह गए। अगर हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता।'

## सुपर 8 चरण के लिए क्वालाफाई करना बड़ी राहत : रोहित शर्मा



**न्यूयॉर्क।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण के लिए क्वालाफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। रोहित ने कहा, 'यह बड़ी राहत की बात है, यहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं था। हमें तीनों मैचों में अंत तक डटे रहना था। इन जीत से हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा।' 111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है।

## न्यूयॉर्क में बल्लेबाजी करना रणजी ट्रॉफी जैसा था: दुबे

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारत में सपाट पिचों पर बल्लेबाजी करने के आदी हरफनमौला शिवम दुबे ने स्वीकार किया कि यहां टी-20 विश्व कप मैचों के दौरान दो गति वाली पिचों से सामंजस्य बैठाने में उन्हें काफी परेशानी हुई। दुबे ने कहा कि इन पिचों से उन्हें ऐसा लग रहा था कि वह रणजी ट्रॉफी खेल खेल रहे हों।

चेन्नई सुपर किंग्स के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने 35 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेल भारत की सात विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

दुबे ने कहा, ''मैं फॉर्म से जूझ रहा था और प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। सभी सहयोगी स्टाफ और कोच ने मेरा समर्थन किया और मुझसे कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन तुम्हारे पास छक्के मारने की क्षमता है, इसलिए कोशिश जारी रखो'।''



# अफगानिस्तान की नजरें सुपर-8 में जगह पक्की करने पर

**एजेंसी, टरूबा (त्रिनिदाद)**

अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर-8 का टिकट पक्का करने की होगी।

अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर-8 में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी। इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमश: सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए।

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। अफगानिस्तान की टीम अपना हरफनमौला खेल जारी रखते हुए एक और दमदार जीत दर्ज करना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा।



अफगानिस्तान के खिलाड़ियों की फाइल फोटो।

# शाकिब को पछाड़कर नंबर-1 टी-20 ऑलराउंडर बने नबी

**एजेंसी, दुबई**

टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान की मजबूत शुरुआत ने टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग को नया रूप दिया है, जिसमें अनुभवी स्टार मोहम्मद नबी रैंकिंग में नंबर-1 ऑलराउंडर के रूप में शीर्ष पर हैं।



गयाना में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट लेने वाले मोहम्मद नबी ने टी-20 ऑलराउंडर लिस्ट में नंबर एक स्थान हासिल किया। दो स्थान की बढ़त हासिल करने वाले नबी ने पिछले शीर्ष स्थान पर काबिज शाकिब-अल-हसन को पीछे छोड़ दिया, जो इस फेरबदल के बीच पांचवें स्थान पर खिसक गए।

ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ने भी इस बदलाव का फायदा उठाते हुए तीन स्थान की बढ़त के साथ नंबर-2 स्थान हासिल किया। रहमानुल्लाह गुरबाज, टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 12वें स्थान पर पहुंचा दिया है। इस बीच, भारत के सूर्यकुमार यादव ने भी बढ़त बनाए रखी है, जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं।

## मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा : लियोनेल मेसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अर्जेंटीना के दिग्गज फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने कहा कि मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी संभवत: उनके शानदार करियर का आखिरी क्लब बन सकता है। रिकॉर्ड आठ बार बैलन डीओर जीतने वाले मेसी अपने शानदार करियर के अंत के करीब हैं, लेकिन इससे पहले कि वह संन्यास लें, उनके पास अर्जेंटीना के साथ एक और कोपा अमेरिका खिताब जीतने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय और क्लब स्तर पर आगे बढ़ते रहने के साथ ही मेसी ने अपने भविष्य के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वह फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

मेसी ने कहा, 'मैं फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हूं, मैंने अपनी पूरी जिंदगी यही किया है, मैं प्रशिक्षण और खेलों का आनंद लेता हूं। यह डर हमेशा बना रहता है कि सब कुछ खत्म हो जाएगा। मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा।'

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 180 मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में 106 गोल किए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, स्कोरिंग चार्ट में उनसे आगे सिर्फ अली डेई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। इंटर मियामी के लिए उन्होंने एमएलएस में 18 मैचों में 13 गोल और 11 असिस्ट किए हैं।

इस साल की शुरुआत में, उन्होंने अपने शानदार करियर में तीसरी बार एर्लिंग हलांड और काइलियन एमबाप्पे को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष 2023 खिलाड़ी का खिताब जीता था।

## ओलंपिक कोटा देश का होता है खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

**मुंबई।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था,लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए।

## प्रणय ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम-16 में

**एजेंसी, सिडन**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी यगोर कोएल्हो को सीधे सेटों में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने अंतिम-32 मुकाबले के पहले गेम में आसान जीत दर्ज की जबकि दूसरे गेम में उन्हें कड़ी टक्कर मिली।

भारतीय खिलाड़ी ने 21-10, 23-21 से जीत दर्ज की। मिश्रित युगल में बी सुमीथ रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की पति-पत्नी भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के वोंग टिएन सी और लिम चिव सिएन को 21-17, 21-19 से हराया। पुरुष एकल में भारत के रघु मारिस्वामी, अभिषेक येलिगर, मिथुन मंजुनाथ और एस शंकर मुथुस्वामी को हार का सामना करना पड़ा।



समीर वर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी टैंग के खिलाफ 21-10, 21-10 से जीत दर्ज की जबकि किरण जॉर्ज ने कनाडा के शेंग शियाओडोंग को 21-17, 21-10 से हराया। महिला एकल में 41वीं रैंकिंग वाली भारत की आकर्षी कश्यप ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को आसानी से 21-14, 21-11 से हराया। मालविका बंसोड़ ने हमवतन केयूरा मोपति को 21-10, 21-8 से हराया।

## विश्व जूनियर शतरंज : दिव्या देशमुख की एकल बढ़त बरकरार

**एजेंसी, गांधीनगर**

अंतरराष्ट्रीय मास्टर और शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्या देशमुख ने विश्व जूनियर लड़कियों की शतरंज चैंपियनशिप के 10वें दौर में हमवतन साची जैन को हराकर आधे अंक की मामूली बढ़त बनाए रखी। दिव्या ने निचली रैंकिंग वाली साची के खिलाफ आक्रामक खेल से लड़कियों के वर्ग में पोडियम स्थान सुनिश्चित किया।

दिव्या के नाम 10 मैचों में नौ अंक है। एक दौर का खेल बचा है और वह अर्मेनिया की मरियम मकर्चियान से आधा अंक आगे है। मकर्चियान ने श्रीलंका की ओशिनी गुणवर्धन देविंड्या को हराया। इस बीच, दूसरी सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय गैंडमास्टर रक्षिता रवि ने अजरबैजान की नर्मिन अब्दिनोवा को हराकर पदक जीतने की अपनी संभावना को बरकरार बनाए रखी है।

वह 7.5 अंकों के साथ अजरबैजान की अयान अल्लाहवरदियेवा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। ओपन वर्ग में भारत के आदित्य सामंत ने इथान वैज को हराया।



## आईपीएल खिलाड़ी कामरान खान ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप 2024 के बीच आईपीएल इतिहास का पहला सुपर ओवर फेंकने वाले तेज गेंदबाज कामरान खान ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। बड़े-बड़े बल्लेबाजों को धूल चटा देने वाले कामरान खान एक समय भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार कहा जाता था, लेकिन गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले कामरान का देश के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 29 अप्रैल 2011 को खेला था। कामरान खान ने अपने संन्यास का ऐलान खुद सोशल मीडिया के माध्यम से किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कामरान खान ने लिखा, 'अलविदा आईपीएल और वह खेल जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। मेरे सभी कोचों, स्वर्गीय शेन वार्न सर, राजस्थान रॉयल्स और पुणे वॉरियर्स इंडिया और मेरे सभी दोस्तों और परिवार को धन्यवाद।'



राजस्थान के कप्तान शेन वार्न के साथ कामरान खान की फाइल फोटो।

राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच में मुनाफ पटेल, रवींद्र जडेजा, दिमित्री मैस्करेनहास और खुद कप्तान शेन वॉर्न ने 18 वर्षीय कामरान खान को सुपर ओवर सौंपकर सबको हैरान कर दिया था। वह भी तब जब सामने ब्रेंडन मैक्कुलम और क्रिस गेल जैसे दिग्गज थे। उस ओवर में कामरान ने 15 रन दिए थे।

**टी-20 विश्व कप**

## न्यूजीलैंड 13 रन से हारा, अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर

# शेरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज को सुपर-8 में पहुंचाया

**एजेंसी, टरूबा**

शेरफेन रदरफोर्ड की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी तथा अलजारी जोसेफ और गुदाकेश मोती की शानदार गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर-8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया।

वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप-सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। पूर्व उपविजेता और पिछली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 84 रन से हार गया था।

बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 13वें ओवर में उसका स्कोर 7 विकेट पर 76 रन था। रदरफोर्ड ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली तथा 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं।

उनकी इस पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जोसेफ ने 19 रन देकर चार जबकि गुदाकेश मोती ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए।



68 की नाबाद पारी रदरफोर्ड ने खेली

न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी-20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी, लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर-12 से बाहर हो गया था जबकि 2022 में वह गुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।

वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा,''यह शानदार जीत है। यह देखना शानदार रहा कि हमारे किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। रदरफोर्ड की पारी ने हमें आत्मविश्वास दिलाया।''

## गोल्फ : पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला, जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।



इस 85,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त 9वें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टेली सर्जरी से होगा दूरदराज के क्षेत्रों में उपचार

**नई दिल्ली।** देश की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली- 'एसएसआई मंत्र विकसित करने करने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन ने प्रणाली में तीसरे संस्करण का लोकार्पण किया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में शल्य क्रिया सर्जरी करना सरल होगा। सर्जिकल रोबोटिक्स के जनक डॉ. फ्रेडरिक मोल और कंपनी के अध्यक्ष डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने वीरवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह उन्नत रोबोटिक सर्जरी कम लागत और प्रभावी रूप से वैश्विक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो सर्जिकल रोबोटिक्स में एक बड़ी उपलब्धि है। इस संस्करण की रोबोटक सर्जरी प्रणाली में पांच रोबोटिक हाथ और एक इमर्सिव उडी एचडी हेडसेट है जो सर्जनों को बेजोड़ ऑप्टिक्स और परिदृश्य उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि 'एसएसआई मंत्र 3' की लागत कम है। इसका उद्देश्य भारत और दुनिया के सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के लिए उन्नत सर्जिकल तकनीकों को अधिक सुलभ बनाना है। इस अवसर पर इसरो सेटेलाइट सेंटर के पूर्व निदेशक और एसएसआईआई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरी भी मौजूद थे।

### जो बाइडेन प्रशासन पर मुकदमा दर्ज

**वॉशिंगटन।** अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो



बाइडेन के हालिया निर्देश को लेकर जो बाइडेन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडेन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाए गए कदम से बहुत अलग नहीं है, जिस पर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

### पेमा खांडू ने ली अरुणाचल के सीएम की शपथ



**इटानगर।** भाजपा नेता पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। वहीं चाउना मीन ने राज्य के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। साथ ही 10 अन्य विधायकों ने भी मंत्रिपद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में आयोजित किया गया। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा शामिल हुए।

### देश को अधिक सुरक्षित बनाने पर रहेगा जोर :राजनाथ

**नई दिल्ली।** देश की 18वीं संसद के गठन के बाद राजनाथ सिंह ने एक बार फिर



रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में उनका लक्ष्य देश को सुरक्षित रखने के अलावा आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाना होगा। इस तरह से वह देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान देने का लक्ष्य बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर मुझे रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। हमारी प्राथमिकताएं पहले की तरह ही रहेंगी। देश की सुरक्षा पर पूरा ध्यान रहेगा। हम एक मजबूत आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं। रक्षा विनिर्माण में हम आत्मनिर्भर होना चाहते हैं। हम 21,000 करोड़ से ज्यादा हथियार-सुरक्षा उपकरण का निर्यात कर चुके हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में इस आंकड़े को 50,000 करोड़ तक ले जाना है। हमें अपनी तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना और वायु सेना पर गर्व है।

### पाकिस्तान ने 17 फीसदी बढ़ाया रक्षा बजट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार को अपने रक्षा खर्च में 17.6 फीसदी की बढ़ोतरी की है। 2024-25 के बजट में 2,122 अरब रुपए आवंटित किए हैं। पाकिस्तान के ऊपर कर्जे बढ़े हुए हैं। नकदी की कमी को पूरा करने के लिए आईएमएफ से नए कर्जे हासिल करने के प्रयास में पिछले साल की तुलना में इस साल पाकिस्तान का रक्षा बजट उल्लेखनीय वृद्धि दिखाता है। हालांकि यह भारत के करीब भी नहीं है। भारत के डिफेंस बजट की बात करें तो 2024-25 में 6,21,540.85 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तानी वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने संसद के निचले सदन में बजट पेश किया। फरवरी के बाद सत्ता में आई पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी गठबंधन सरकार का पहला बजट है। पाकिस्तान ने पिछले साल 1804 अरब रुपए आवंटित किए थे। वहीं उससे पहले 1523 अरब रुपए आवंटित किए गए थे।

### 'हमारे बारह' फिल्म की रिलीज पर रोक

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बाराह' पर रोक लगा दी है। कोर्ट के फैसले से मेकर्स और टीम को बड़ा झटका लगा है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फिल्म रिलीज करने के अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट का कहना है कि फिल्म का टीजर बहुत आपत्तिजनक है। 14 जून को इस फिल्म को रिलीज किया जाना था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि फिल्म की रिलीज पर तब तक रोक रहेगी, जब तक कि बॉम्बे हाईकोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं ले लेता। फिल्म पर आरोप है कि यह इस्लामिक आस्था और भारत में विवाहित मुस्लिम महिलाओं के प्रति अपमानजनक है।

### चार आतंकियों के स्केच किए जारी



**जम्मू।** डोडा जिले में हुए आतंकी हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने वीरवार को चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। साथ ही इन आतंकियों की सूचना देने पर इनाम का ऐलान भी किया है। पुलिस ने इन आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए (प्रत्येक पर पांच लाख रुपए) का इनाम देने की भी घोषणा की। बुधवार को आतंकवादियों ने डोडा जिले के भद्रवाह इलाके के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की ज्वॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग कर दी। एक अन्य घटना में, आतंकवादियों ने गंडोह इलाके में एक तलाशी दल पर हमला किया, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

### एलन मस्क पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप



**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क पर एक बार फिर यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मस्क पर एक इंटर्न समेत अपने दो कर्मचारियों के साथ यौन संबंध बनाने और अपना बच्चे पैदा करने के लिए एक अन्य कर्मचारी से संपर्क करने का आरोप लगा है। मस्क ने टेस्ला और स्पेसएक्स में महिला कर्मचारियों के लिए माहौल प्रतिकूल हो गया है और वे स्वयं को असहज महसूस कर रही हैं। टेस्ला की महिला कर्मचारियों ने दावा किया है कि मस्क उन्हें अजीब नजरों से देखते थे। स्पेसएक्स की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने आरोप लगाया कि टेक अरबपति ने 2016 में सेक्स के बदले उसके लिए घोड़ा खरीदने की पेशकश की थी।

### अनंतनाग में आतंकी के सहयोगी की संपत्ति जब्त

**अनंतनाग।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक आतंकी सहयोगी की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई आतंकवाद से लड़ने और इन नापाक गतिविधियों को सक्षम करने वाले सहायक ढांचे को बाधित करने के लिए की गई है। पुलिस ने कहा कि लोहार सेन्जी गडोले निवासी आतंकी सहयोगी रियाज अहमद भट्ट के दो मंजिला आवासीय घर को कश्मीर के संभागीय आयुक्त के आदेश पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों के सहयोगियों की संपत्तियों को जब्त करने का उद्देश्य आतंकवादी अभियानों को वित्तपोषित करने और उन्हें सुविधा प्रदान करने की उनकी क्षमता को कमजोर करना है।

### ओडिशा में सीबीआई ने 67 जगहों पर की छापेमारी



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने ओडिशा पोस्टल रिक्रूटमेंट सर्टिफिकेट धोखाधड़ी मामले में 67 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। ग्रामीण डाक सेवक परीक्षा के लिए 63 उम्मीदवारों और डाक विभाग के अज्ञात अधिकारियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सीबीआई ने डाक सेवाओं, भुवनेश्वर, ओडिशा के निदेशक की एक शिकायत के बाद इतने बड़े स्तर पर जांच शुरू की है। छापेमारी की कार्रवाई में 204 अधिकारी जिसमें 122 सीबीआई से और 82 अलग-अलग विभागों के कर्मी शामिल हैं। सीबीआई ने कालाहांडी, नोपाड़ा, रायगाडा, नाबारनगपुर, कांधामाल, केंदुझर, मयूरभंज, बालासोर और भदरक जैसे इलाकों में छापा मारा है। सीबीआई की टीम फर्जी प्रमाणपत्रों को उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार गिरोह का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है।

# निफ्टी 23,400 के नीचे हुआ बंद

## कारोबार की शुरुआत में 23,481 अंक का नया ऑल-टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए वीरवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 204 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810 अंक और निफ्टी 75 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 23,398 पर बंद हुआ है। कारोबार की शुरुआत में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य बेंचमार्क ने 23,481 अंक का नया ऑल-टाइम हाई बनाया, लेकिन कारोबार के दौरान निफ्टी उच्च स्तर पर टिकने में कामयाब नहीं रहा। पिछले एक वर्ष से भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड बना हुआ है। इसका असर निफ्टी पर देखने को मिला है। निफ्टी ने बीते एक महीने में 5.88 प्रतिशत, छह महीने में 11.84



प्रतिशत, इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 7.65 प्रतिशत और पिछले एक साल में करीब 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। निफ्टी में तेजी के पीछे की वजह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती, देश में स्थिर सरकार और कॉरपोरेट की आय में बढ़ोतरी होना है। छोटे और मझोले शेयरों में भी तेजी का ट्रेंड बना हुआ है।

कारोबारी दिन में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 426 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 54,652 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 119 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 17,908 अंक पर बंद हुआ। इंडिया विक्स में 6.32 प्रतिशत की गिरावट हुई है और यह 13.48 पर था। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, फार्मा, रियल्टी, इन्फ्रा और पीएसई बढ़कर बंद हुए हैं। एफएमसीजी, मीडिया और निजी बैंक के इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में 30 में से 21 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। एमएंडएम, टाइटन, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट और विप्रो टॉप गेनर्स थे।

एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका और भारत में महंगाई कम होने से बाजार को सहारा मिला है। हालांकि, उम्मीद की जा रही थी कि फेड 2024 में कम से कम दो बार ब्याज दर में कमी करेगा, लेकिन अमेरिका के केंद्रीय बैंक द्वारा स्पष्ट किया जा चुका है कि 2024 में ब्याज दर में एक ही बार कटौती होने की संभावना है। इस वजह से बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ है।

## कुवैत अग्निकांड : मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख देगी केंद्र सरकार

**एजेंसी, मंगफ (कुवैत)**

कुवैत की दक्षिणी अहमद गवर्नेट के मंगफ इलाके में बहुमंजिला रिहायशी इमारत की निचली मंजिल में आग लगने से अब तक मारे गए 42 भारतीयों के शव एयरफोर्स वन से वापस लाए जाएंगे। मृतकों में 12 केरल और 5 तमिलनाडु से थे।

अन्य मृतक पाकिस्तान, फिलिपींस, मिस्र और नेपाल के हैं। हादसे के बाद भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कुवैत पहुंचकर हालात का का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इमारत में आग लगने की वजह से कुछ शव इतनी बुरी तरह से जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है।

इस बीच केंद्र सरकार ने मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, केरल सरकार ने पांच-पांच लाख देने का ऐलान किया। कुछ मृतकों की



पहचान हो गई है। इनमें आकाश एस नायर (23) पंडालम, अमरुद्दीन शमीर (33) कोल्लम पोयापल्ली, स्टेफिन अब्राहम सबू (29) कोट्टायम, केआर रंजीत (34) केलू पोनमलेरी (55) कासरगोड, पीवी मुरलीधरण, साजन जॉर्ज, लुकोस (48), सजू वर्गीज (56) कोन्नी, थोमस ओमन तिरुवला, विश्वास कृष्णन कन्नूर, नूह और एमपी भहुलायान, मल्लपुरम, श्रीहरि प्रदीप कोट्टायम तथा मैथ्यू जॉर्ज शामिल हैं।

## आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी

**एजेंसी, जम्मू**

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में गुरुवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया।

पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

## देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट किया है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसलिए अभी अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जमाखोरी रोकने और कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी नजर रख रही है। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है।

## जी7 : यूक्रेन की फंडिंग के लिए रूस की जब्त संपत्तियों का हो सकता है इस्तेमाल

**रोम।** जी-7 के देश रूस की फ्रीज की गई संपत्तियों के जरिए जुटाए गए अरबों डॉलर की रकम का इस्तेमाल यूक्रेन की मदद के लिए कर सकते हैं। इटली में चल रहे जी-7 के सम्मेलन में इस पर सहमति बन सकती है। इस मामले में अमेरिका की ओर से की गई पेशकश के मुताबिक इन संपत्तियों के इस्तेमाल से हर साल यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर इकट्ठा किए जा सकते हैं।

अमेरिका ने रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों का भी प्रस्ताव रखा है। जी-7 की बैठक में गाजा में चल रहे युद्ध, लोगों के विस्थापन, आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा हो सकती है। सदस्य देशों में से कुछ के नेताओं को घरेलू मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन शामिल हैं।

## पीओके में चीनी परियोजनाओं का विरोध करेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में अनुचित रूप से परियोजनाओं की घोषणा किए जाने पर आज गहरी आपत्ति व्यक्त की और चेतावनी दी कि भारत के अविभाज्य हिस्से में किसी भी अनुचित गतिविधि का दृढ़ता से विरोध किया जाएगा।

चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को लेकर अनुचित संदर्भ पर मीडिया के सवालों के जवाब में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने चीन और पाकिस्तान के बीच 7 जून के संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को नोट किया है। इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है।'

## संघ के मुखपत्र ने एनसीपी को एनडीए में शामिल करने पर उठाए सवाल

**एजेंसी, महाराष्ट्र**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को बीजेपी और शिवसेना सरकार में शामिल किए जाने पर सवाल उठाया है। आरएसएस ने अपने मुखपत्र में लिखा है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) को बीजेपी-शिवसेना सरकार में शामिल करना गलत कदम था। इससे भाजपा के

RSS
राष्ट्रीय स्वयंसेवी संघ

कार्यकर्ता आहत हुए हैं।

स्तंभकार और आरएसएस सदस्य रतन शारदा ने आरएसएस के मुखपत्र में लिखा है कि सथानीय नेताओं को दरकिनार कर कई लोकसभा सीटों पर 'दलबदलू' नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया। दलबदलू नेताओं को टिकट देने के लिए अच्छे सांसदों को अनदेखा किया गया।

इस लेख पर एनसीपी के प्रवक्ता उमेष पाटिल ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऑर्गनाइजर आरएसएस का आधिकारिक मुखपत्र नहीं है और आरएसएस के विचारधारा को नहीं दर्शाता है। मुझे नहीं लगता बीजेपी के बड़े नेता इस लेख से सहमत होंगे।

## एस-400 मिसाइल सिस्टम से खुली रूस की पोल

**नई दिल्ली।** दुनिया में एस-400 मिसाइल सिस्टम को सर्वश्रेष्ठ बताने वाले रूस की पोल खुल गई है, क्योंकि यूक्रेन ने रूस के इन मिसाइलों को मार गिराया है। यूक्रेन ने अमेरिका से मिले रॉकेट की मदद से क्रीमिया पर हमला किया था, इसमे कई एस-400 सिस्टम को तबाह कर दिया। भारत ने भी रूस से एस-400 मिसाइलें खरीदी हैं। यूक्रेन की सेना ने 10 आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम रॉकेट से क्रीमिया पर हमला किया था। इसमें रूस के एस-400 सिस्टम के 2 लॉन्चर और एक रडार तबाह हो गए। 4 फाइटर जेट भी इसमें नष्ट हो गए। रूस एस-400 सिस्टम को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताता है और भारत ने भी करीब 5 खरीदे हैं।

## कांगो में नदी में नाव डूबी 80 लोगों की गई जान

**एजेंसी, किंशासा**

**डेमोक्रेटिक** रिपब्लिक ऑफ कांगो में एक नदी में नाव के डूबने से 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार को माई-नदोम्बे प्रांत में क्वा नदी में हुआ। नाव पर 100 से ज्यादा लोग सवार थे। राष्ट्रपति फेलिक्स सिसिकेदी ने कहा कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटना फिर से नहीं हो, इसलिए हादसे की जांच का आदेश दिया गया है।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति ने पीड़ित परिवार के लोगों को अपना शोक संदेश भेजा है और अधिकारियों को आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया है।



माई-नडोम्बे प्रांत की गवर्नर रीता बोला दुला ने रॉयटर्स को बताया कि यह घटना रात में नौकायन के कारण हुई। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच हो रही है। यहां पर अक्सर नावों से यात्रा करने के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है और लोग अकसर क्षमता से अधिक सामान के साथ यात्रा करते हैं।

## घुसपैठ से 90 का दशक दोहराने की साजिश रच रहा पाकिस्तान

**अशोक ठाकुर, कठुआ**

जम्मू-कश्मीर में पिछले 34 साल में ड्रोन ड्रॉपिंग से लेकर सुरंगें, तारबंदी काटने, आत्मघाती हमलों की सभी साजिशों में विफल रहने के बाद पाकिस्तान ने अब एक बार फिर नब्बे का दशक दोहराने की साजिश रच रहा है।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीजफायर की आड़ में पाकिस्तान ने हाल फिलहाल में बड़े पैमाने पर आतंकियों की घुसपैठ करवाई है। इसकी तस्दीक बसंतगढ़ और अब कठुआ के सैडा सोहल व भद्रवाह के छत्रगलां टॉप पर आतंकी हमलों और मुठभेड़ से भी हो जाती है। जम्मू संभाग के पहाड़ी इलाकों में आतंकी जंगलों को



पनाहगाह बना रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को यह भी शक है कि स्थानीय स्तर पर भी बिना इनके सीधे संपर्क में आए स्लीपर सेल इनकी मदद कर रहा है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिहाज से खतरे की बड़ी घंटी है। ऐसे में आतंकियों के साथ-साथ मददगारों या स्लीपर सेल का सफाया भी बड़ी चुनौती रहेगी। नब्बे के दशक में पाकिस्तान की ओर से अंतराष्ट्रीय सीमा के रास्ते आतंकी घुसपैठ करवाई जाती थी। घुसपैठ के लिए सीमा पर लगी तारबंदी को काटना, नदी-नालों के जरिए घुसपैठ की कोशिशें होती रहीं। आतंकी कश्मीर घाटी को जाने के लिए कठुआ और ऊधमपुर जिले में दरिया और पहाड़ उनके लिए राह बनते थे।

इसके बाद पहाड़ी चोटियों पर पुलिस पोस्ट से पिछले ढाई दशक में पाकिस्तान ने कई पैंतरे बदले। घुसपैठ के बाद आईबी से सटे इलाकों में पुलिस और सैन्य पोस्टों पर आत्मघाती हमलों का दौर शुरू किया। इसके बाद पाकिस्तान ने सुरंगों के जरिए घुसपैठ शुरू करवाई। (अनंत ज्ञान)

## हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले में 10 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतू तिर्की सहित 10 अभियुक्तों के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने संज्ञान लिया। इन आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम होने के बाद मुकदमे की सुनवाई होगी। आरोपियों में कोलकाता स्थित रजिस्ट्रार ऑफ इश्योरेंस के ऑफिस के दो कर्मी संजीत कुमार एवं तापस घोष, हजारीबाग निवासी डीड राइटर मो. इरशाद, जमीन कारोबारी अफसर अली, प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन एवं बिपिन सिंह शामिल हैं। इन सभी को ईडी ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। बाद में एजेंसी ने झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित कई अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की थी।

## सिक्किम में भारी बारिश से पांच लोग बहे, जनजीवन प्रभावित

**एजेंसी, गंगटोक**

सिक्किम के उत्तरी हिस्से में बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश से मंगन और जांगु क्षेत्र में जान-माल की व्यापक क्षति हुई है।

अम्बीथांग और पाकसेप में भारी बारिश के बीच कम पांच लोग बह गए हैं और एक शव बरामद किया गया है। जांगु और नामपथांग में भूस्खलन से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भूस्खलन की चपेट में



आकर कई सड़क मार्ग भी टूट गए हैं, जिससे यातायात बाधित हो गया है। सांकलांग में पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। बिजली और मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है।

- **एक शव बरामद, जांगु और नामपथांग में भूस्खलन से कई घर क्षतिग्रस्त**

**रिपोर्ट** 13 प्रतिशत की कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट से हुआ इजाफा, दो साल में बने 8.25 लाख नए घर

## देश के टॉप 7 शहरों में बढ़े प्रॉपर्टी के रेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दो साल में भारत के शीर्ष सात दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और गुरुग्राम में प्रॉपर्टी की कीमत में 13 प्रतिशत की कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट से इजाफा हुआ है।

रियल एस्टेट कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो साल में 8.25 लाख नए घर लांच हुए हैं।

वहीं, इस दौरान 8.72 लाख घरों की बिक्री हुई है। महंगाई के दौर में अपनी वेल्थ को बनाने और बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एक अच्छे हेज



के रूप में उभरा है। जनसंख्या बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले समय में भी प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़त जारी रह सकती है। एनारॉक कैपिटल के प्रबंधक निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि जून 2019 में औसत एक स्क्वायर फुट का दाम 5,600 रुए था, जो वित्त वर्ष 2024 के अंत में बढ़कर 7,550 रुपए प्रति स्क्वायर फुट हो गया है। 2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं। पिछले दो वर्षों में 13 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई 1.3 प्रतिशत गिरकर 5.4 प्रतिशत रह गई है। यह दिखाता है कि रियल एस्टेट महंगाई को आउटपरफॉर्म कर रहा है।

**रियल एस्टेट महंगाई को आउटपरफॉर्म कर रहा**

2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं। पिछले दो साल में 13 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई 1.3 प्रतिशत गिरकर 5.4 प्रतिशत रह गई है। यह दिखाता है कि रियल एस्टेट महंगाई को आउटपरफॉर्म कर रहा है।

## मोदी है तो महंगाई है, उनके पास नहीं कोई समाधान : जयराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने खाद्य वस्तुओं की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी है तो महंगाई है। मोदी के पास महंगाई से जुड़े संकट का कोई समाधान नहीं है।



खाद्य उत्पादों की कीमतों में मामूली कमी आने से खुदरा मुद्रास्फीति मई के महीने में एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई और यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी रही। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में जनवरी से ही जारी गिरावट का सिलसिला मई में भी कायम रहा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 8.70 प्रतिशत से थोड़ा ही कम है। रमेश ने कहा कि चार महीनों से खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत से अधिक है। दालों की महंगाई दर पिछले एक वर्ष में लगातार दोहरे अंक में है, जो 10 प्रतिशत से ज्यादा है। मई में कीमतें 17.14 प्रतिशत बढ़ी हैं।